भोपाल

शनिवार, 11 अक्टूबर 2025

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-05

वर्ष : 12, अंक : 192

पृष्ठ : 12 मूल्य : 4 .00 **

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम

अधि. 28

न्यून. 18

ट्रंप रह गए खाली हाथ, वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को मिला

**शांति का नोबेल**





# दुनिया में फिर चली गांधी की आंधी, मारिया 'बापू' की कट्टर अनुयायी, वे बढ़ते अंधकार के बीच लोकतंत्र की लौ जलाए हैं

**वेनेजुएला की आयरन लेडी हैं मचाडो, वे अपने ही देश में छिपकर रह रही हैं**

**8** देश ट्रंप को नोबेल के लिए नॉमिनेट कर चुके थे, जिसमें पाकिस्तान, इजराइल, अमेरिका, आर्मेनिया, अजरबैजान, माल्टा, कंबोडिया और अर्जेंटीना जैसे देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस साल के नोबेल शांति पुरस्कार का ऐलान हो गया है। मरिया कोरिना मचाडो को यह सम्मान मिला है। इसी के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस पुरस्कार से चूक गए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार शुक्रवार को वेनेजुएला की मुख्य विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को प्रदान किया गया, जो फिलहाल अपने ▶▶ शेष पेज 6 पर



## मैं यह पुरस्कार राष्ट्रपति ट्रंप को समर्पित करती हूं

इस सम्मान के बाद मचाडो के पहले बयान ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उन्होंने इस पुरस्कार को वेनिजुएलावासियों' के साथ-साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी समर्पित किया है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में मचाडो ने लिखा कि आज हम जीत की दहलीज पर हैं और पहले से कहीं ज्यादा हम राष्ट्रपति ट्रंप, संयुक्त राज्य अमेरिका के लोग, लैटिन अमेरिका के लोगों और दुनिया के लोकतांत्रिक देशों पर स्वतंत्रता और लोकतंत्र प्राप्त करने के लिए अपने प्रमुख सहयोगियों के रूप में भरोसा करते हैं। मैं यह पुरस्कार ▶▶ शेष पेज 6 पर

**सिवनी में** हवाला के करीब 3 करोड़ रुपए की बंदरबांट

# एसडीओपी नपीं, आईजी ने 10 पुलिसकर्मियों को किया सस्पेंड

**करीब 3 करोड़ रुपए जब्त किए थे, रिपोर्ट में जब्ती सिर्फ एक करोड़ 45 लाख रु. की दिखाई**

**जबलपुर एएसपी आयुष गुप्ता मामले की जांच करेंगे तीन दिन में रिपोर्ट देंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिवनी के बंडोल एसडीओपी और थाना प्रभारी को हवाला के डेढ़ करोड़ रुपए दबाने के मामले में डीजीपी कैलाश मकवाना ने सस्पेंड कर दिया है। अफसरों ने नागपुर के शख्स से करीब 3 करोड़ रुपए ▶▶ शेष पेज 6 पर



पूजा पांडे

## एक करोड़ 45 लाख रुपए मिले : एसपी

सिवनी एसपी सुनील कुमार मेहता ने बताया कि कार में एक करोड़ 45 लाख रुपए मिले थे। पुलिसकर्मियों ने जब्ती बनाने में विलंब किया। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी। इसके बाद यह कार्रवाई की गई है। आईजी ने तीन दिन में रिपोर्ट मांगी है।

**राजधानी की** पुलिस की यह बर्बर करतूत

मृतक डीएसपी का साला, दोनों पुलिसकर्मी सस्पेंड

# कार में पार्टी करते युवकों को पुलिस ने पाइप से बेरहमी से पीटा, मौत हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी स्थित इंद्रपुरी में दो पुलिसकर्मियों की मारपीट से डीएसपी के साले की मौत हो गई। दरअसल, डीएसपी का साला गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात अपने दोस्तों के साथ कार में बैठकर पार्टी कर रहा था, तभी पुलिसकर्मी पहुंच गए और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट से तबीयत बिगड़ने पर दोस्त उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ▶▶ शेष पेज 6 पर



उदित गायकी

## उदित ने हाल ही में बीई किया था

उदित गायकी पिता राजकुमार गायकी (21) बैंक कॉलोनी अशोका गार्डन में रहता था। उसने इसी वर्ष इंजीनियर की पढ़ाई पूरी की थी और बेंगलुरु के एक कॉलेज में आगे की पढ़ाई के लिए एडमिशन लेने की तैयारी में था। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात वह स्कूल के पुराने दोस्तों के साथ इंद्रपुरी के एक गार्डन में कार में बैठकर पार्टी कर रहा था। इस दौरान रात करीब डेढ़ बजे चार्ली ▶▶ शेष पेज 6 पर

▶▶ पढ़ें पेज 03 भी






## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी करेंगे कृषि योजनाओं का शुभारंभ



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 11 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थानमें 35,440 करोड़ रुपए की विभिन्न कृषि योजनाओं की शुरुआत करेंगे। इसमें 24,000 करोड़ की प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना भी शामिल है। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे शुरू होगा। पीएम किसानों से संवाद करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना है।

### पैरा पावरलिफ्टर विनय ने जीता स्वर्ण पदक



**काहिरा।** भारत के उभरते पैरा पावरलिफ्टिंग स्टार विनय ने शुक्रवार को पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। विनय ने जूनियर वर्ग के 72 किग्रा वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। विनय ने अपने तीन प्रयासों में 137 किग्रा, 142 किग्रा और 147 किग्रा वजन उठाकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विनय अपने तीसरे प्रयास में 147 किग्रा वजन उठाया था, लेकिन रेफरी ने इसे अमान्य घोषित कर दिया।

25 बच्चों की मौत का जिम्मेदार 'कोल्ड्रिफ' का मालिक रंगनाथन परासिया कोर्ट में पेश, 10 दिन की रिमांड

**कफ सिरप कांड**




# रंगनाथन का रंग कितने 'नाथों' पर, अब खुलेंगे कई छिपे नाम

मौत का सौदागर रंगनाथन अब शिकंजे में है पर अभी सिरप कांड में कई और मौत के सौदागर हैं, जिन्होंने किसी लालच में बच्चों की मौत का सौदा किया था, उनके गिरहबान तक भी कानून के हाथ पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जहरीले कफ सिरप से 25 बच्चों की मौत के मामले में चेन्नई से गिरफ्तार दवा कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के मालिक गोविंदन रंगनाथन को एसआईटी ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया था। शुक्रवार को रंगनाथन को छिंदवाड़ा जिले के परासिया के कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान कोर्ट परिसर के बाहर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। इससे पहले रंगनाथन को चेन्नई से नागपुर तक मध्यप्रदेश एसआईटी की टीम फ्लाइट से लेकर पहुंची। नागपुर एयरपोर्ट से सुबह करीब ▶▶ शेष पेज 6 पर



किन अफसर व नेताओं ने किस एवज में सिरप को मंजूरी दी, पुलिस यह उगलवाएगी



### रंगनाथन ने कोर्ट में दी सफाई

**दवा सप्लाई 5 राज्यों में पर मौतें मप्र में**

एडीपीओ रतन धुर्वे ने बताया कि रंगनाथन ने स्वयं अपनी पैरवी की। उसने खुद को हाई बीपी और शुगर पेशेंट बताया। रंगनाथन के मुताबिक दवाई की सप्लाई 5 राज्यों में की गई लेकिन सिर्फ मप्र में नुकसान हुआ। ब्लड प्रेशर हाई होने के चलते रंगनाथन को डॉक्टर के पास ले जाया गया। इसके बाद उसे पुलिस अभिरक्षा में परासिया पुलिस थाने में रखा गया। फिर उसे कोर्ट में पेश किया गया।

### सुप्रीम कोर्ट ने सिरप कांड से जुड़ी याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जहरीली सिरप से बच्चों की मौत के मामलों पर सीबीआई जांच और देशभर में दवा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की मांग करने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति उज्जल भूयान और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

1 आरोपी पर कोर्ट में हमले की कोशिश वकीलों ने कहा-हत्यारे को फांसी दो

2 परासिया अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने कहा- न रंगनाथन की पैरवी करेंगे, न करने देंगे

3 मप्र एसआईटी शुक्रवार सुबह करीब पौने 7 बजे फ्लाइट से नागपुर एयरपोर्ट पहुंची, यहां से रंगनाथन को कार से छिंदवाड़ा लाया गया

4 परासिया थाने में अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात किया गया है, परासिया कोर्ट परिसर में भी भारी पुलिस बल ने संभाला मोर्चा

**उधर, अशोकनगर में** भी पुलिस की पिटाई से युवक की मौत

# 4 पुलिसकर्मी निलंबित टीआई भी लाइन अटैच

**मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश दिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर शाढ़ौरा थाने के ग्राम बमुरिया में एक 50 वर्षीय ग्रामीण की मौत के मामले में पुलिस की कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों और परिवारजनों द्वारा पुलिस कर्मियों पर हत्या के आरोप लगाए हैं। विरोध प्रदर्शन के बाद एसपी ▶▶ शेष पेज 6 पर

**करवा चौथ** चंद्रदर्शन के बाद सुहागिनों का पूरा हुआ व्रत



अरेरा कॉलोनी में सामूहिक रूप से करवा चौथ मनातीं महिलाएं

**भोपाल।** करवा चौथ का त्योहार भोपाल सहित देशभर में धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने शुक्रवार को सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक करवा चौथ का व्रत रखा। रात 8:47 बजे करवा माता की पूजा, आरती और कथा के बाद चांद को अर्घ्य अर्पित कर छलनी से पति का दीदार किया। इसके बाद व्रत पारायण किया। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी






**हाई कोर्ट से** मुस्लिम पक्ष को झटका, अनुरोध करने वाली याचिका खारिज

# गिराई गई 200 साल पुरानी मस्जिद नहीं बनेगी दोबारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने उज्जैन के महाकाल लोक परिसर के विस्तार के लिए प्रशासन के जमीन अधिग्रहण के बाद ढहाई गई करीब 200 साल पुरानी तकिया मस्जिद को फिर से बनाए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने मुस्लिम समुदाय के लोगों की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि धर्म का पालन करने के संविधानप्रदत्त ▶▶ शेष पेज 6 पर



**बैतूल में** आरएसएस प्रचारक से मारपीट का मामला

कार्रवाई में देरी करने के चलते एसपी ने की कार्रवाई

# पांच आरोपी गिरफ्तार, थाना प्रभारी लाइन अटैच, 2 सब इंस्पेक्टर सस्पेंड




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुलताई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के जिला प्रचारक शिशुपाल यादव के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है। एसपी वीरेंद्र जैन ने बताया कि कार्रवाई में देरी से करने के कारण दो सबइंस्पेक्टरों को सस्पेंड किया गया है और मुलताई टीआई देवकरण डेहरिया को लाइन अटैच कर दिया गया है। मुलताई में गुरुवार शाम उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब जिला प्रचारक शिशुपाल यादव के साथ एक समुदाय विशेष के ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पुलिस कर रही निगरानी

मौके पर कलेक्टर, एसपी, एसडीओपी, टीआई सहित भारी पुलिस बल पहुंचा। स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। घटना के बाद नगर के सभी संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की सख्त निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों ने देर रात तक गश्त जारी रखी। प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ हालात पर नजर बनाए हुए है।




## पति की दीर्घायु की कामना कर छलनी से किए पति के दर्शन

# करवा चौथः महिलाओं ने चंद्रमा को अर्घ्य देकर खोला अपना निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी पर शुक्रवार को अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर करवा चौथ पूजन की। रात करीब 8:47 बजे आसमान में जैसे चंद्रमा की झलक दिखाई दी। महिलाओं ने छलनी की ओट से दर्शन कर अर्घ्य दिया और पूजा कर पति की दीघार्यु के लिए प्रार्थना की। उसके बाद उसी छलनी से पतिदेव के दर्शन किए। इसके बाद पति के हाथ से अन्न जल ग्रहण कर करवा चौथ का निर्जला व्रत खोला।

पति की लंबी उम्र की कामना की। साथ ही सास-ससुर के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। तो वहीं कई जगहों पर सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि शुक्रवार सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत का संकल्प लिया। घरों में भगवान गणेश, कार्तिकेय व चौथ माता की पूजा-अर्चना की।

पूजन के साथ-साथ व्रतधारी महिलाओं ने सुहागिन महिलाओं को हल्दी कुमकुम लगाकर सुहाग की सामग्री भेंट की। अखंड सौभाग्य के लिए आशीर्वाद मांगा। देर शाम को व्रतधारी महिलाएं चांद निकलने का इंतजार करती नजर रहीं। इस दौरान बार-बार छतों पर खड़े होकर महिलाएं आसमान की ओर देखती नजर आईं।




### सुहागिनों ने करवे की पूजा कर सुनी कथा

सुहागिनों ने दुल्हन की तरह सजधज कर शिव-पार्वती और करवे की पूजा की। इस मौके पर उन्होंने पर्व से जुड़ी वीरावती की कथा भी सुनी। यहां हुए सामूहिक कार्यक्रम कुछ जगहों पर सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत टीला जमालपुरा के शीतला माता मंदिर,गुफा मंदिर,श्रीकृष्ण मंदिर तलैया। इसके अलावा राजधानी के कटारा हिल्स क्षेत्र गौरीशंकर परिसर में महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा चौथ की पूजा-पाठ की।

### सुहागिनों ने पूजा के बाद चांद देखकर जल ग्रहण किया

कोलार स्थित प्राइम एवेंयू कॉलोनी की सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए करवा चौथ का व्रत रखकर शाम को पूजा के बाद चांद को देखकर जल अर्पण कर व्रत तोड़ा। इस अवसर पर डॉ. विभा पांडे, विभा सिंह, सरिता सिंह, साधना सिंह ने भी पूजन कर करवा चौथ व्रत रखकर पति की लंबी आयु की कामना की।






## विश्व दृष्टि दिवस पर एम्स में हुआ कार्यक्रम

**भोपाल।** एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ. माधवानंद कर के नेतृत्व में विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम किया। नेत्र रोग विभाग की डॉ. भावना शर्मा ने मरीजों और परिजनों को आंखों की देखभाल के बारे में एक स्वास्थ्य वार्ता आयोजित की। डॉ भावना ने कहा कि नियमित जांच और स्वस्थ आदतें अपनाकर आंखों की बीमारियों से बचा जा सकता है। डॉ भावना ने 20-20-20 नियम को विस्तार से समझाया, जो लंबे समय तक मोबाइल या कंप्यूटर स्क्रीन देखने वाले लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी है।

महापौर मालती ने विधायक सबनानी के साथ घाटों-कुंडों का किया निरीक्षण

## छठ पूजा के लिए घाटों पर सभी व्यवस्थाएं हों बेहतर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छठ पूजा के लिए विभिन्न घाटों व कुंडों पर निगम द्वारा की जाने वाली सभी व्यवस्थाओं का शुक्रवार को महापौर मालती राय व विधायक भगवान दास सबनानी ने निरीक्षण किया। उन्होंने निगम द्वारा की जाने वाली सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्व बेहतर ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। महापौर राय ने सभी घाटों एवं पहुंच मार्गों के आसपास की झाड़ियों को कटवाकर बेहतर साफ-सफाई कराने, अस्थायी चेंजिंग रूम बनाने, पर्याप्त प्रकाश, पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। महापौर व विधायक ने नीलबड़, प्रेमपुरा, 05 नंबर स्टॉप, भीम नगर, शीतलदास की बगिया आदि घाटों-कुंडों का निरीक्षण किया तैयारियां देखीं।

बातें अनकही......आओ मानसिक स्वास्थ्य पर बात करें पर चर्चा

## मानसिक स्वास्थ्य पर बात करना जीवन को बेहतर बनाने की प्रक्रियाः डॉ. त्रिवेदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मानसिक स्वास्थ्य पर बात करना किसी कमजोरी की निशानी नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर बनाने की प्रक्रिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर 4 में से 3 लोगों को जीवन में कभी न कभी मानसिक परामर्श की आवश्यकता होती है। डिप्रेशन जैसे शब्दों का हल्के में उपयोग न करें, यह एक गंभीर मानसिक विकार है जो धीरे-धीरे विकसित होता है और जिसके इलाज संभव हैं।

उक्त बात मनोचिकित्सक डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की पूर्व संध्या पर संस्था आवाज, एम्स भोपाल (मनोविकार विभाग) और यंगशाला के संयुक्त तत्वावधान में बातें अनकही आओ मानसिक स्वास्थ्य पर बात करें विषय पर आयोजित पैनल चर्चा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता के रूप में एप्को सभागार में कही। इसके पहले एम्स, भोपाल के मनोविकार विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र सिंह ने कहा कि सही मार्गदर्शन और समर्थन से हर व्यक्ति अपनी जिंदगी को अधिक सहज और सशक्त बना सकता है। यूनिसेफ के बाल संरक्षण अधिकारी गोविन्द बेनीवाल ने कहा कि हम युवाओं के साथ भोपाल शहर में सेफ सिटी परियोजना के माध्यम से लगभग 300 बेयरफुट काउंसलर के साथ काम करते हैं और वे युवाओं, महिलाओं और बच्चों के साथ उनके मानसिक स्वास्थ्य पर काम करते हैं।

पैनल को तीन युवा साथियों गोपाल, साक्षी वर्मा और ईशा गंडोत्रा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर युवाओं के बीच एक स्पेशल मानवकद कठपुतली चरित्र मनचंगा को लांच किया गया। यंगशाला की संस्थापक रोली शिवहरे ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर युवाओं को जागरूक करने और एक सकारात्मक सन्देश देने के लिए इस परिचर्चा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रशांत दुबे ने किया।

### भारत में हर साल आत्महत्या करते हैं 1.7 लाख लोग

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आज कोहेफिजा स्थित भोपाल न्यूरो सायकिएट्रिक सेंटर एंड नर्सिंग होम में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 का आयोजन हुआ। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की इस वर्ष की थीम सेवाओं तक पहुंचः आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य है, जिस पर यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायिक सेवा के अधिकारी, मनोचिकित्सक, सर्जरी और मीडिया से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। उन्होंने आपदाओं और संकट की परिस्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता और अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनीत अग्रवाल, न्यायाधीश जिला एवं सत्र न्यायालय तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भोपाल रहे। सुनीत अग्रवाल ने मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017 के तहत मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के अधिकारों पर प्रकाश डाला।





हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 11 अक्टूबर 2025

11 भारत के नाम रहा दिल्ली टेस्ट का पहला दिन...

12 शहर में वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए असरदार...




### युवक की पिटाई का वीडियो वायरल, मामले में गैर इरातन हत्या का प्रकरण दर्ज

# केस नहीं बनाने के एवज में पुलिस कर्मियों ने मांगे थे दस हजार रुपए, नहीं देने पर बेरहमी से उदित से कर डाली मारपीट...मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित इंद्रपुरी में गार्डन के पास कार खड़ी कर पार्टी कर रहे डीएसपी के साले के साथ दो पुलिसकर्मियों ने बेरहमी से मारपीट कर दी। वह अपने दोस्तों के साथ कार में पार्टी कर रहा था, तभी गश्त करते हुए पहुंचे दो पुलिसकर्मियों ने मारपीट कर दी। मारपीट के बाद उसकी तबीयत बिगड़ी और करीब ढाई घंटे बाद एम्स में मौत हो गई। साथ मौजूद दोस्तों और परिजन ने आरोप लगाया है कि युवक की मौत पुलिसकर्मियों द्वारा की गई मारपीट से हुई है।




मामला आलाधिकारियों के संज्ञान में आते ही दोनों पुलिसकर्मियों में आरक्षक संतोष बामनिया और सौरभ आर्य को सस्पेंड कर दिया गया है। पुलिस को उदित की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट मिल गई है। रिपोर्ट में मौत का कारण पैंक्रियाज हेमरेज से होने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट के बाद पुलिस आरक्षक सौरभ के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज कर रही है। वहीं आरक्षक संतोष के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया जा सकता है।

जानकारी के अनुसार उदित गायकी पिता राजकुमार गायकी (21) बैंक कॉलोनी, अशोका गार्डन में रहता था। उसने वीआईपी कॉलेज सीहोर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की थी। बैंगलुरु और पुणे की कंपनी में अपना बायाडेटा भेजा। उसे जॉब का ऑफर था, लेकिन वह बैंगलुरु से आगे की पढ़ाई करना चाहता था। एडमिशन के लिए वह बैंगलुरु गया था। चार दिन पहले ही भोपाल लौटा था। गुरुवार को वीआईपी कॉलेज से डिग्री ली। डिग्री लेने के बाद दोस्तों के साथ कार से भोपाल लौटा। दोस्तों ने खजूरी में पार्टी की। रात में सभी कार से भोपाल आ गए थे। इंद्रपुरी में एक गार्डन के पास उन्होंने कार खड़ी की। वे कार में बैठकर पार्टी कर रहे थे। इसी बीच रात करीब डेढ़ बजे गश्त कर रहे पुलिस कर्मी आ गए।

### इंद्रपुरी की घटना, आलाधिकारियों ने दोनों पुलिसकर्मियों को किया सस्पेंड

### मृतक के परिजन बोले, समय पर अस्पताल पहुंचाते तो नहीं जाती जान, आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग



### घटना के समय कार में थे तीन दोस्त

उदित के दोस्तों ने बताया कि पुलिसकर्मी संतोष बामनिया और सौरभ आर्य की उन पर नजर पड़ गई। उस समय कार में तीन दोस्त ही थे, बाकि दोस्त घर चले गए थे। कार में घुस गए। कार में घुसते ही उन्होंने गाली-गलौज और झूमाझटकी शुरू कर दी। डर के कारण उदित कार से उतरकर गली की तरफ भागने लगा। पुलिसकर्मी उसका पीछा करते हुए गली में पहुंच गए। गली में पहुंचकर उन्होंने उदित के साथ पाइप से मारपीट की। दोस्तों ने उसे बचाया तो पुलिसकर्मियों ने केस बनाने की बात कही। केस नहीं बनाने की बात कहते हुए दोनों पुलिस कर्मियों ने दस हजार रुपए की मांग की थी। रकम देने से मना करने पर पुलिस कर्मियों ने बेरहमी से उदित से मारपीट कर दी।

### कार में बिगड़ी तबीयत

उदित के दोस्तों ने बताया कि उन्होंने अपना परिचय दिया था। उदित ने बताया था कि उसके जीजा केतन अडलक, हॉक फोर्स बालाघाट में डीएसपी हैं। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने समझाइश देकर उन्हें जाने दिया। मारपीट होने से उदित घबरा गया था। उदित को दोस्तों ने कहा कि आनंद नगर में एक पुलिसकर्मी परिचित हैं उनसे बातचीत करते हैं। उदित कार में पीछे वाली सीट पर बैठ गया। उसने कहा कि म्युजिक बंद कर दो और एसी की रफ्तार बढ़ा दो। दोस्त उसे टीआईटी कॉलेज की तरफ लेकर पहुंचे। कार में उदित के एक दोस्त का मोबाइल छूट गया था। वह मोबाइल देने के इरादे से आनंद नगर पहुंचे। इस दौरान उनका परिचित पुलिसकर्मी भी वहां पहुंच गया था।

### रास्ते में होने लगी थी उल्टी

उदित के दोस्तों ने बताया कि कार में टीआईटी कॉलेज की तरफ जाते समय उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। उसने दो तीन बार उल्टियां की और एक बार सड़क किनारे बैठकर उसने दीर्घशंका भी की। परिजन ने बताया कि उदित का बीपी बढ़ता था। यदि समय पर बीपी की गोली दे दी जाती तो शायद उसकी जान बच सकती थी।

### दोस्त को मोबाइल देते समय खिड़की से लटका हाथ

उदित के दोस्त ने अपना मोबाइल मांगा। इस दौरान उसने देखा तो उदित का हाथ कार की खिड़की पर लटका हुआ था। इसी दौरान उनका परिचित पुलिसकर्मी भी पहुंच गया था।उसे तत्काल निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने उदित को चेक किया। डॉक्टर ने कहा कि पल्स नहीं मिल रही है चांस कम है उसे एम्स लेकर जाएं। तड़के पौने तीन बजे दोस्त उदित को लेकर एम्स पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

### पुलिसकर्मियों ने दी डीसीपी को सफाई

आरक्षक संतोष बामनिया और सौरभ आर्य का कहना है कि हमारी नाइट ड्यूटी थी। हमें चार्ली में तैनात किया गया था। हम इलाके का भ्रमण कर रहे थे। हमारी नजर गार्डन के पास खड़ी कार पर पड़ी। कार में युवा पार्टी कर रहे थे। पुलिस कर्मियों को देखकर एक युवक ने भागने का प्रयास किया। उसे दौड़कर पकड़ लिया। समय और परिस्थिति को देखते हुए उन्होंने एक्शन लिया था।

**एमपीईबी में इंजीनियर है पिता**

### परिवार का इकलौता बेटा था उदित

उदित के पिता राजकुमार गायकी एमपीईबी में असिस्टेंट इंजीनियर है और मां गर्वनमेंट स्कूल में टीचर है। आदित्य की दो बड़ी बहन है। एक बहन की बालाघाट में हॉकफोर्स में पदस्थ डीएसपी केतन अडलक से शादी हुई है। उदित परिवार में सबसे छोटा था और राजकुमार गायकी का इकलौता बेटा था। परिजन ने पुलिसकर्मियों पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अड़ीबाजी और मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने उदित के दोस्तों पर भी लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उदित के दोस्त कार में उसे यहां-वहां घुमाते रहे। समय पर उसे अस्पताल पहुंचा देते या हमें जानकारी दे देते तो शायद उदित की जान बच सकती थी।

### डॉक्टर्स की पैनल ने किया पीएम

डॉक्टर की पैनल से उदित का पीएम कराया गया है। पीएम की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चल सकेगा कि उदित की मौत कैसे हुई है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विवेक सिंह, डीसीपी जोन-टू

### भोपाल स्मार्ट सिटी की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मेंबर बनीं निगम आयुक्त

**भोपाल।** भोपाल स्मार्ट सिटी कार्यालय में शुक्रवार को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक की गई। इसमें नगर निगम की आयुक्त संस्कृति जैन पहली बार शामिल हुईं। उन्हें भोपाल स्मार्ट सिटी का एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मेंबर बनाया गया। बोर्ड मीटिंग में शामिल होकर उन्होंने अपना नाम रजिस्टर कराया। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त स्मार्ट सिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के मेंबर होते हैं। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में किसी प्रमुख मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई। निगम आयुक्त का सभी सदस्यों से परिचय कराया गया। बैठक में स्मार्ट सिटी की सीईओ अंजू अरुण कुमार, सीएफओ, इंडिपेंडेंट डायरेक्टर, यूएडीडी के एडिशनल कमिश्नर, बीडीए के सीईओ, कलेक्टर (चेयरमैन) और टीएंडसीपी के ज्वॉइंट डायरेक्टर शामिल हुए।






# एसडीएम करेंगे पटाखा दुकानों की निगरानी, पुलिस व अफसरों की टीम करेगी जांच-पड़ताल, कमियां मिली तो सस्पेंड होंगे लाइसेंस

अपर कलेक्टर ने थोक पटाखा कारोबारियों को सुरक्षा को लेकर दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिवाली के दौरान लगने वाली एक हजार से अधिक पटाखा दुकानों की निगरानी एसडीएम करेंगे, जिनके साथ पुलिस अधिकारी, फायर अमला और नगर निगम के अधिकारी शामिल रहेंगे। आने वाले दिनों में सभी पटाखा दुकानों की जांच की जाएगी।

अगर सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी हुए तो लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। यह बात शुक्रवार को कलेक्टोरेट में रखी गई। जिसमें अपर कलेक्टर प्रकाश नायक ने एसडीएम सहित पटाखा कारोबारियों को आग से बचाव के इंतजाम पुख्ता रखने की हिदायत दी। अपर कलेक्टर ने बताया कि एसडीएम और टीमें स्थाई और अस्थाई पटाखा दुकानों की निगरानी करेंगे। बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय अपनी टीम के साथ हलालपुरा पटाखा बाजार, करोंद, गोदाम ग्राम जमुनिया छीर, सनसिटी गार्डन के पीछे, माधव आश्रम, केजी फुटकर बाजार बैरागढ़, गांधीनगर और करोंद का निरीक्षण करेंगे। इसी तरह अन्य एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र की दुकानों पर भी नजर रखेंगे। पटाखा एसोसिएशन के अध्यक्ष आसनदास चंदनानी ने बताया कि एसडीएम जल्द से जल्द फुटकर कारोबारियों के लाइसेंस जारी करें, जिससे थोक दुकानों पर भीड़ नहीं रहेगी। इसके साथ पटाखों का स्टॉक भी कम हो जाएगा।



### यह अधिकारी करेंगे इन क्षेत्रों में निगरानी

एसडीएम शहर दीपक पांडे अपनी टीम के साथ शाहजहांनी पार्क, एसडीएम प्रकाशचंद पांडे कोलार की सभी पटाखा दुकान, हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया हुजूर तहसील क्षेत्रों की दुकानों का निरीक्षण करेंगे। वहीं गोविंदपुरा में रवीश श्रीवास्तव द्वारा भेल, जंबूरी, आनंद नगर, भानपुर, गोविंदपुरा, एमपीनगर में लक्ष्मीकांत खरे द्वारा मिसरोद रोड, एमपी नगर और टीटी नगर एसडीएम अर्चना रावत शर्मा द्वारा टीटी नगर दशहरा मैदान में लगने वाली पटाखा दुकानों का निरीक्षण करेंगी।

### फुटकर दुकानों की अनुमानित संख्या


| क्षेत्र | दुकानें |
|---|---|
| हुजूर - | 64 |
| कोलार - | 180 |
| बैरसिया - | 188 |
| बैरागढ़ - | 110 |
| गोविंदपुरा - | 190 |
| शहर - | 120 |
| टीटीनगर - | 80 |

### लापरवाही मिली तो लाइसेंस करेंगे सस्पेंड

लालघाटी, हलालपुर सहित अन्य रहवासी क्षेत्रों में स्थित स्थायी पटाखा दुकानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखने की हिदायत दी गई है। यदि दुकानों पर अनियमितता मिली तो लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे।

**कौशलेंद्र विक्रम सिंह**
कलेक्टर

## खबर संक्षेप



### नगर के आसपास पहाड़ियों पर बना जुआ अड्डा

**औबेदुल्लागंज।** नगर के आसपास पहाड़ियों पर जुआ का स्थाई अड्डा बना हुआ है। दीवाटिया में एफसीआई गोदाम के पास सबसे बड़ा जुआ का अड्डा है। जहां 50 हज़ार से लेकर 1 लाख रुपए की नाल कटती है। उमरिया भीमबेटका के पहाड़ पर दशहरे पर जुआ का खिलाया गया। जुआ खेलने वाले ही बताते हैं कि तामोट के प्लास्टिक पार्क के आसपास दो जुआ अड्डा चल रहे हैं, वही अर्जुन नगर में 6 जगह जुआ चल रहा है। अर्जुन नगर के पास खेत में अर्जुन नगर की गली नंबर एक, वार्ड 12 में भी जुआ का अवैध करोवार जारी है। वर्तमान में नौ जगह जुआ चल रहा है। टीआई भारत प्रताप सिंह ने कहा कि जुआ खिलाने की शिकायतें आ रही है मैं दिखवाता हूं। एसडीओपी शीला सुराणा ने कहा जांच करवाती हूं।

### आरती ने बहनों को दी करवा चौथ की बधाई



**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर नारी शक्ति समिति प्रभात फेरी मंडल की अध्यक्ष आरती यादव ने नगर की बहनों को करवा चौथ की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि करवा चौथ का पर्व नारी शक्ति के स्नेह, त्याग और अटूट आस्था का प्रतीक है

### सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राकेश तिवारी का जन्मदिन उत्साह से मनाया। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, विधायक सुरेंद्र पटवा, पूर्व साडा अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, अशोक मित्तल, ऋषभ जैन, मनीष गोशिंदे, अवध नारायण, शैलेंद्र दुबे, बंटी तिवारी, गौरव पचौरी, केशव पचौरी, पंकज कोठारी, सुदामा तिवारी, राजेश दीक्षित, जितेंद्र दुबे, पार्षद मनोज चौरसिया, रामकिशोर नंदवंशी, पुरुषोत्तम शर्मा, सुनील वर्धमान, आशीष दीक्षित, विनोद नागर आदि लोगों ने बधाई दी।

### कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक कल

**औबेदुल्लागंज।** वोट चोर गद्दी छोड़ एवं मतदाता सूची के पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम को लेकर भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक 12 अक्टूबर को औबेदुल्लागंज में आयोजित की गई है। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस औबेदुल्लागंज के पूर्व अध्यक्ष महेश जैन ने बताया है कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष विधायक देवेंद्र पटेल, भोजपुर विधानसभा प्रभारी विक्रम मसाला उपस्थित रहेंगे। बैठक रविवार दोपहर 1 बजे बजे होगी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1836 | | |
| दिन: | 260 | 84 | 590 |
| रात: | 256 | 30 | 460 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 360 | 95 | 780 |
| रात: | 137 | 11 | 146 |

## गौरव हाउसिंग सोसाइटी के मामले में एक्शन

# क्रेड़ाई अध्यक्ष मीक सहित 7 के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने दर्ज किया केस

*आरोपः समिति के तत्कालीन अध्यक्ष संतोष जैन व साथियों ने संस्था की संपत्ति, संसाधनों का गलत इस्तेमाल किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौरव गृह निर्माण सहकारी समिति के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने बड़ी कार्रवाई की है। भोपाल क्रेड़ाई के अध्यक्ष मनोज मीक समेत 7 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि इन लोगों ने मिलकर समिति के सदस्यों को धोखा दिया है। पैसे का हेरफेर किया है। आरोप की पुष्टि होने के बाद इस मामले में एफआईआर दर्ज हुई है।

भोपाल क्रेड़ाई अध्यक्ष मनोज मीक, संतोष जैन, शिशिर खरे, नंदा खरे, बबलू सतनकर, सुनीता सतनकर पूर्व अध्यक्ष अनीता बिष्ट के खिलाफ भ्रष्टाचार के अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। 18 जून 2008 को गौरव गृह निर्माण समिति के कुछ मेंबर्स ने ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया था कि समिति के तत्कालीन अध्यक्ष संतोष जैन व उनके साथियों ने संस्था की संपत्ति और संसाधनों का गलत इस्तेमाल किया। इसके लिए फर्जी मेंबर जोड़कर फाउंडर मेंबर को बाहर कर दिया। उन्हें जमीन नहीं लेने दी। जमीन का एग्रीमेंट बिना एजीएम की सहमति से कर दिया गया। इतना ही नहीं जमीन का कुछ हिस्सा बिल्डरों को दे दिया गया। बाकी प्लांट की साइज काम करते हुए 1200 वर्ग फिट कर दिया था।

### फर्जी डॉक्यूमेंट पर बेच दी संस्था की जमीन

जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि संस्था के रिकॉर्ड संतोष जैन के किसी निजी निवास से संचालित ऑफिस में रख जाते थे। समिति के पूर्व प्रशासकों को कोई रिकॉर्ड भी नहीं दिया। जमीन की बेची गई लिस्ट में कई खरीदारों के नाम गलत तरीके से शामिल किए गए थे। कुछ को दो-दो प्लॉट दिए गए। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर प्लाट की बिक्री की गई।

### मेरी संलिप्तता नहीं

इस प्रकरण में मेरी कोई संलिप्तता नहीं है। 2005 में ही मैं कथित फर्म से रिटायर हो चुका हूं। प्रकरण इसके बाद का है। कुछ वर्षों पूर्व विवेचना के उपरांत फाइनल रिपोर्ट में प्रकरण से मेरा नाम हटा दिया गया है। यह नया समाचार मेरे लिए भी अचरज भरा है। मैं पूरी तरह निर्दोष हूं और कानून के साथ हूं। शेष अपने वकीलों से चर्चा करके आपको अवगत करा सकूंगा।

**मनोज मीक**, अध्यक्ष क्रेडाई

## कलेक्टर ने लिस्ट तैयार कर एसडीएम

# बिना अनुमति अवैध कॉलोनी काटने वाले 113 लोगों पर होगी एफआईआर

बिना विकास अनुमति और टीएंडसीपी के खेती की जमीन पर 110 बिल्डर और किसानों के खिलाफ अवैध रूप से प्लॉट काटकर कॉलोनियां काटने पर एक बार फिर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दरअसल पिछले दिनों कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के कोर्ट से अवैध कॉलोनी काटने वाले बिल्डर और किसानों पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन इन पर कार्रवाई नहीं होने के बाद दोबारा से लिस्ट बनाकर एसडीएम को सौंपी गई है। जिले में शहरी क्षेत्र से लगे जिन क्षेत्रों में जमकर खेती की जमीन पर अवैध कालोनियां काटी जा रही हैं। इनमें सेवनिया ओंकारा, कोटरा, पिपलिया बेरखेड़ी, कुराना, थुआखेड़ा, कालापीन, सुरैया नगर, छावनी पठार, कुराना, कानासैया, खंडाबर, सिकंदराबाद, थुआखेड़ा, शोभापुर, कोलुआ खुर्द, अरेड़ी, नरेला वाज्याफ्त, इब्राहिमपुरा, जगदीशपुर, कलखेड़ा, हज्जामपुरा, अचारपुरा, बसई, परेवाखेड़ा, ईंटखेड़ी सड़क, अरवलिया, मुबारकपुर, बीनापुर, गोलखेड़ी, चौपड़ा कलां, हज्जाम सहित बसई शामिल हैं। इन इलाकों में बिल्डर, किसान व अन्य ने मिलकर बिना किसी अनुमति के अवैध कॉलोनियां काटकर प्लॉट बेचे हैं, जिसमें किसी तरह की कोई अनुमति नहीं ली जाती है, बस खरीदार को रजिस्ट्री थमा दी जाती है। इसके बाद में बिजली, पानी, सड़क, सीवेज सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर लगाना पड़ते हैं। इन्हीं अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई के हुजूर, कोलार तहसील, गोविंदपुरा वृत्त के एसडीएम और तहसीलदारों को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने निर्देश दिए थे।

### एसडीएम कराएंगे एफआईआर

जिले में बिना अनुमति के अवैध कॉलोनी विकसित कर प्लॉट बेचने वालों की सूची तैयार कर ली है। उनके खिलाफ एफआईआर करने के निर्देश हुजूर, कोलार तहसील के एसडीएम को दिए गए हैं। यदि निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो जवाब तलब किया जाएगा।

**कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर**

## नवरात्रि और दशहरा में वाहन खरीदने वाले परेशान

# दोपहिया और चार पहिया वाहनों के रजिस्ट्रेशन के लिए डीलर देरी से जमा करा रहे दस्तावेज

### 10 से 15 दिनों बाद भी लोगों को नहीं मिल रही रजिस्ट्रेशन कार्ड की लिंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के अलग-अलग डीलर्स नवरात्रि और दशहरा पर विक्रय किए गए दोपहिया व चार पहिया वाहनों के रजिस्ट्रेशन के लिए दस्तावेजों की फाइलें देरी से जमा करा रहे हैं। इसके चलते खरीदारों को 10 से 15 दिन बाद भी रजिस्ट्रेशन कार्ड की लिंक नहीं मिल पा रही है। जिससे वह परेशान है। इसको लेकर कुछ वाहन खरीदारों ने आरटीओ को शिकायत की है।

इसके बाद आरटीओ की ओर से डीलरों को नोटिस जारी कर समय पर जल्द से जल्द दस्तावेज की फाइल पहुंचाने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि रोजाना 250 तक वाहनों के रजिस्ट्रेशन होते थे। नवरात्रि और दशहरा पर रोजाना 700 से 800 वाहनों की बिक्री हुई थी। आरटीओ में अभी 2 हजार के करीब वाहनों की फाइलें रजिस्ट्रेशन के लिए आ गई हैं। फाइलों की संख्या आने वाले दिनों में बढ़ सकती है।

आरटीओ कर्मचारियों के मुताबिक डीलर अभी तक नवरात्रि व दशहरा पर बिके वाहनों के भी रजिस्ट्रेशन के लिए दस्तावेज जमा कराने में देरी कर रहे हैं। साथ ही कई बार एक साथ ज्यादा संख्या में वाहनों के रजिस्ट्रेशन के लिए फाइलें लेकर पहुंचते हैं। इससे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में टाइम लग जाता है। उल्लेखनीय है कि दीपावली पर्व तक वाहनों की बिक्री की संख्या बढ़ाने के साथ रजिस्ट्रेशन के लिए एक हजार तक फाइलें रोजाना पहुंचने की उम्मीद है।

# पार्किंग नहीं होने से परेशान कपड़ा व्यापारी विधायक रामेश्वर से मिले

आज दोपहर 1 बजे संत नगर मार्केट का दौरा करेंगे शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

दीपावली पर्व एवं वैवाहिक सीजन के दौरान कपड़ा बाजार में यातायात पार्किंग व्यवस्था एवं भोपाल-इंदौर राजमार्ग सड़क की दयनीय स्थिति संबंधी समाधान के लिए थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी के नेतृत्व में विधायक रामेश्वर शर्मा से मुलाकात की। व्यापारियों ने विधायक शर्मा को बताया कि दीपावली पर्व नजदीक आने के कारण कपड़ा बाजार में खरीदारी का अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। प्रतिदिन ग्राहकों की भारी भीड़ के चलते बाजार में यातायात जाम हो जाता है। पार्किंग की कमी ओर मुख्य मार्ग में बने गड्ढों के कारण व्यापारियों एवं ग्राहकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल पार्किंग को दशहरा मैदान पर करने की बात भी व्यापारियों ने की।

कपड़ा व्यापारियों की बात सुनने के बाद विधायक ने समस्त विभागों के अधिकारियों को व्यवस्था बनाने के तत्काल निर्देश दिए। साथ ही शनिवार दोपहर 1 बजे संत नगर मार्केट का दौरा करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में दिनेश वाधवानी, राम बंसल, मनोहर विधानी, वासुदेव वाधवानी, नरेंद्र लालवानी, राजा इसरानी, हीरा खुशालानी, अनमोल अग्रवाल, दिलीप आसवानी, आसनदास वाधवानी, आसनदास प्रियानी, रमेश मोहनानी, गोवेर्धन रायसिंघानी, देवेंद्र चंगलानी, इंद्रा आडवानी, भरत धनवानी, सुरेश पेसवानी, नीरज वाधवानी, नरेश केवलरामानी, श्याम बालचंदानी एवम साथ में बर्तन व्यवसाय संघ के व्यापारी भी शामिल हुए।





# 7 लाख रुपए की लागत से रोड क्रॉस का भूमिपूजन

**संतनगर।** उपनगर के अभाव वार्ड क्रमांक 4 एच वार्ड स्कूल के पास दो गलियों के 7 लाख रुपए की लागत से रोड क्रॉस का भूमिपूजन एमआईसी सदस्य व पार्षद राजेश हिंगोरानी ने किया। इस अवसर पर शिक्षक विष्णु गेहनी, वासुराम दरबार के संत पुरुषोतम वासवानी,थावर चंदनानी, होतचंद, नरेंद्र लालवानी, काका जानिदास, बब्बू साधवानी, आजाद सिसोदिया एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# 15 करोड़ का आसामी निकला मेहरा नर्मदापुरम-भोपाल में दो और संपत्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकायुक्त पुलिस ने गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर गोविंद प्रसाद (जीपी) मेहरा के भोपाल स्थित आवास समेत 4 ठिकानों पर छापा मारा था। शुक्रवार को उनके घर से मिले संपत्तियों और बैंक के कागजात का लोकायुक्त ने आंकलन शुरू कर दिया है। लोकायुक्त की टीम मेहरा की 8 एफडी, नर्मदापुरम में एक अन्य जमीन और भोपाल की पॉश कॉलोनी में एक और फ्लैट होने के प्रमाण मिले हैं। इस लिहाज से मेहरा की अब तक मिली कुल चल और अंचल संपत्ति की कीमत 15 करोड़ रुपए को पार कर चुकी है। जानकारी के मुताबिक लोकायुक्त टीम ने मेहरा के पूरे कार्यकाल की जानकारी पीडब्ल्यूडी से पत्राचार कर मांगी है।

### संपत्तियों का वेल्यूएशन जारी रहा

गुरुवार सुबह 6 बजे से कार्रवाई शुरू हुई। लोकायुक्त की टीम ने देर रात तक मेहरा से जुड़ी संपत्तियों, एफडी, शेयर और इंश्योरेंस दस्तावेजों की जांच की। शुक्रवार को भी इन संपत्तियों का वैल्यूएशन जारी रहा। जिसमें नर्मदापुरम में फार्म हाउस से अतिरिक्त एग्रीकल्चर लैंड और भोपाल में एक अन्य फ्लैट होने की जानकारी सामने आई। लोकायुक्त ने रजिस्ट्रार ऑफिस से भी मेहरा और उनके परिवार के नाम दर्ज कुल संपत्तियों की जानकारी मांगी है। इसी के साथ उनके रिश्तेदारों और करीबियों जिनके नाम से जीपी मेहरा ने एग्रीमेंट अथवा संपत्तियों की खरीद फरोख्त की है, उनको भी पूछताछ के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उनके व परिजनों के बैंक खातों को भी फ्रीज कराया जा रहा है। लोकायुक्त पुलिस जांच कर रही है।




## सड़क बनाने में हुई बड़ी अनियमितताएं, साल भर में ही उखड़ गईं

# औबेदुल्लागंज नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों की उदासीनता के कारण नहीं हो पाया विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में अतिक्रमण हटने के बाद अब गरीब दुकानदारों के रोजगार को लेकर हर तरफ चर्चा हो रही है। 3 साल में गरीबों की दुकानें तोड़ दी पर नगर में ऐसा कोई विकास कार्य नहीं हुआ, जिससे नगर में कुछ बदलाव हुआ हो। 8 पार्षदों अनुसार नगर परिषद में 3 साल में लगे टेंट, फोटो, फ्लेक्स पर भारी खर्च किया जिस पर जेसीबी मशीन चली और भारी भरकम बिल बने। नगर परिषद द्वारा सड़के बनाई गई जो साल भर में ही उखड़ने लगी।

अर्जुन नगर में सड़क निर्माण में भारी अनियमितताएं हुई हैं। नगर परिषद के अधिकारियों की उदासीनता के कारण नगर के विकास नहीं हो पाया हैं।

### भारी-भरकम खर्च, फिर भी नहीं हुआ स्वच्छता पर कार्य




वार्ड 2 में बन रहा जिले का एकमात्र ऑडिटोरियम, नगर परिषद के सामने बन रही दुकानेa, अमृत 2 पानी की टंकी, पानी की पाइपलाइन विछाने का कार्य, नाली, सड़के, पार्क सभी का काम धीमी गति से चल रहा है। वहीं नगर परिषद में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना लेनदेन के कोई काम नहीं होते। नामांतरण वाले, बिल्डिंग परमिशन वाले महीनों से चक्कर काट रहे हैं। स्थानीय लोगों ने भ्रष्टाचार की शिकायत लोकायुक्त से भी की है। पार्षदों का कहना है कि नगर परिषद के कर्मचारियों की उदासीनता के कारण विधायक की छवि खराब हो रही है। स्वच्छता अभियान पर 3 साल में भारी भरकम खर्च हुआ, लेकिन स्वच्छता कहीं दिखाई नहीं देती।

### यह कहते हैं माननीय

नगर परिषद कि सीएमओ किरण रहंगडाले ने फोन पर बताया कि मुझे आए हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं, नगर परिषद में आने वाली शिकायतों पर में कार्रवाई करती हूं। मैं भी चाहती हूं कि नगर परिषद क्षेत्र में विकास हो। पार्षद और प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक ने बताया कि हमने सूचना के तहत जानकारी मांगी थी, मगर 3 साल हो गए, अभी तक नहीं दी। नपा उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल ने कहा मैं समय-समय पर आवाज उठाती रही हूं। स्वच्छता अभियान एम्बेसडर भाजपा नेता पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि मैंने कई बार नगर की स्वच्छता के बारे में शिकायत कर चुका हूं, मगर नगर परिषद सुनता नहीं है।

# सीएम आज करेंगे मप्र ट्रैवल मार्ट का शुभारंभ, केंद्रीय मंत्री शेखावत भी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 11 अक्टूबर को शाम 6 बजे मुख्य अतिथि के रूप में मप्र ट्रैवल मार्ट (एमपीटीएम) 2025 का शुभारंभ करेंगे। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी विशेष रूप से सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी करेंगे।

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव विशिष्ट आमंत्रित डेलीगेट के साथ वन-ऑन-वन मीटिंग्स कर पर्यटन निवेश और सहयोग के मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। भारत भवन में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में पर्यटन विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इन समझौता ज्ञापन का उद्देश्य राज्य में एएसआई की ओर से संरक्षित स्मारकों के आसपास पर्यटन अधोसंरचना, सेवाओं और जनसुविधाओं का विकास सुनिश्चित करना है।

**मप्र टूरिज्म बोर्ड का भोपाल में 11 से 13 अक्टूबर तक आयोजन**

**मार्ट में 27 देशों के 100 टूर ऑपरेटर्स सहित 700 प्रतिभागी होंगे शामिल**



### फिल्म जगत से जुड़े प्रतिनिधि भी आयोजन में आएंगे

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन एसोसिएशन फॉर टूर ऑपरेटर्स (आईईटीओ) के प्रेसिडेंट रवि गोसाईं, प्रसिद्ध अभिनेता रघुवीर यादव, हर्षिल टूर एण्ड ट्रेवल्स के कोफाउण्डर प्रवीण शाह, आईएचसीएल के प्रवीण चंदेर कुमार और क्यूरियस जर्नी की संस्थापक सुश्री मिशेल इमेलमेन उपस्थित रहेंगे। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में 27 देशों के 100 से अधिक विदेशी टूर ऑपरेटरों, 150 घरेलू टूर ऑपरेटरों, 355 सेलर्स, फिल्म जगत से जुड़े प्रतिनिधि और मीडिया सहित कुल 700 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। मप्र में पर्यटन स्थलों तक पहुंच सुगम और यात्रा को आसान बनाने के लिए हेलीकाप्टर सेवा शुरू करने के लिए संस्था जेट सर्व एविएशन प्रालि और संस्था ट्रांस भारत एविएशन प्रालि को लेटर ऑफ अवार्ड प्रदान किया जाएगा।

### प्राकृतिक सौंदर्य का नजदीक से अनुभव प्राप्त किया

फैम ट्रिप्स के माध्यम से देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश की ग्रामीण संस्कृति, प्राचीन धरोहरों, समृद्ध परंपराओं और प्राकृतिक सौंदर्य का नज़दीक से अनुभव प्राप्त किया। इन भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान प्रतिनिधियों ने स्थानीय जीवनशैली, लोककला, हस्तशिल्प और ग्रामीण परिवेश से जुड़कर 'अतुल्य मध्यप्रदेश' की असली आत्मा को देखा और सराहा। इन अनुभवों ने विदेशी एवं भारतीय टूर ऑपरेटरों को राज्य के पर्यटन उत्पादों की गहराई से समझ प्रदान की है। जिससे आगामी समय में मप्र पर्यटन के प्रचार-प्रसार और निवेश के नए अवसरों को गति मिलेगी।

### निवेशकों को दिए जाएंगे एलओए अवॉर्ड, होंगे अनुबंध व एमओयू

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर रायसेन जिले में गोल्फ कोर्स और खंडवा जिले में वेलनेस रिसॉर्ट के निर्माण के लिए निवेशक विनायक कालोनी को लैटर ऑफ अवॉर्ड करेंगे। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इंफ्लुएंसर मार्केटिंग एजेंसी कर्ली टेल्स, बालाजी टेलीफिल्म तथा अतावी बर्ड फाउंडेशन के साथ एमओयू का हस्तांतरण होगा। इस अवसर पर मप्र फिल्म पर्यटन नीति के प्रभाव आंकलन रिपोर्ट का विमोचन भी किया जाएगा। मप्र पर्यटन का अंतरराष्ट्रीय टेलीविजन कमर्शियल (टीवीसी) भी लॉन्च किया जाएगा। साथ ही हनुवंतिया, मांडू और तामिया में टैंट सिटी की स्थापना और संचालन के लिए संस्था ईज मॉय ट्रिप और ओरछा में टैंट सिटी की स्थापना और संचालन के लिए संस्था आगमन को लेटर ऑफ अवार्ड प्रदान किए जाएंगे।*

### फैम ट्रिप्स के माध्यम से 'अतुल्य मप्र' का अनुभव

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पर्यटन स्थलों के प्रचार सहित मप्र में पर्यटन में निवेश आकर्षित करने की मंशा अनुरूप एमपीटीएम के अंतर्गत प्री और पोस्ट फैम ट्रिप्स का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें 14 फैम ट्रिप्स शामिल हैं। इन यात्राओं में देश-विदेश से आए 200 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। प्री फैम ट्रिप्स में देश–विदेश से आए प्रतिनिधियों ने खजुराहो, पन्ना, ओरछा, भीमबेटका, मढ़ई, पचमढ़ी, इंदौर, महेश्वर, मांडू, उज्जैन, जबलपुर, कान्हा, पेंच और भोपाल के पर्यटन स्थलों का आनंद लिया।*

---

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की उन्हेल क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं, सोयाबीन उत्पादक किसानों को मिलेगा लाभ

# सरकार किसानों के साथ, आपदाग्रस्त प्रत्येक किसान को प्रदान की जाएगी सहायता राशि

**लाड़ली बहनों को दीपावली के पहले मिलेगी राशि**

**133 करोड़ 80 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया**

**इमला-मावा उद्योग से जुड़े लोगों के व्यापार विकास के लिए होगा कार्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ है, आपदा ग्रस्त प्रत्येक किसान को मदद दी जाएगी। विपत्ति में आए हर एक किसान को राहत राशि मिलेगी और एक-एक खेत का सर्वे किया गया है। सोयाबीन उत्पादक किसानों को भावांतर योजना का लाभ भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 133 करोड 80 लाख रुपए की लागत के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया।

इनमें 127. 63 करोड रुपए लागत के 23 किलोमीटर से अधिक लंबाई के इंगोरिया से उन्हेल टू लेन मार्ग निर्माण का भूमि-पूजन सम्मिलित है। साथ ही 1.26 करोड़ के नवीन नगर परिषद कार्यालय भवन निर्माण एवं 2.17 करोड़ के चिड़ी से रावदिया मार्ग निर्माण का भूमि पूजन तथा 2.74 करोड रुपए के करनावद विद्युत उपकेंद्र निर्माण का लोकार्पण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने उन्हेल क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई, जिनमें उन्हेल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन, रामगढ़ बिहारिया मार्ग पर नारायण धाम को जोड़ने के लिए पुल का निर्माण तथा उन्हेल में विश्रामगृह का निर्माण सम्मिलित है। उन्हेल में इमली तथा मावा उद्योग से जुड़े हुए व्यक्तियों एवं उनके व्यापार विकास के लिए भी कार्य किया जाएगा।





### समाज के सहयोग और सामाजिक संस्थाओं की सक्रियता से संभव हुए हैं सामुदायिक महत्व के कार्य



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समाजिक संस्थाएं समाज के सहयोग से सामुदायिक महत्व के कार्यों का संपादन और अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करती हैं। समाज के सहयोग से कई स्थानों पर मंदिर, शालाओं और अन्य सामुदायिक महत्व के भवनों का निर्माण और अन्य महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुए हैं। सरस्वती विद्या मंदिर की ओर से इस दिशा में की जा रही पहल और जनसामान्य का सहयोग सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रतलाम के काटजू नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में नव निर्मित 'संघ शताब्दी सभागार' का लोकार्पण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में कई देश सैन्य और आर्थिक रूप से मजबूत है, लेकिन भारत दुनिया का इकलौता देश है, जहां सनातन संस्कृति से समाज चल रहा है। हम शक्ति में विश्वास न करते हुए संस्कारों में विश्वास करते हैं और सर्वे भवन्तु सुखिनः के भाव के साथ चलते हैं। भारत हजारों सालों से विश्व गुरू रहा है हमने तक्षशिला, नालंदा, विक्रमादित्य विश्वविद्यालयों के माध्यम से दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई थी।

#### नवाचार और विकास के कार्य आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

*सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री उज्जैन के आधुनिक विश्वकर्मा हैं। उनके नवाचार और विकास के कार्य आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उनके मार्गदर्शन में प्रदेश में नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन हुआ है, हमें इसे विस्तार देना है। कार्यक्रम को विद्या भारती के मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा, विद्यालय के अध्यक्ष वीरेंद्र सखलेचा, विद्या भारती मालवा प्रांत के अध्यक्ष प्रकाश धनखड़ ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर छात्राओं ने स्वागत गीत पर आकर्षक नृत्य एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, गोपाल काकानी सहित जनप्रतिनिधि, स्कूल स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।*

---

### गौरव दिवस का आयोजन सभी जिलों में हो

## मप्र में एससी, एसटी के जिन प्रकरणों में अतिक्रमण हटा लिया गया है, वह सभी मामले लिए जाएंगे वापस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जनजातीय कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी समुदाय को उपलब्ध कराने के प्रयासों पर विशेष बल दिया जाए। प्रदेश के सभी जिलों में गौरव दिवस का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि जेल विभाग मुक्त बंदियों के लिए सामाजिक स्वीकार्यता और आश्रित परिवारों के पुनर्वास प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए समाज कल्याण विभाग के साथ दायित्वों की नीतिगत व्यवस्था तैयार करें। राज्यपाल पटेल शुक्रवार को राजभवन में गृह, जेल, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा कर रहे थे।

बैठक का आयोजन 2 सत्रों में किया गया था। प्रथम सत्र में राज्यपाल ने गृह, जेल और वन विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की। द्वितीय सत्र में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री जन-मन योजना की समीक्षा की। बैठक में अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, महानिदेशक जेल वरूण कपूर, विशेष महानिदेशक जेल जी. अखितो सेमा और वन, गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

#### राज्यपाल ने की 2 सत्रों में 5 विभागों की समीक्षा

राज्यपाल पटेल ने अच्छा आचरण करने पर बंदियों को रिहा करने के वर्ष में नियत 4 अवसरों में देश में पहली बार 15 नवम्बर जनजातीय गौरव दिवस को शामिल करने की राज्य सरकार की पहल की सराहना की है। उन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति आकस्मिकता राहत योजना के प्रावधानों पर तत्काल कार्रवाई की व्यवस्था की निरंतर मॉनिटरिंग कर फास्ट-ट्रेक प्रक्रिया में प्रकरणों के निराकरण के प्रयास करने के लिए कहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री जन-मन आवास योजना के घरों में प्रकाश आदि की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा है।

#### जिन प्रकरणों में अतिक्रमण हटा लिया गया है, वह सभी मामले वापस होंगे

राज्यपाल पटेल को बताया गया कि वर्ष 2025 के दौरान 26 जनवरी गणतंत्र दिवस, 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस और 2 अक्टूबर के अवसर पर कुल 523 बंदियों को रिहा किया है। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 29 बंदियों जिसमें 8 अनुसूचित जनजाति वर्ग के बंदियों को रिहा किया जाना प्रस्तावित है। अनुसूचित जनजाति के विरूद्ध चिन्हित प्रकरणों को वापस लेने के लिए शासन की ओर से तय किया गया कि जिन प्रकरणों में अतिक्रमण हटा लिया गया है, वह सभी मामले वापस ले लिए जाएंगे।

---

### दस दिन में तैयार होगा जिले का इंटीग्रेटेड प्लान

## गांव में रात बिताएंगे अफसर, धार्मिक स्थलों के आसपास की जाएगी फूलों की खेती

**सभी विभाग शुरु करेंगे नवाचार, आम लोगों को मिलेगा फायदा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आम लोगों को सरकार की योजनाओं का जमीनी स्तर पर कितना फायदा मिल रहा है, इसका पता लगाने के लिए सभी विभागों के जिम्मेदारों को गांव में रुककर देखना पड़ेगा। इसके लिए प्लॉन बनाकर रात रुकने का इंतजाम किया जाए। सभी विभागों के जिम्मेदार अफसर अगले दस दिन में नवाचार के बारे में जानकारी पेश करें।

जिले के ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक स्थलों के आसपास फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जाए। यह बात शुक्रवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कलेक्टर्स-कमिश्नर कांफ्रेंस में मिले सीएम के निर्देशों को लेकर रखी गई बैठक में कही। कलेक्टर ने कहा कि एक-एक विभाग अपने से जुड़े कामों का फायदा आम लोगों को देने के लिए नए नवाचार अपनाए, जिससे लोगों को आसानी से सरकारी योजनाओं का फायदा मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि विभाग मिलकर जिले का इंटीग्रेटेड प्लॉन तैयार करें। उन्होंने अफसरों से कहा कि आम लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए जनता से सीधा संवाद किया जाना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि सड़कों, इंफ्रास्ट्रक्चर, शहरी और ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों को एकीकृत रूप में समाहित किया जाएगा।




### विधि महाविद्यालय में हुआ राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

**भोपाल।** राजधानी स्थित शासकीय राज्यस्तरीय विधि महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जीवन एवं स्वतंत्रता के अधिकार के नए विस्तार एवं आयाम विषय पर आयोजित वेबिनार में प्राचार्य डॉ. रोमा मुखर्जी मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में सचिव एवं कन्वीनर डॉ. बृजेश कुमार चौरसिया सह प्राध्यापक विधि एवं सह कन्वीनर एवं टेक्निकल समिति के संयोजक डॉ. विक्रम सिंह चौधरी भी उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ. रोमा मुखर्जी ने विषय पर प्रकाश डाला। उमुख्य वक्ता डॉ. रुद्र प्रकाश राय, पूर्व प्राध्यापक विभाग अध्यक्ष एवं डीन बनारस हिंदू विवि ने प्रासंगिक न्यायालयीन निर्णयों का हवाला देते हुए विभिन्न जानकारी साझा की।

### भोपाल मंडल में विशेष अभियान 5.0 में रेलवे परिसर और जन शिकायतों पर रहेगा जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मंडल में 31 अक्टूबर तक स्वच्छता के लिए विशेष अभियान 5.0 संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रेल परिसरों में स्वच्छता को सुदृढ़ करना, जन शिकायतों एवं लंबित संदर्भों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करना तथा प्रशासनिक दक्षता में सुधार लाना है। अक्टूबर महीने में मंडल के सभी स्टेशन परिसरों में साफ सफाई सहित कचरे का प्रबंधन और जन शिकायतों पर ध्यान दिया जायेगा। इस विशेष अभियान के अंतर्गत मंडल के सभी स्टेशनों, कार्यालयों एवं कार्यस्थलों पर स्वच्छता, ई-कचरा प्रबंधन, स्क्रैप निपटान, स्थान के अधिकतम उपयोग तथा ई-फाइलों की समीक्षा जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही अपशिष्ट से राजस्व अर्जित करने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

#### ई-ऑफिस प्रणाली में लंबित प्रकरणों की समीक्षा

प्रत्येक कार्यालय एवं स्टेशन पर स्वच्छता अभियान के लिए निर्धारित लक्ष्य तय किए गए हैं तथा स्क्रैप की मात्रा का आंकलन कर उससे प्राप्त होने वाले राजस्व की गणना भी की जा रही है। ई-ऑफिस प्रणाली में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जा रही है, ताकि सभी मामलों का शीघ्र निपटारा किया जा सके। रेल प्रशासन द्वारा इस अवधि में अपशिष्ट से संपदा की अवधारणा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके माध्यम से न केवल स्वच्छता सुनिश्चित की जा रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ उपयोग में न आने वाले संसाधनों का आर्थिक रूप से पुनः उपयोग करने पर भी बल दिया जा रहा है।

---


SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/12 (नियमित पद)**

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्तिया | श्रेणी | अधिकतम आयु (कट ऑफ 01.08.2025) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उप प्रबंधक (अर्थशास्त्री) | 03 | एमएमजीएस-II | 30 |

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/14 (नियमित पद)**

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्तिया | श्रेणी | अधिकतम आयु (कट ऑफ 01.08.2025) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक महाप्रबंधक – (उत्पाद एवं अनुसंधान–विदेशी मुद्रा एवं रुपया डेरिवेटिव्स) | 01 | एसएमजीएस–V | 45 |
| 2 | प्रबंधक – (उत्पाद एवं अनुसंधान– विदेशी मुद्रा एवं रुपया डेरिवेटिव्स) | 02 | एमएमजीएस–III | 36 |
| 3 | प्रबंधक – (अनुसंधान विश्लेषक) | 04 | एमएमजीएस–III | 36 |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US"→ "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 08.10.2025 से 28.10.2025 तक.**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 08.10.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)


---

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष : पहले पथ संचलन में घोष में एक आनक, एक शंख ही शामिल हुआ था

# राष्ट्रीय स्वयंवेक संघः घोष केवल संगीत और वादन नहीं, यह साधना है



नितिन गर्गे, घोष प्रमुख मध्यभारत प्रांत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जब भी पथ संचलन निकलता है, तब घोष उसका सौंदर्य बढ़ाता है। संघ कार्य का यह शताब्दी वर्ष है। इन 100 वर्षों में जिस प्रकार संघ का क्रमिक विकास हुआ है, उसी प्रकार संघ के घोष का भी क्रमिक विकास हुआ है। दिसंबर, 1926 में जब संघ का पहला पथ संचलन निकला था, तब घोष में केवल एक आनक और एक शंख ही शामिल हुआ था। घोड़े पर चढ़कर पहले सरसेनापति मार्तंड राव जोग आगे चलते थे तथा पीछे बिगुल वादक एवं स्वयंसेवक संचलन करते थे। विगत 100 वर्षों में यह यात्रा घोष की बड़ी और समृद्ध इकाई तक पहुंच गई है। घोषदल की इकाई में पणव (बास ड्रम), आनक (साइड ड्रम), शंख, वंशी, झल्लरी (झांझ), ट्राइंगल (त्रिभुज), नियंत्रण और संकेत के लिए घोषदंड शामिल रहता है। आरएसएस का मत है कि घोष केवल संगीत का माध्यम नहीं, बल्कि यह वीरता, पराक्रम और राष्ट्रनिर्माण की भावना का प्रतीक है। शंख, ढोल और रणभेरी जैसे वाद्ययंत्र प्राचीन काल से ही ऊर्जा, उत्साह और विजय के संदेशवाहक रहे हैं। युद्धभूमि में भी ये रणवाद्य वीरता और उमंग का संचार करते थे। संघ का घोष दल उसी गौरवशाली परंपरा को आज के समाज तक पहुंचा रहा है। समय के साथ विदेशी ब्रास बैंड का प्रचलन बढ़ा, लेकिन संघ के घोष में जो धुनें बजाई जाती हैं, वे भारतीय रागों पर आधारित होती हैं। यहां तक कि विदेशी धुनों को भी भारतीय स्वरूप में ढालकर उन्हें हमारी सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप प्रस्तुत किया जाता है। प्रारंभिक समय में अंग्रेजी पद्धति का घोष सिखाया जाता था। बाद में, पुणे के वरिष्ठ स्वयंसेवक हरी विनायक दात्ये ने अथक परिश्रम कर इसका भारतीयकरण किया तथा सारे घोष वाद्यों की लिपि को भातखंडे लिपि में लिपिबद्ध किया। उनके द्वारा किया गया यह प्रयास संगीत के क्षेत्र में किया गया अद्भुत योगदान सिद्ध हुआ। आज सम्पूर्ण देश में घोष, जिसे रण संगीत के रूप में जाना जाता है, प्रचलित है। अपने भारतीय रागदारी से युक्त यह लिपि विभिन्न तालों जैसे कहरवा, दादरा, खेमटा पर आधारित है। आज इन तालों पर आधारित अनेक रचनाओं का निर्माण स्वयंसेवकों द्वारा किया गया है, जैसे- गणेश, भूप, केदार, शिवरंजिनी, चेतक, तिलक कामोद आदि सभी वाद्यों में कुल 90 से अधिक रचनाओं का समावेश है। जिस प्रकार माथे पर लगी बिंदी अपना विशेष स्थान रखती है, उसी प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में घोष का स्थान है। संचलन में घोष का स्वर स्वयंसेवकों में जोश एवं उत्साह भर देता है। मध्यभारत प्रान्त में लगभग 180 से अधिक घोष की इकाई है, जहां घोष का अभ्यास होता है। अलग रुचि एवं आयु वर्ग के करीब 4000 वादक जुड़े हुए हैं। विजयादशमी पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में मध्यभारत प्रांत में एक नए इतिहास का सृजन किया है। पहली बार नगर-नगर, गली-गली और छोटी-छोटी इकाइयों तक में पथ संचलन का भव्य आयोजन हो रहा है, इसके लिए बड़ी संख्या में घोष दल तैयार हुए हैं। 180 से अधिक प्रशिक्षित घोष शिक्षकों द्वारा नए स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया है। शताब्दी वर्ष के लिए प्रत्येक नगर में 8 से 10 घोष इकाई (वाद्य दल) तैयार हो गई हैं।



## पेज एक का शेष....

### दुनिया में फिर चली...

ही देश में छिपकर रह रही हैं। आयरन लेडी के नाम से भी मशहूर मचाडो का नाम टाइम पत्रिका की 2025 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल है। इस पुरस्कार की घोषणा करते हुए नोबेल समिति की अध्यक्ष ने मचाडो की शांति की एक साहसी और प्रतिबद्ध समर्थक के रूप में सराहना की, जो बढ़ते अंधकार के बीच लोकतंत्र की लौ जलाए रखती हैं। गौर हो कि मारिया महात्मा गांधी की कट्टर अनुयायी हैं।

**मचाडो ने सुमाते नाम के संगठन की स्थापना की:** पुरस्कार की घोषणा के दौरान नोबेल समिति ने कहा कि वह वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने में मचाडो के अथक कार्य और तानाशाही से लोकतंत्र में एक न्यायसंगत और शांतिपूर्ण बदलाव प्राप्त करने के संघर्ष के लिए उन्हें सम्मानित करती है। मचाडो ने सुमाते नाम के संगठन की स्थापना की, जो लोकतंत्र की बेहतरी के लिए काम करता है। जो कि मुफ्त और निष्पक्ष चुनावों की मांग करता रहा है। मारिया कोरिना मचाडो साल 2024 के चुनाव से पहले विपक्ष की राष्ट्रपति उम्मीदवार थीं, लेकिन वेनेजुएला की सरकार ने उम्मीदवारी रद्द कर दी। मारिया का जन्म 7 अक्तूबर 1967 को कराकस, वेनेजुएला में हुआ। उन्होंने एन्ड्रेस बेल्लो कैथोलिक यूनिवर्सिटी से औद्योगिक इंजीनियरिंग में डिग्री ली। इसके बाद उन्होंने इंस्टीट्यूटो डी एस्टुडिओस सुपीरियरेस डी एडमिनिस्ट्रेशन से वित्त (फाइनेंस) में मास्टर्स की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 2010 से 2015 तक संसद सदस्य के रूप में कार्य किया और सभी उम्मीदवारों में सबसे अधिक मतों से निर्वाचित हुईं।

### मैं यह पुरस्कार ....

वेनेजुएला के पीड़ित लोगों और हमारे उद्देश्य के प्रति उनके निर्णायक समर्थन के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को समर्पित करती हूं!

### रंगनाथन का रंग ...

7 बजे कड़ी पुलिस सुरक्षा में रंगनाथन को कार से छिंदवाड़ा लाया गया। नागपुर से गाड़ियों के काफिले के बीच रंगनाथन को सुबह 11 बजे छिंदवाड़ा लाया गया। रंगनाथन को पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश करते समय गुस्साए लोगों की भीड़ ने हमले का प्रयास किया। पुलिस ने जबर्दस्त सुरक्षा घेरा बनाकर आरोपी को न्यायालय में पेश किया। भीड़ से बचने के प्रयास में आरोपी रंगनाथन का चश्मा टूट गया। लोगों और वकीलों ने हत्यारे को फांसी देने की मांग की। उसे शाम 5.19 बजे पुलिस कोर्ट में अंदर ले गई जबकि 5.40 बजे बाहर लाया गया। कोर्ट में गोविंदम की ओर से किसी भी वकील ने पैरवी नहीं की। आरोपी रंगनाथन को प्रथम श्रेणी न्यायाधीश शैलेंद्र उइके की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 10 दिन की रिमांड पर सौंपा है। माना जा रहा है कि रंगनाथन पुलिस पूछताछ उन नामों का खुलासा कर सकता है, जिनको किसी भी रूप में लाभान्वित कर उसने सिरप को मंजूरी दिलवाई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने सिरप कांड...

पीठ ने वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। शुरुआत में पीठ नोटिस जारी करने के पक्ष में थी, लेकिन बाद में विचार कर याचिका खारिज कर दी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता अखबार पढ़कर सीधे अदालत पहुंच जाते हैं। मेहता ने कहा कि वह किसी राज्य की ओर से पेश नहीं हो रहे हैं, लेकिन तमिलनाडु और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों ने इस मामले में गंभीर कदम उठाए हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यों में दवा कानूनों को लागू करने की उचित व्यवस्था पहले से मौजूद है।

### एसडीओपी नपीं....

जब्त किए थे। रिपोर्ट में जब्ती सिर्फ एक करोड़ 45 लाख रुपए की दिखाई। यही नहीं, आरोपी को भी बिना कार्रवाई छोड़ दिया। इसकी जानकारी वरिष्ठ अफसरों को भी नहीं दी। गुरुवार रात आईजी प्रमोद वर्मा ने थाना प्रभारी अर्पित भैरम समेत 9 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। शुक्रवार को डीजीपी कैलाश मकवाना ने एसडीओपी पूजा पांडे को भी निलंबित कर दिया। जबलपुर एएसपी आयुष गुप्ता को मामले की जांच सौंपी है। नागपुर के शख्स सोहन परमार ने इस संबंध में शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि बुधवार रात वह कटनी से एक सराफा व्यापारी के दो करोड़ 96 हजार 500 रुपए लेकर कार से महाराष्ट्र के जालना जा रहा था। रात में एसडीओपी पूजा पांडे, बंडोल थाना प्रभारी अर्पित भैरम ने लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के शीलादेवी गांव के पास जांच के नाम पर गाड़ी रोक ली। रुपयों से भरा बैग जब्त कर लिया। थाने पर भी बिठाकर रखा। सुबह बिना कार्रवाई के छोड़ दिया। नागपुर में मालिक को बताया, तो वे भी आ गए। इसके बाद एक करोड़ 45 लाख रुपए की जब्ती दिखाई। आरोप है कि करीब डेढ़ करोड़ रुपए अफसरों ने बंदरबांट कर लिए।

### कार में पार्टी....

मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### उदित ने हाल ....

में गश्त कर रहे दो पुलिसकर्मी संतोष बामनिया और सौरभ आर्य की नजर युवाओं पर पड़ गई। उन्होंने कार में घुसकर युवाओं से झूमाझटकी की। झूमाझटकी से डरकर उदित कार से बाहर निकलकर भागा।
उसे भागता देख पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया और पाइप से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट से उदित की तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर मृत घोषित कर दिया।

### 4 पुलिसकर्मी निलंबित....

राजीवकुमार मिश्रा ने 4 पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। थाना प्रभारी रितु चौहान को लाइन अटैच की कार्यवाही की गई है। जिन पर निलंबन पर कार्यवाही की गई है, उनमें प्रधान आरक्षक नितिन यादव, आरक्षकों में विष्णु धाकड, संजीव साहू और शाहरूख खान शामिल हैं। कांग्रेस विधायक हरीबाबू राय मौके पर पहुंचे और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना गुरुवार की रात 8 बजे की है। जब बमुरिया गांव में पुलिस पहुंची तब एक स्थान पर बैठे ग्रामीण पुलिस को देखकर भागने लगे। जिसमें लखन पुत्र लक्ष्मण यादव (50) साल तालाब की ओर गया।
जिसके बाद रात 10 बजे पुलिस बमुरिया गांव में पहुंची और तालाब से लखन यादव को निकालकर चुपचाप शाढ़ौरा अस्पताल ले गई। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण जनों और मृतक पुत्र मनोज यादव का आरोप है कि पुलिस द्वारा मारपीट की गई और उन्हें तालाब में फेंक दिया गया। इस घटना की गंभीरता का लेकर कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश दिए गए हैं और एसडीएम ब्रजविहारी श्रीवास्तव को जांच अधिकारी बनाया गया है।

### गिराई गई 200 साल ....

अधिकार का किसी विशेष स्थान से कोई संबंध नहीं है। हाई कोर्ट की इंदौर पीठ के जस्टिस विवेक रुसिया और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी ने उज्जैन निवासी मोहम्मद तैयब समेत 13 लोगों की दायर अपील दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर के बाद 7 अक्टूबर को खारिज कर दी। अपील के जरिए हाई कोर्ट के चार सितंबर के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें उज्जैन की तकिया मस्जिद का पुनर्निर्माण और प्रशासन के खिलाफ जांच शुरू करने को लेकर याचिकाकर्ताओं की गुहार खारिज कर दी गई थी। याचिकाकर्ताओं के अनुसार वे करीब 200 साल पुरानी तकिया मस्जिद में नमाज पढ़ते थे और 13 दिसंबर 1985 की राजपत्र अधिसूचना में इस धार्मिक परिसर को वक्फ संपत्ति घोषित किया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकील सैयद अशहर अली वारसी ने हाई कोर्ट में अपील पर बहस के दौरान कहा कि इस मस्जिद की जमीन का अधिग्रहण और इसे ढहाया जाना देश के संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत नागरिकों को प्रदत्त धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन है।

### पांच आरोपी गिरफ्तार....

कुछ युवकों ने विवाद के बाद मारपीट कर दी। घटना के बाद नगर में साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति बन गई और देखते ही देखते दोनों समुदायों के लोग सड़कों पर आमने-सामने आ गए। वहीं, दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय के लोग भी अपने पक्ष में जुट गए। गांधी चौक, बस स्टैंड और मुख्य बाजार क्षेत्र में दोनों पक्षों के लोग एकत्र हो गए और नारेबाजी शुरू हो गई और दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई।

चुनाव आयोग ने राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों से अगले 10 से 15 दिनों में एसआईआर शुरू करने के लिए तैयार रहने को कहा

# जिन राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव, वहां शुरु हो सकती है चरणबद्ध तरीके से एसआईआर की प्रक्रिया

## असम, केरल, पुडुचेरी तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग देश में चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम शुरू कर सकता है। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत उन राज्यों से हो सकती है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। आयोग उन राज्यों में मतदाता सूची संशोधन अभियान नहीं चलाएगा जहां स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं या हो रहे हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव मशीनरी, निकाय चुनाव में व्यस्त है और इसके चलते वे एसआईआर पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएंगे। गौरतलब है कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन पांच राज्यों के अलावा पहले चरण में कुछ अन्य राज्यों में भी एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। बिहार में एसआईआर का काम पूरा हो गया है, जहां 30 सितंबर को लगभग 7.42 करोड़ नामों वाली अंतिम सूची प्रकाशित की गई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि सभी राज्यों में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण शुरू करने का काम चल रहा है और इसे शुरू करने पर अंतिम फैसला चुनाव आयोग द्वारा लिया जाएगा।

### राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश

अधिकारियों के अनुसार चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने इस महीने की शुरुआत में एक सम्मेलन में राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) से अगले 10 से 15 दिनों में एसआईआर शुरू करने के लिए तैयार रहने को कहा था। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने राज्यों की मतदाता सूचियों को अंतिम एसआईआर के बाद प्रकाशित रखें। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर



2008 की मतदाता सूची है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम बार गहन पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में, अंतिम एसआईआर 2006 में हुआ था, और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर है। अधिकांश राज्यों में मतदाता सूची की अंतिम एसआईआर 2002 और 2004 के बीच थी। एसआईआर का प्राथमिक उद्देश्य अवैध मतदाताओं के जन्म स्थान की जांच करके उन्हें मतदाता सूची से बाहर निकालना है।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी विजय सिंह पुत्र श्री राम किशन निवासी–ग्राम पिपलिया बाज खां, भोपाल के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की एक किता अव्यपवर्तित भूमि खसरा क्रमांक 33/1 रकबा 0.1490 हेक्टेयर अर्थात 0.37 एकड़ डेसीमल में से 0.1417 हेक्टेयर अर्थात 0.35 एकड / डेसीमल भूमि स्थित ग्राम पिपलिया बाज खां, प.ह.नं. 26, रा.नि.मं. 03. विकास खण्ड फंदा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्यप्रदेश में नगर निगम सीमा से बाहर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमाएं दिशा पूर्व में–खसरा क्रमांक 33/1 की भूमि (विक्रेता की भूमि), पश्चिम में– खसरा क्रमांक 29 की भूमि, उत्तर में–खसरा क्रमांक 28/1/1 की भूमि, दक्षिण में–खसरा क्रमांक 31 की भूमि, जिसे मेरे पक्षकारगण (1) पार्वती बाई (2) श्री विवेक सिंह ठाकुर (3) श्री राहुल ठाकुर, (4) सुदेश सिंह ठाकुर, (5) संदीप सिंह ठाकुर (6) रोहित सिंह ठाकुर, पत्नी/पुत्रगण श्री धन सिंह ठाकुर, समस्त निवासीगणः–हाउस नंबर 230, मेन रोड, इब्राहिमगंज, बसस्टैंड, तहसील हुजूर, जिला भोपाल मध्यप्रदेश के द्वारा क्रय करने हेतु बयाना राशि अदा की गई है, यदि उक्त भूमि को विक्रय करने में किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को कोई आपत्ति, बैंक, लोन, गिरवी, बंधक, दान, वसीयत, जमानत, हस्तांतरण, किसी व्यक्ति से अनुबंध से ग्रसित हो अथवा न्यायालय में प्रकरण लंबित हो तो अपनी आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में संपूर्ण साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर मय दस्तावेज के लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि की शेष राशि अदा कर पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे। अतः सूचित हो।

दीपक नामदेव एडवोकेट
ठाकुर लॉ चेम्बर
62, श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर कॉम्पलेक्स, करोंद चौराहा, भोपाल
मो.नं. 8770078348



### कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी शाखा), भोपाल

क्रमांक 433/यॉं.वि./25 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — भोपाल, दिनांक-09/10/2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_456690_1 | CONSTRUCTION OF CONDUIT SYSTEM AND ROADCROSS INFRONT OF UADD WARD-46 ,ZONE-08 | 4070545 | 10.11.2025 | 05:30 |
| 2. | 2025_UAD_456668_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AND UTILITY DUCT AT SAHYOG VIHAR COLONY | 5237016 | 10.11.2025 | 05:30 |

नोटः- संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर निगम भोपाल

नि.क्र. 2553/025/026



छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R- 23/09/25 to 15/10/25

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473


### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

\- व्यावस्थापक


हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

Hindblaze SMART WAY TO KITCHEN
Dealership & Trade Enquirie 8889422295
Auth. Dist: Sundram Sales and Services 9589642295
MAGIC AUTO + CROWN 3B
9990/-

GUPTA DECOR & FURNISHING
Kurl-on | Sleepwell | Springwel | Foam & Mattress
Product Range Available
Sofa Cloth | Curtains | Wallpapers | Blinds
Pu Foam | Mattress | Carpets | Bed Sheet
WPC Doors | Door | Louvers | Glass Work
Wall Art | Wooden Flooring | Aluminium Work
Festive Offers Get Upto 20%* Off on All Product Range
90009303994 | 8226043994 | 9981047959 | 9074270227
Shop No.222, Behind Sargam Talkies, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
SUNDAY OPEN

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

आवश्यकता
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है! अगर आपको नौकरी की जरूरत है! तो संपर्क करें-8335914373

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910


## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष:** धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला:** कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक:** संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।


**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6015



**बाएँ से दाए**
1.अत्यावश्यक-6
5.कारागार,जेल-4
8.पानी,नीर-2
9.मीन,मत्स्य-3
10.लक्ष्मी,कमला-2
11.कलाकार,फनकार-4
12.मर्द,मादा का विलोम-2
14.हसरत,मुराद-4
15.कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17.भूमि,धरती-3
19.मतवासा,मदहोश-4
21.फिल्मी दुनिया-3,3
24.दुर्भाग्यशाली-5
27.ठोकर लगना,भिड़ना-4
29.दौंडी पीटना-3
31.सांप,सर्प-2
32.दाल-4
33.हूर,अप्सरा-2
35.गाड़ी चलाने वाला-4
36.पिता का छोटा भाई-2
38.पुत्र,बेटा-3
39.टौंटी,नलका-2
40.ललचाना,तड़फाना-4
41.टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1.ईश्वर,अनश्वर-3,3
2.तेलहन-2
3.सुखद वस्तु, वर देना-4
4.करधनी,कमर पेटी-5
5.गलीचा-3
6.दिन-2
7.समस्या का हल-4
11.धरोहर,थाती-4
13.मिट्टी,धूल-2
16.चमकना-4
18.वायुसेना का एक विमान-3
19.इतराना-4
20.परत-2
22.जाप करना-3
23.किवाड़,द्वार-2
25.उदाहरणतः-4
26.परवरिश-3,3
28.राग छेड़ना-5
29.भेंट,मेल-मिलाप-4
30.दिया,दीपक-2
32.औषधालय, दवाखाना-4
34.खाली होना-3
37.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.नया,नवीन-2

### शब्द पहेली - 6014 का हल



## सूडोकु नवताल - 6025

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6024 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## तीन दिवसीय सीआईआईआई नेक्सजेन मोबिलिटी शो 2025 आयोजित

# भारत का ऑटोमोबाइल क्षेत्र 2030 तक 300 बिलियन डॉलर पहुंचने के लिए तैयार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सीआईआई नेक्सजेन मोबिलिटी शो 2025, जिसका विषय 'नवाचार करें, एकीकृत करें, प्रभावः मोबिलिटी का भविष्य' है 9 से 11 अक्टूबर 2025 तक पुणे अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर, मोशी, पुणे में आयोजित है। यह एक तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन और प्रदर्शनी है जिसमें ऑटोमोटिव, भविष्य के ईंधन और शहरी गतिशीलता जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। आयोजित सीआईआई नेशनल नेक्सजेन मोबिलिटी समिट शो 2025 में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी समिति सदस्य सीवी रमन ने कहाकि आज के युवा ग्राहक कार को अपने स्मार्टफोन का एक विस्तार मानते हैं एआई-संचालित सहायक, डिजिटल सुविधाएं और इंफोटेनमेंट ने अपेक्षाओं को बदल दिया है। तकनीक न केवल ड्राइविंग अनुभव को बेहतर बना रही है, बल्कि दुर्घटना दर को भी कम कर रही है और जटिल वाहन कार्यों को एकीकृत कर रही है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, स्वेन पटुश्का ने कहाकि भारत की सॉफ्टवेयर-आधारित मोबिलिटी क्रांति का उद्देश्य सिर्फ़ तकनीक ही नहीं है यह एक नए ग्राहक परिदृश्य के बारे में है जो डिजिटल, युवा, अधिक लैंगिक विविधता वाला, पर्यावरण के प्रति जागरूक है और स्वामित्व के बजाय अनुभवों को महत्व देता है। यह बदलाव मोबिलिटी के भविष्य को नया आकार दे रहा है।



### भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 12 फीसदी का योगदान देगा

*भारत का ऑटोमोबाइल क्षेत्र, जिसका वर्तमान मूल्य 130 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, 2030 तक बढ़कर 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 12 फीसदी का योगदान देगा। अकेले इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र से अगले पांच वर्षों में 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश को आकर्षित करने और 5 मिलियन से अधिक रोजगार सृजित करने की उम्मीद है। नेक्सजेन मोबिलिटी शो 2025, स्थायी मोबिलिटी समाधानों के लिए एक वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में भारत की तीव्र प्रगति को रेखांकित करता है।*

### यह ईकोसिस्टम बदलाव तय करेगा कि मोबिलिटी के भविष्य का असली नेतृत्व कौन करेगा

*सीआईआई नेशनल नेक्सजेन मोबिलिटी समिट शो में ऑटोमोटिव टाटा एलेक्सी मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी सुंदर गणपति ने कहाकि सॉफ्टवेयर-परिभाषित वाहनों में बदलाव का मतलब सिर्फ कारों में कोड जोड़ना नहीं है यह संपूर्ण ई /ई आर्किटेक्चर की पुनर्कल्पना करना है, जो वितरित प्रणालियों से पूर्ण केंद्रीकृत इंटेलिजेंस की ओर विकसित हो रहा है। जहां उत्तरी अमेरिका, यूरोप, चीन और जापान जैसे क्षेत्र अपने-अपने दृष्टिकोण अपना रहे हैं, वहीं भारत अपनी लागत लाभ, व्यापक प्रतिभा पूल और तेज अनुसंधान एवं विकास वृद्धि के साथ अलग नजर आ रहा है। लेकिन ओईएम को यह समझना होगा कि सफलता सिर्फ 'सॉफ्टवेयर विशेषज्ञों की नियुक्ति' से नहीं मिलेगी। यह इकोसिस्टम बदलाव तय करेगा कि मोबिलिटी के भविष्य का असली नेतृत्व कौन करेगा।*

## टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026

# कीट डीम्ड विवि को मिला 501 संस्थानों की सूची में 5वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुवनेश्वर

टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 के घोषित परिणामों में भुवनेश्वर कीट डीम्ड विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर 501 संस्थानों में आंका गया है।प्रकाशित सूची में कीट पांचवें स्थान पर भारत में सर्वश्रेष्ठ रहा है। गौरतलब है कि कीट ओडिशा का एकमात्र ऐसा तकनीकी संस्थान है जिसे राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 10 की सूची में जगह मिली है और यह ओड़िशा राज्य के लिए बेहद गर्व की बात है और इसकी बढ़ती शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रत्यक्ष प्रतीक है। वैश्विक स्तर पर कीट को 2,191 विश्वविद्यालयों में 501-600 बैंड में और 128 भारतीय संस्थानों में राष्ट्रीय स्तर पर पाँचवाँ स्थान प्राप्त हुआ है, जो पिछले वर्ष के 601-800 बैंड की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। यह वृद्धि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति और भारत के सबसे गतिशील और विश्व स्तर पर दिखाई देने वाले संस्थानों में से एक के रूप में इसके उभरने को दर्शाती है। भारतीय विज्ञान संस्थान भारतीय विश्वविद्यालयों में शीर्ष पर रहा, जबकि कीट भारत का पांचवां सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय है। इस वर्ष,कीट को टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के 'शैक्षणिक उत्कृष्टता' मानदंड में विश्व में 259वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। टाइम्स हायर एजुकेशन पाँच मानदंडों के आधार पर रैंकिंग प्रदान करता है। उल्लेखनीय रूप से, कीट डीम्ड विश्वविद्यालय ने 'उद्योग एकीकरण', 'अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण' और 'सामाजिक प्रतिबद्धता मानदंडों में भारत में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। कीट-कीस संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने कहाकि हर राज्य की आकांक्षा होती है कि उसका विश्वविद्यालय विश्व स्तर पर शीर्ष 500 में स्थान अर्जित करे। मुझे खुशी है कि कीट अपनी स्थापना के मात्र 28 वर्षों और एक डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में 22 वर्षों के अनुभव के साथ, 501 विश्वविद्यालयों की सूची में दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में शुमार हो गया है। यह उपलब्धि विशेष रूप से ओडिशा और पूरे भारत के लिए गौरव की बात है।




## खबर संक्षेप

### इंडेल मनी ने की छठें पब्लिक इश्यू की घोषणा

**मुंबई।** गोल्ड लोन के क्षेत्र में काम करने वाली एवं जमा स्वीकार नहीं करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी इंडेल मनी लिमिटेड ने 1 हजार रुपए के अंकित मूल्य वाले सिक्योर्ड एनसीडी के अपने छठें पब्लिक इश्यू की घोषणा की। यह इश्यू 13 अक्टूबर 2025 को खुलेगा और 28 अक्टूबर 2025 को बंद होगा। कंपनी कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी उमेश मोहनन ने कहाकि हम बाजार से धन जुटाने के बारे में बहुत आशावादी हैं।

### पावर को 68.22 करोड़ का एक और ऑर्डर मिला

**अहमदाबाद।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड ने भारत सरकार की पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत एक नए ऑर्डर के साथ अपने प्रोजेक्ट पोर्टफोलियो को और मजबूत किया है। यह नया ऑर्डर अगस्त 2025 में पीआईजीएल की पिछली सफलता के बाद आया है, जब कंपनी को अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा आरडीएसएस योजना के तहत वितरण अवसंरचना के विकास के लिए 70.55 करोड़ का ठेका प्रदान किया गया था।

### टाइटन ने लांच की पहली वॉन्डरिंग ऑवर्स घड़ी

**मुंबई।** टाइटन ने इंफाइनाईट से प्रेरित अपने ऐतिहासिक फेस्टिव कलेक्शन स्टेलर 3.0 लांच किया है। इन 9 असाधारण घड़ियों के केंद्र में 3 सीमित संस्करण हैं, जिनमें देश के लिए एक ऐतिहासिक पहल वांडरिंग ऑवर्स, शामिल है, जिसका अनावरण मुंबई के बैस्टियन एट द टॉप में एक विशेष लांच शोकेस में किया गया। स्टेलर 3.0 की कल्पना एक ऐसे कैनवास के रूप में की गई है जहां अनंत खगोलीय अजूबे, घड़ी निर्माण की कला से संयोजित हो जाते हैं।

### कृति सेनन का नए कैंपेन 'यू गो, गर्ल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कृति सेनन ने स्पोर्ट्स और एथलीजर ब्रांड्स में से एक कैंपस एक्टिववियर ने पने चर्चित कैंपेन 'यू गो, गर्ल का दूसरा अध्याय प्रस्तुत किया। पहले अध्याय में जहाँ 'यू गो, गर्ल कैंपेन ने महिलाओं को अपने फैशन और अंदाज़ को आत्मविश्वास से अपनाने के लिए प्रेरित किया था, वहीं इस साल का संस्करण उस सोच को और आगे ले जाता है। यह कैंपेन केवल फैशन तक सीमित नहीं है।

### अल्ट्रा प्ले ओटीटी ने 'बिग बी के ब्लॉकबस्टर्स' शुरू किया

**मुंबई।** महानायक अमिताभ बच्चन के जन्मदिन के अवसर पर अल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ग्रुप के स्वामित्व वाले हिंदी ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म अल्ट्रा प्ले ओटीटी ने 'बिग बी के ब्लॉकबस्टर्स' नामक एक महीने लंबा फिल्म फेस्टिवल लांच किया है। यह विशेष पहल अमिताभ बच्चन की पांच दशकों से अधिक लंबी फ़िल्मी यात्रा को समर्पित है। पूरे अक्टूबर माह के दौरान दर्शक उनके करियर की लोकप्रिय फ़िल्में देख सकेंगे।

## ऑल इंडिया मोटर एसो. ने दी मध्यप्रदेश के लिए सभी बुकिंग बंद करने की चेतावनी

# ट्रांसपोर्ट व्यवसायी मप्र जीएसटी विभाग के बढ़ते उत्पीड़न से नाराज

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश जीएसटी विभाग के कुछ अधिकारियों द्वारा ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों और ट्रक ऑपरेटरों के साथ अत्यधिक उत्पीडऩ किया जा रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि ऐसे वाहन भी परेशान किए जा रहे हैं जिनका माल मध्यप्रदेश का नहीं होता और जो केवल मार्ग से गुजर रहे होते हैं। देश के विभिन्न राज्यों से प्राप्त शिकायतों के चलते मध्यप्रदेश सहित देशभर के ट्रांसपोर्टरों ने देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है।

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने बताया कि मध्यप्रदेश जीएसटी विभाग के कुछ अधिकारियों द्वारा विशेष रूप से परचून की गाड़ियों को निशाना बनाया जाता है। न तो कागजों की सही तरह से जांच होती है, न ही किसी वास्तविक गड़बड़ी का आधार होता है, फिर भी गाड़ियों को जब्त कर लिया जाता है। बाद में सारे दस्तावेज सही पाए जाने के बावजूद टार्गेट पूरा करने के नाम पर रसीद कटवाने को मजबूर किया जाता है और ऊपर से रिश्वत की मांग की जाती है।



राजेन्द्र कपूर




सीएल मुकाती विजय कालरा

### जीएसटी कमिश्नर के आदेश की कर रहे विभाग के अधीनस्थ अधिकारी अवहेलना

*अध्यक्ष राजेन्द्र कपूर, विजय कालरा , सीएल मुकाती ने कहाकि जो लोग भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं, उनके ट्रक और माल को अधिकारी अनदेखा कर देते हैं। यानी ईमानदार ट्रांसपोर्टरों पर कार्रवाई और बेईमानों से समझौता, यह स्थिति पूरे विभाग की छवि को धूमिल कर रही है। उन्होंने कहाकि हालांकि मध्यप्रदेश जीएसटी कमिश्नर स्वयं एक अत्यंत ईमानदार और संवेदनशील अधिकारी हैं, लेकिन भ्रष्टाचार का जाल इतना गहराई से फैला हुआ है कि कई अधीनस्थ अधिकारी उनके आदेशों की भी अवहेलना कर रहे हैं।*

### वित्त मंत्रालय और जीएसटी काउंसिल से की हस्तक्षेप की मांग

*कपूर ने कहाकि इंदौर में पहले से ही हड़ताल की स्थिति बनी हुई है और पूरे प्रदेश में असंतोष तेजी से बढ़ रहा है। हम स्पष्ट कर देना चाहते है कि यदि यह अन्याय और अत्याचार नहीं रुका, तो वे पूरे मध्यप्रदेश में ट्रांसपोर्ट सेवाएं बंद करने पर विचार करेंगे। ट्रांसपोर्टर इस अन्यायपूर्ण रवैये की कड़ी निंदा करती है और यह स्पष्ट करती है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं होता, तो दिल्ली से मध्यप्रदेश के लिए सभी बुकिंग अस्थायी रूप से बंद करने पर भी विचार किया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने आग्रह किया कि वित्त मंत्रालय और जीएसटी काउंसिल तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करें, ताकि ईमानदार ट्रांसपोर्ट व्यवसायी और ट्रक चालक आगे उत्पीडऩ का शिकार न बनें।*

## दुग्ध संघ ने दिया 'दीपावली उपहार'

# क्रय दरों में की गई वृद्धि, 21 से उत्पादकों को प्राप्त होगा यह 'अतिरिक्त लाभ'




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भोपाल दुग्ध संघ अंतर्गत दुग्ध समितियों के दुग्ध उत्पादकों से क्रय किए जाने वाले दूध क्रय दर में इस वर्ष तीसरी बार एतिहासिक वृद्धि की गई है। दुग्ध उत्पादकों से रूपए 860 प्रति किग्रा फैट से दूध क्रय करने का निर्णय लिया गया है, जो 21 अक्टूबर 2025 से प्रभावशील होगा। अक्टूबर माह में दुग्ध संध के इतिहास में पहली बार दूध क्रय दर में वृद्धि की गई है। दुग्ध संघ ने अपने दुग्ध उत्पादक किसानों को दीपावली उपहार दिया है। भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी ने बताया कि अक्टूबर माह में दुग्ध संघ का दुग्ध संकलन 04 लाख किलो ग्राम प्रतिदिन से भी अधिक हो गया है। निरंतर दूध क्रय दर वृद्धि करने से दुग्ध उत्पादक किसानों की दीपावली से अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगा। वर्तमान में लगभग 25000 पशुपालकों को संघ से जोड़ा गया है, जो दूध क्रय वृद्धि का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त करेंगे।

## मंजीत कलेक्शन ने पेश की अपनी नई फ़ेस्टिव और वेडिंग रेंज 'एक दूजे के वास्ते'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंजीत कलेक्शन, पिछले 30 वर्षों से मध्य प्रदेश की राजधानी का सबसे पसंदीदा और प्रतिष्ठित अपेरल शोरूम रहा है। यहाँ का एक्सक्लूसिव ब्राइडल और एथनिक वेयर कलेक्शन, दशकों से पूरे परिवार की पहली पसंद रहा है। हर साल की तरह इस बार भी शोरूम ने फ़ेस्टिव सीजन में बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए अपनी लेटेस्ट फ़ेस्टिव वेयर, एथनिक वेयर और ब्राइडल वेयर रेंज लाँच कर दी है। यही नहीं, इस नवीन फ़ेस्टिव रेंज के साथ ही मनजीत कलेक्शन पर लेडीज वेयर, किड्स वेयर, मेन्स वेयर की कई नामी नेशनल एवं इंटरनेशनल ब्रांड्स की लेटेस्ट रेंज भी उपलब्ध है।

# पूरे परिवार के लिए एथनिक वियर और वेडिंग वियर का लेटेस्ट एक्सक्लूसिव कलेक्शन स्टोर पर उपलब्ध

### रेंज भी हर प्रकार की पसंद को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत : निरंजन कामदार



10 नं. मार्केट स्थित मनजीत कलेक्शन का भव्य शोरूम फेस्टिवल में चार चांद लगाने को तैयार है। सप्ताह के सातों दिन ग्राहकों की सेवा में कार्यरत है। अपने नए कलेक्शन के बारे में बताते हुए मंजीत कलेक्शन के डाइरेक्टर निरंजन कामदार ने बताया की लोगों कि मनजीत कलेक्शन पर इस बार पेश किए गए अद्भुत परिधानों में दुल्हन के लिए आकर्षक लहंगे, रिंग सेरेमनी के लिए इवनिंग गाउन, और पार्टी वियर सलवार सूट, इंडो-वेस्टर्न, शरारा, प्लाजो, अनारकली सूट, और डिजाइनर साड़ियों की एक शानदार श्रृंखला उपलब्ध है। इसके अलावा सिल्क साड़ियों की विस्तृत रेंज भी हर प्रकार की पसंद को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत की गई है।

### डिजाइनर कोट सूट, जोधपुरी सूट, और कुर्ता-पायजामा की मनमोहक रेंज केम साथ कैजुअल वियर का बेहतरीन कलेक्शन उपलब्ध

उन्होने बताया कि मेन्स वियर में दूल्हे के लिए शेरवानी, इंडो-वेस्टर्न, और बारातियों के लिए डिजाइनर कोट सूट, जोधपुरी सूट, और कुर्ता-पजामा की मनमोहक रेंज उपलब्ध है, जो हर खास मौके को और भी खास बना देगी। वहीं किड्स वियर में बॉयज और गर्ल्स के लिए एथनिक और कैजुअल वियर का बेहतरीन कलेक्शन प्रस्तुत है, जिससे छोटे भी फैशन की दौड़ में पीछे न रहें।

# फिक्की एजुकेशन में सिंबायोसिस यूनिवर्सिटी की सक्रिय भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ एजेंसी

प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक सिंबायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने भारत मंडपम में आयोजित 20वें फिक्की हायर एजुकेशन समिट 2025 में एक प्रायोजक और प्रमुख नॉलेज पार्टनर के तौर पर अपनी सक्रिय भागीदारी सफलतापूर्वक पूरी की। हायर एजुकेशन इन ए ट्रांसफॉर्मिंग वर्ल्ड ब्रिजिंग बॉर्डर्स, बिल्डिंग फ्यूचर्स थीम वाले फिक्की हायर एजुकेशन समिट का 20वां संस्करण, दो दशकों की वार्ता और वैश्विक शिक्षा परिदृश्य को आकार देने की कार्रवाई का प्रतीक है। 2004 में शुरू हुआ यह समिट, टिकाऊ विकास और अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के लिए शिक्षा को एक उत्प्रेरक के तौर पर प्रोत्साहित करते हुए नीति निर्माताओं, शिक्षा क्षेत्र के लोगों और उद्योग को जोडऩे वाले भारत के सबसे महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है।

इस ऐतिहासिक आयोजन में 70 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए 1,200 से अधिक प्रतिनिधि और 2000 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। इनके साथ ही युनिवर्सिटी के लीडर्स, नीति निर्माता, नोबल पुरस्कार विजेता और उद्योग विशेषज्ञ भी इसमें शामिल हुए। नितिन गडकरी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए और उद्घाटन सत्र को संबोधित करने के साथ ही 11वें फिक्की हायर एजुकेशन एक्सिलेंस अवॉर्ड्स भी प्रदान किए। पुरस्कार वितरण समारोह का मुख्य आकर्षण लिजेंडरी इंस्टीट्यूशन बिल्डर अवार्ड रहा जो दूरदृष्टि और भारतीय एवं वैश्विक उच्च शिक्षा में परिवर्तनकारी योगदान के लिए सिंबायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के संस्थापक और डाक्टर एस.बी. मजूमदार को प्रदान किया गया।

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या : RP/ECR/DNR/PMS/GMO-PTRU/RETEND दिनांक – 08.10.2025

1. कार्य का नाम एवं स्थान: Request for proposal (RFP) appointment of project management services (PMS) for "Design, Supply, Erection, Testing & commissioning of 132/2x25 KV Traction sub-station along with SP/SSP's between Gomoh-Patratu Section in connection with raising loading capacity upto 3000MT under East Central Railway. 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹63148809.53/–, 3. निविदा फार्म की किमत : ₹0.00, 4. आवश्यक बयाना राशि : ₹465800.00/–, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय : निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारांभिक तारीख दिनांक– 26.11.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय– दिनांक 10.12.2025 को 15:00 बजे। 6. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है : पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है। 7. पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट – खगौल जिला – पटना, पिन–801105.

उप मुख्य विद्युत अभियंता/
रेल परियोजना/पूमरे/दानापुर

पीआर/1129/डीएनआर/विद्युत/टी/24–25/40

## बिजनेस न्यूज

### आईईएस पब्लिक स्कूल को आर. इंडिया स्कूल रैंकिंग में देश में 53वां स्थान




**भोपाल।** साल दर साल से आईईएस पब्लिक स्कूल के छात्रों का आकडेमिक्स, स्पोर्ट्स एवं कल्चरल एक्टिविटी में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया एवं इंटर नेशनल, नेशनल एवं स्टेट लेवेल पर ख्याति प्राप्त की। आर. इंडिया स्कूल रैंकिंग - एमएचडब्ल्यू स्कूल रैंकिंग, भारत के अग्रणी के-12 संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने में उत्कृष्टता का जश्न मनाती है। तेजी से विकसित हो रहे शैक्षिक परिदृश्य में, स्कूलों से न केवल शैक्षणिक प्रतिभा, बल्कि अपने छात्रों के भावनात्मक लचीलेपन, समग्र विकास और कल्याण को भी बढ़ावा देने की अपेक्षा की जाती है। यह अनूठा रैंकिंग ढाँचा उन स्कूलों को उजागर करता है जिन्होंने सक्रिय कल्याणकारी पहलों, सुरक्षित शिक्षण वातावरण, समावेशी प्रथाओं और छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों, सभी के लिए मजबूत समर्थन प्रणालियों को अपनाया है। मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा में अग्रणी संस्थानों को मान्यता देते हुए, इस पहल का उद्देश्य अन्य स्कूलों को सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने और स्वस्थ, खुशहाल परिसर बनाने के लिए प्रेरित करना है। इनही आधार पर हाल ही में आईईएस पब्लिक स्कूल को देश में ५ *वा एवं प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया। आईईएस पब्लिक स्कूल में छात्रो के 360 डिग्री परफॉरमेंस पर फोकस किया जाता है। स्कूल द्वारा छात्रों को अकड़ेमिक्स एवं स्पोर्ट्स के लिए स्पेशल ट्रेनिंग देता है वही छात्रों के सम्पूर्ण विकास के लिए नेशनल एवं इंटरनेशनल लेवेल के एक्सपर्ट्स द्वारा नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जाता है।

### डायमेंसिटी 9500 चिपसेट के एआई पावर्ड चिपसेट्स के लिए विजन पेश



**भोपाल।** विश्व की अग्रणी फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने अपने टेक्नोलॉजी रूपरेखा को अत्याधुनिक ढंग से मजबूत करते हुए एआई के भविष्य को आकार प्रदान करने के लिए अपना विजन पेश किया। मीडियाटेक ने विस्तृत एन2पी प्रोसेस पर अगली पीढ़ी का अग्रणी एसओसी विकसित करने के लिए टीएसएमसी के साथ गठबंधन की भी घोषणा की और अगले वर्ष बड़ी मात्रा में इसका उत्पादन शुरू होने की संभावना है। मीडिया के साथ अपनी विशेष बातचीत में मीडियाटेक ने अपना नवीनतम अग्रणी चिपसेट दि मीडियाटेक डायमेन्सिटी 9500 पेश किया जिसे अगली पीढ़ी के 5जी स्मार्टफोन को सुपरचार्ज करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह चिपसेट उद्योग के अग्रणी ऑन-डिवाइस एआई, कंसोल-ग्रेड गेमिंग और बेजोड़ पावर दक्षता का मेल कराती है जिससे मोबाइल का निष्पादन नए सिरे से परिभाषित होता है। प्रबंध निदेशक अंकुर जैन ने कहा, एआई के दैनिक जीवन का आंतरिक हिस्सा बनने के साथ उपभोक्ता ऐसे डिवाइसेस की उम्मीद करते हैं जिसमें अधिक सूझबूझ, गति और व्यक्तिगत क्षमता हो और साथ ही वे ऊर्जा दक्षता भी बनाए रखें।

### 30 फीसदी मामलों में पुरुषों में बांझपनः डॉ. पायल

**भोपाल।** राजधानी स्थित नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी के फर्टिलिटी स्पेशलिस्टस डॉ. पायल रघुवंशी के अनुसार करीब 25 से 30 फीसदी मामलों में अनएक्सप्लेंड इंफर्टिलिटी के मामले देखे जा रहे हैं, ऐसी स्थिती में पति-पत्नी दोनों के अंडाणु और शुक्राणु सामान्य दिखते हैं, फिर भी गर्भधारण नहीं हो पाता। डॉक्टरों ने बताया कि ग्रामीण और शहरी इलाकों में बांझपन के कारण अलग-अलग हैं। ग्रामीण इलाकों में 'जीरो स्पर्म' की समस्या ज़्यादा दिख रही है, जो तंबाकू या गुटखा सेवन जैसी आदतों से जुड़ी हो सकती है। वहीं, शहरों में तनाव, बैठे-बैठे रहने की जीवनशैली और लैपटॉप या मोबाइल जैसी इलेक्ट्रॉनिक चीजों की गर्मी से बांझपन बढ़ रहा है। भोपाल स्थितल नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी के फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. पायल रघुवंशी ने कहा की, करीब 30त्न पुरुषों में शुक्राणु की गुणवत्ता और मात्रा दोनों कम हैं। महिलाओं में फैलोपियन ट्यूब की समस्या टीबी के कारण होती है, जिसका पता कई सालों तक नहीं चलता।

### मैकडॉवेल्स ने लांच किया नया कैंपेन 'यारों वाली बात 2.0'

**मुंबई।** हाउस ऑफ मैकडॉवेल्स सोडा ने पब्लिसिस ग्रुप इंडिया की टीम स्पिरिट के साथ मिलकर अपना नया कैंपेन 'यारों वाली बात 2.0' लॉंच किया है। कैंपेन का विषय है - 'करो कुछ पहली बार जब साथ हों यार', जो दोस्तों के साथ साझा किए गए उन खास 'पहली बार' वाले पलों को दर्शाता है, जो यादों में बदल जाते हैं, कहानियों में दोहराए जाते हैं और दोस्ती को और गहराई देते हैं। यह अभियान मैकडॉवेल्स सोडा को एक जिंदादिल, प्रेरणादायक और लोगों को जोडऩे वाले ब्रांड के रूप में प्रस्तुत करता है, जो हर दोस्ती में नई ऊर्जा और अपनापन जोड़ता है।

### भागेरिया ने एथॉक्सिलेट्स का किया उत्पादन शुरू

**मुंबई।** भागेरिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सेबी के नियम 30 के तहत एक नियामक प्रकटीकरण में नए प्लास्टिसाइजर और एथॉक्सिलेट्स उत्पाद लाइन के लांच की घोषणा की है। इस लांच को महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी की गई संचालन की अनुमति ने सक्षम किया। नए लांच किए गए प्लास्टिसाइजर को पॉलीमर गुणों को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। भागेरिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड नेतारापुर संयंत्र में एच-एसिड उत्पादन क्षमता को 400 मेट्रिक टन प्रति माह से बढ़ाकर 500 मेट्रिक टन प्रति माह करने की योजना का खुलासा किया था। यह 100 मेट्रिक टन प्रति माह की क्षमता वृद्धि छह महीनों के भीतर पूरी होने की उम्मीद है, जिसमें लगभग 5 करोड़ का निवेश शामिल है।

### सैमसंग का गैलेक्सी एम17-5जी लांच

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपना नया स्मार्टफोन गैलेक्सी एम17- 5जी लॉन्च करने जा रहा है। यह लॉन्च ऐसे समय में हो रहा है जब इसका पिछला मॉडल गैलेक्सी एम16 -5जी भारत में पूरी तरह बिक चुका है। नया गैलेक्सी एम17- 5जी खासतौर पर उन युवाओं के लिए बनाया गया है जो हमेशा गतिशील रहते हैं और अपने फोन से बेहतरीन परफॉर्मेंस की उम्मीद करते हैं। यह फोन अपने सेगमेंट में अग्रणी 50 मेगापिक्सल ओआईएस ट्रिपल कैमरा सिस्टम के साथ आता है। गैलेक्सी एम17- 5जी में सेगमेंट का सबसे उन्नत कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस प्रोटेक्शन और आईपी54 रेटिंग दी गई है।

### अमेजन डॉट इन पर 'दिवाली स्पेशल' डील्स लाइव

**नई दिल्ली।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 में अब 'दिवाली स्पेशल' स्टोरफ्रंट के साथ और भी उत्सव की खुशी लाई गई है। इसमें करवा चौथ, धनत्रयोदशी और दिवाली के लिए विशेष डील्स उपलब्ध हैं। ग्राहक 1 लाख से अधिक प्रोडक्ट्स पर सबसे कम कीमतों का लाभ उठा सकते हैं और सैमसंग, एप्पल, इंटेल, टाइटन, लिबास और लोरेअल जैसे प्रमुख ब्रांड्स से 30 हजार से अधिक नए प्रोडक्ट्स लांच हुए हैं, जिनकी डिलीवरी अमेज़न के विस्तारित लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के माध्यम से तेज़ी से होगी।

### आईसीसी से कोका-कोला की साझेदारी

**नई दिल्ली।** कोका-कोला इंडिया और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) मिलकर आईसीसी वुमंस क्रिकेट विश्व कप 2025 को बहुत ही रोमांचक बनाने के लिए तैयार हैं। यह साझेदारी उनकी 8 साल पुरानी दोस्ती पर टिकी है, जो महिलाओं के खेल को बढ़ावा देने और नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कंपनी के समर्पण को दर्शाती है। थम्स अप एक्सफोर्स के आधिकारिक बेवरेज पार्टनर और बॉडीआर्मर लाइट ओआरएस के हाइड्रेशन पार्टनर के रूप में, कोका-कोला इंडिया आईसीसी वुमंस क्रिकेट विश्व कप 2025 के दौरान खिलाड़ियों और प्रशंसकों को तरोताजा रखेगा।

### एचडीएफसी बैंक का माई बिजनेस क्यूआर लांच

**भोपाल ।** एचडीएफसी बैंक ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में माई बिजनेस क्यूआर के लांच की घोषणा की। माई बिजनेस क्यूआर छोटे व्यवसायों के लिए भारत का पहला कॉमर्स आइडेंटिटी क्यूआर है। इसे बैंक के लोकप्रिय स्मार्ट हब व्यापार मर्चेंट ऐप के विस्तार के रूप में व्यापरीफाई के साथ साझेदारी में लांच किया गया है, जिसका उपयोग देश भर में 20 लाख से ज़्यादा व्यापारी करते हैं। यह अनूठा क्यूआर भारत की दो लोकप्रिय डिजिटल आदतों-क्यूआर भुगतान और चैट को मिलाकर एक सुविधाजनक जुड़ाव-आधारित ऑनलाइन खरीदारी अनुभव प्रदान करता है। माई बिजनेस क्यूआर के साथ, व्यापारी एक डिजिटल बिजनेस प्रोफाइल बना सकते हैं जो ऑनलाइन कॉमर्स-रेडी स्टोरफ्रंट के रूप में भी काम करती है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम
Union Bank of India
A Government of India Undertaking

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालयः नर्मदापुरम, अशोक भवन, खसरा नं. 59/28, वार्ड नं. 12, जलालाबाद नर्मदापुरम - 451001 (म.प्र.)

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित ऋणियों से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **30 अक्टूबर 2025** को बेचा जाएगा।

| ऋणी (यो)/ बंधककर्ता (ओ)/ जमानतदार (रो) का नाम | अनुसूची (संपत्ति का विवरण) | आरक्षित मूल्य / ईएमडी | मांग सूचना अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्ववर्ती कार्पोरेशन बैंक) मंडीदीप शाखाः इन्द्रा नगर, एनएच-12, मंडीदीप फोन : 07480-231088** | | | |
| ऋणी- **मेसर्स अग्रता स्पाइसेस** द्वारा- प्रोपराइटर-श्री अमित कुमार श्रीवास्तव जमानतदार- श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव पुत्र भैयालाल | संपत्ति का समस्त भू भाग क्षेत्रफल- 4305.56 वर्गफिट में स्थित खुली डायवर्टेड भूमि स्थित खसरा नं. 129, प.ह.नं. 25/8, वार्ड नं. 3, ग्राम- खिल्लीखेड़ा, विकासखण्ड, औबेदुल्लागंज, तहसील- गौहरगंज, उपजिला एवं जिला- रायसेन में पंजीकृत संपत्ति मालिक- श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव पुत्र श्री भैयालाल चर्तुसीमाएं- उत्तर - श्री हरिनारायण यादव का मकान, दक्षिण- श्री मोहन सिंह यादव का मकान, पूर्व- नाला, पश्चिम- सरकारी रोड | ₹ 11,34,000/- / ₹ 1,13,400/- | ₹ 1886230.65 + ब्याज एवं खर्चे / मांग सूचना दिनांक 01/07/2019 |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 30-10-2025, दोपहर 12.00 से सायं 5.00 बजे तक** (10 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट देखें।
www.unionbankofindia.co.in & https://baanknet.com
पंजीयन, लॉगइन एवं नीलामी के नियम हेतु अवलोकन करें- https://baanknet.com
तारीख : 10.10.2025, स्थानः मंडीदीप (म.प्र.) प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

चिंतन

# नोबेल पुरस्कार कमेटी ने भी ट्रंप के दावों की निकाली हवा

हिन्दी फिल्म का एक गीत है, दिल के अरमा आंसूओं में बह गए। यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सटीक बैठ रहा है। बीते एक साल से शांति का नोबेल पुरस्कार पाने के लिए उन्होंने न जाने कितने दावे किए। एक के बाद एक सात युद्ध रुकवाने की ताल ठोंकी। बकायदा खुद ही नोबेल मांग भी लिया। ट्रंप ने दावा किया कि सिर्फ सात महीनों में, मैंने सात अंतहीन युद्धों को समाप्त कर दिया है। इसमें कुछ 31 साल से चल रहे थे, एक 36 साल से। मैंने सात युद्ध समाप्त किए। सभी युद्ध अनगिनत लोगों की जान लेने के साथ भीषण रूप से चल रहे थे। मुझे लगता था कि इनमें से शायद सबसे बड़ा युद्ध रूस-यूक्रेन होगा। वे हर हफ़्ते लगभग 7,000 लोगों को खो रहे हैं, और यह बहुत बुरा लगता है। उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध में भी शांति करवाने के लिए मध्यस्थता करने का दावा किया था, जिसे भारत ने सिरे से खारिज कर दिया था। हालांकि पाकिस्तान ने उनकी भावना को स्वीकार करते हुए उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया था। पाकिस्तान के अलावा इजरायल ने भी डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया था, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिल पाया। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 इस बार वेनेज़ुएला की लोकतंत्र समर्थक नेता मारिया कोरिना मचाडो को दिया गया है। नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने कहा कि यह सम्मान उन्हें वेनेज़ुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए उनके अथक संघर्ष और देश को तानाशाही से लोकतंत्र की ओर ले जाने के प्रयासों के लिए दिया गया है। मचाडो ने विपरीत परिस्थितियों में भी लोकतंत्र की ज्योति जलाए रखी और निरंकुश शासन के खिलाफ शांतिपूर्ण संघर्ष जारी रखा। समिति ने उन्हें लैटिन अमेरिका में नागरिक साहस की असाधारण मिसाल बताया है। एक समय पर विभाजित विपक्ष को एकजुट कर उन्होंने वेनेज़ुएला में "स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की मांग को राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दिया। माचाडो की यह नोबेल ऐसे समय में मिला है जब वेनेज़ुएला में तानाशाही शासन आ चुका है। आज देश मानवीय और आर्थिक संकट से गुजर रहा है, जहां अधिकांश नागरिक गरीबी में हैं जबकि सत्ता से जुड़े कुछ लोग असीमित लाभ उठा रहे हैं। सरकार की हिंसक मशीनरी अपने ही नागरिकों पर दमन कर रही है और अब तक करीब 80 लाख लोग देश छोड़ने को मजबूर हो चुके हैं। विपक्ष को चुनावी धांधली और फर्जी मुकदमों के जरिए जेलों में ठूंस दिया गया है। इस घोषणा के बाद व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बजाय वेनेज़ुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को शांति पुरस्कार देने के फैसले की तीखी आलोचना की है। साथ ही नोबेल कमेटी पर पुरस्कार देने में राजनीतिकरण किए जाने का आरोप लगाया है। असल में ट्रंप का मिजाज अलग तरह का है। वो हर काम में खुद को अव्वल साबित करने की कोशिशों में लगे रहते हैं। कोई माने या न माने, वो हमेशा खुद ही अपने काम का गुणगान करने लगते हैं। बीते दिनों एक वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें यूरोपीय देश अल्बानिया के प्रधानमंत्री, आर्मेनिया के पीएम और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ट्रंप के दावे का मजाक उड़ाते नजर आ रहे हैं। कोपेनहेगन में आयोजित यूरोपीय राजनीतिक समुदाय की बैठक में अल्बानिया के प्रधानमंत्री एदी रामा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बार-बार की जाने वाली भौगोलिक गलतियों को लेकर चुटकी ली थी। अब नोबेल पुरस्कार कमेटी ने भी ट्रंप के दावों की हवा निकाल दी है।



पुरस्कार
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# लोकतंत्र की पैरोकार को नोबेल पुरस्कार

> नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार एक साहसी और समर्पित शांति समर्थक को देने का निर्णय लिया। एक ऐसी महिला जो अंधकार के बढ़ते दौर में लोकतंत्र की ज्योति को जलाने की कोशिश कीं। उन्हें यह सम्मान अपने देश में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष करने और तानाशाही शासन को समाप्त करने की मुहिम के लिए मिला है। मारिया मचाडो लंबे समय से वेनेज़ुएला में सत्तावादी राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ लोकतांत्रिक आंदोलन की अगुवाई करती रही हैं। उन्होंने अहिंसक प्रतिरोध किया। शांतिपूर्ण जन-आंदोलन और राजनीतिक संवाद के ज़रिए बदलाव की राह चुनी।

पूरी दुनिया में नोबेल शांति पुरस्कार हर वर्ष लोगों की जिज्ञासा का विषय होता है। इस वर्ष भी नोबेल शांति पुरस्कार कम विमर्श के केंद्र में नहीं रहा। खासकर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अपनी इस पुरस्कार को पाने की महत्वाकांक्षा बहुत ज्यादा हो गई थी। उन्होंने खुद को इस प्रकार प्रोजेक्ट किया कि उनसे अधिक सुयोग्य कोई है ही नहीं। उन्होंने कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों से स्वयं का नॉमिनेशन करवाया। पाकिस्तान तो संयुक्त राष्ट्र महासभा में ट्रंप को इस पुरस्कार के लिए सबसे योग्य बताया। लेकिन दुखद यह है कि सात से अधिक देशों ने उन्हें नॉमिनेट किया लेकिन पुरस्कार नहीं मिला। वह अमेरिका के उन चार राष्ट्रपतियों के साथ अपना नाम इतिहास में दर्ज कराना चाहते थे जिन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिला है। ग्रेता थनबर्ग समेत दुनिया के और बहुत से नॉमिनेशन हुए थे। नोबेल की इच्छा रखने वाले ये सक्रिय लोग भी निराश हुए होंगे जिन्हें यह लगता था कि यह पुरस्कार इस बार उन्हें मिल जाएगा। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 की घोषणा हुई तो पता चला कि यह पुरस्कार इस वर्ष मारिया कोरिना मचाडो को मिला।

जैसा कि पूरी दुनिया को पता है कि नोर्वेजियन नोबेल समिति ने 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार एक साहसी और समर्पित शांति समर्थक को देने का निर्णय लिया। एक ऐसी महिला जो अंधकार के बढ़ते दौर में लोकतंत्र की ज्योति को जलाने की कोशिश कीं। उन्हें यह सम्मान अपने देश में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष करने और तानाशाही शासन को समाप्त करने की मुहिम के लिए मिला है। मारिया मचाडो लंबे समय से वेनेज़ुएला में सत्तावादी राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ लोकतांत्रिक आंदोलन की अगुवाई करती रही हैं। उन्होंने अहिंसक प्रतिरोध किया। शांतिपूर्ण जन-आंदोलन और राजनीतिक संवाद के ज़रिए बदलाव की राह चुनी। नोबेल कमेटी ने उनके इस प्रयास को लोकतांत्रिक मूल्यों की वैश्विक रक्षा का प्रतीक बताया। यह पुरस्कार ऐसे समय आया है जब वेनेज़ुएला में लोकतंत्र को लेकर चिंता बढ़ रही है। मचाडो के संघर्ष ने वहां के नागरिक समाज को नई ऊर्जा दी है। इसी ऐलान के साथ डोनाल्ड ट्रंप का नोबेल पुरस्कार जीतने का सपना टूट गया। 2025 की नोबेल शांति पुरस्कार जूरी ने मारिया कोरिना मचाडो को इसके काबिल समझा। वस्तुतः मचाडो एक ऐसी राजनीतिक विपक्ष की एक प्रमुख और एकजुट करने वाली शख़्सियत रही हैं। उन्होंने लोकतंत्र की आत्मा को समझा और अपनी इच्छाशक्ति को भी जो जन-शासन के सिद्धांतों की रक्षा को समर्पित रहे हैं। वेनेज़ुएला के आपसी मतभेद को उन्होंने ख़त्म किया, खतरे में पड़े लोकतंत्र को बचने हेतु सशक्त आवाज़ बनीं। लोकतंत्र की क्रूर सत्ता को चुनौती देकर उन्होंने तानाशाही को एक तरह से ललकारा। मानवीय और आर्थिक संकट से जूझ रहे वेनेज़ुएला को बचने के लिए आगाह किया और आगे बढ़कर बचाया भी। पूरी दुनिया को पता है कि अधिकांश वेनेज़ुएलाई नागरिक गहरी गरीबी में जीवन बिता रहे हैं। सत्ता में बैठे कुछ लोग खुद को समृद्ध कर रहे हैं। राज्य की हिंसक मशीनरी देश के अपने ही नागरिकों के खिलाफ खड़ी हो चुकी है। लगभग 80 लाख लोग देश से पलायन कर चुके हैं। विपक्ष को सुनियोजित तरीकों से कुचल दिया गया।



चुनावों में धांधली, कानूनी मुकदमे और जेल की सजा के जरिए जिन्हें जेल में नहीं होना चाहिए, वे जेल में बंद हुए और सजा काट रहे हैं। किसी भी लोकतंत्र के लिए कितना कष्टमय और खतरनाक होता है उस देश के लोकतंत्र की हत्या जब हो जाती है। वेनेज़ुएला के लोगों को लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए स्पेस न हो और तानाशाही से लोकतंत्र कुचल दिया गया हो तो ऐसे में न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण परिवर्तन के लिए संघर्ष को किसी ने नेतृत्व प्रदान किया तो उस नेतृत्व का नाम है मारिया। यह उनकी उस सभ्यता के साथ लड़ाई मानी गई है जो अपने क्रूरतम षड्यंत्र में देश को फंसाकर अपने हितों को साध रही थी। सबसे अहम् बात यह है कि जब तानाशाह सत्ता पर कब्जा करते हैं, तब यह बेहद जरूरी हो जाता है कि हम उन साहसी स्वतंत्रता सेनानियों को पहचानें जो उठते हैं, और विरोध करते हैं। लोकतंत्र उन लोगों पर निर्भर करता है जो चुप नहीं रहते, जो गंभीर खतरे के बावजूद आगे बढ़ते हैं। जो हमें याद दिलाते हैं कि स्वतंत्रता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। इसकी हमेशा रक्षा करनी होती है चाहे शब्दों से, साहस से और संकल्प के साथ। इस बात का जिक्र नोबेल पुरस्कार की घोषणा करते हुए जूरी ने भी की है कि मरिया मचाडो ने शब्दों से, साहस से व संकल्प से इस तानाशाही से संघर्ष किया और उन अधिकारों की पैरोकार बनीं जिससे वेनेज़ुएला के नागरिक आहत हो चुके थे या देश छोड़कर जा चुके हैं। अंधकार के बढ़ते माहौल में लोकतंत्र की लौ को जलाए रखने वाली मारिया कोरिना मचाडो का व्यक्तिगत जीवन भी बहुत शानदार रहा है। उन्होंने इंजीनियरिंग और वित्त की पढ़ाई की। 1992 में, मारिया ने अतेनिया फाउंडेशन की स्थापना की, जो कराकास में सड़क पर रहने वाले बच्चों के कल्याण के लिए काम करती है। 2010 में, मरिया विधानसभा के लिए निर्वाचित हुईं और रिकॉर्ड वोटों से जीतीं। लेकिन कुछ वर्षों बाद 2014 में शासन ने उन्हें पद से निष्कासित कर दिया। मारिया कोरिना मचाडो वेंते वेनुज़ुएला नामक विपक्षी पार्टी का नेतृत्व करती हैं। 2017 में सोय वेनेज़ुएला गठबंधन की स्थापना में भी मरिया मचाडो का योगदान रहा है, जो देश की लोकतांत्रिक ताकतों को राजनीतिक विभाजन के पार एकजुट करता है।

अभी दो वर्ष पूर्व 2023 में उन्होंने 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की थी। जब शासन ने उन्हें चुनाव लड़ने से रोक दिया, तो उन्होंने विपक्ष के वैकल्पिक उम्मीदवार एडमुण्डो गोंजालेज़ उरुतिया का समर्थन किया। विपक्ष ने व्यापक स्तर पर जनसमर्थन जुटाया। व्यवस्थित रूप से यह दस्तावेज़ीकरण किया कि उन्होंने चुनाव में जीत हासिल की है। लेकिन शासन ने खुद को विजेता घोषित कर लिया और सत्ता पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली, यह बात उन्हें रास न आई और वह एक मुखर प्रतिरोध की संस्कृति की वाहक बन गयीं। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 जूरी ने तर्क दिया है कि लोकतंत्र, जिसे इस रूप में समझा जाता है कि हर व्यक्ति को अपनी राय स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने का अधिकार है। अपना मत डालने का अधिकार है। एक निर्वाचित सरकार में प्रतिनिधित्व प्राप्त करने का अधिकार है वस्तुतः यही शांति की नींव है, चाहे वह किसी देश के भीतर हो या देशों के बीच हो।

सुश्री मचाडो ने इस प्रकार एक नई परिभाषा लोकतंत्र के बहाने पूरी दुनिया को दी जो वेनेज़ुएला के साथ पूरी दुनिया के लिए शांति व अमन, विकास व स्थायी गरिमा के लिए मिसाल बन गया है। नोबेल शांति पुरस्कार की जूरी ने सुश्री मारिया को यह पुरस्कार देकर ट्रंप को भी एक सबक दिया है कि पुरस्कार पाने के पैमाने कुछ और हैं, जबरदस्ती नॉमिनेशन कराकर यह सम्मान हासिल नहीं किया जा सकता।

(लेखक अहिंसक सभ्यता के पैरोकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
आस्था अग्रवाल




# जेपी नारायण ने लोकतंत्र की चेतना को नया स्वर दिया

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 11 अक्टूबर का दिन एक नैतिक स्मृति के रूप में अंकित है। इसी तिथि को 1902 में बिहार-उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित सिताबदियारा ग्राम में जयप्रकाश नारायण का जन्म हुआ, ऐसे व्यक्तित्व का, जिसने भारतीय राजनीति को जनसहभागिता और नैतिक उत्तरदायित्व की दिशा दी। लोकमानस ने उन्हें 'लोकनायक' कहा, क्योंकि उन्होंने जनता को केवल मतदाता नहीं, बल्कि शासन का वास्तविक केंद्र माना। जयप्रकाश नारायण का प्रारंभिक जीवन संघर्ष और आत्मनिर्भरता का प्रतीक था। पटना और बनारस में शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे 1922 में उच्च अध्ययन हेतु अमेरिका गए। वहां उन्होंने समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान का अध्ययन किया और जीविका के लिए खेतों, कारखानों और रेस्तरां में कार्य किया। इस अनुभव ने उन्हें सिखाया कि श्रम ही समाज का सच्चा आधार है, और यहीं से उनके समाजवाद की नींव पड़ी। अपने प्रसिद्ध निबंध 'समाजवाद क्यों?' (1936) में उन्होंने लिखा "समाजवाद केवल आर्थिक संरचना का प्रश्न नहीं, बल्कि मनुष्य की आत्मा में नैतिक परिवर्तन की प्रक्रिया है।" भारत लौटने पर वे गांधीजी और नेहरू से जुड़े और कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भाग लिया और नासिक जेल भेजे गए। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब अधिकांश नेता सत्ता-संरचना का हिस्सा बने, तब जयप्रकाश नारायण ने उससे दूरी बनाई। सरकार में सम्मिलित होने के प्रस्तावों को अस्वीकार करते हुए उन्होंने कहा-"मैं सत्ता में नहीं, समाज में रहकर कार्य करना चाहता हूँ।" उनके लिए राजनीति का अर्थ शासन नहीं, बल्कि समाज-निर्माण था। 1950 के दशक में वे विनोबा भावे के भूदान और सर्वोदय आंदोलनों से जुड़े, जहां उन्होंने ग्राम-स्वराज्य को भारतीय लोकतंत्र का मूलाधार बताया। उनके शब्दों में- "लोकतंत्र वह संरचना है जिसमें निर्णय और शक्ति का स्रोत जनता के सबसे निकट स्तर पर हो।" 1970 के दशक का राजनीतिक परिदृश्य भ्रष्टाचार और असंतोष से भरा था। इसी काल में बिहार से संपूर्ण क्रांति का आह्वान हुआ, जो सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि समाज के नैतिक पुनर्जागरण का संदेश थी। अपने प्रसिद्ध भाषण में उन्होंने युवाओं से कहा-"मेरे नौजवान मित्रों, भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष ही सच्ची आज़ादी की लड़ाई है।" छात्रों और युवाओं की भागीदारी ने इस आंदोलन को राष्ट्रीय स्वरूप दिया। 1974 का बिहार आंदोलन शीघ्र ही भारतीय लोकतंत्र के पुनर्जागरण का प्रतीक बन गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्रांति केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि व्यक्ति, समाज, शिक्षा, संस्कृति और अर्थव्यवस्था के स्तर पर नैतिक पुनर्जन्म की प्रक्रिया है। जब 1975 में आपातकाल घोषित हुआ, तब जयप्रकाश नारायण भारतीय लोकतंत्र की अंतरात्मा की आवाज़ बनकर उभरे। जेल में रहते हुए उन्होंने 'जेल डायरी' में लिखा-"सत्ता का अहंकार जब जनता की आवाज़ को दबाता है, तब मौन भी प्रतिरोध बन जाता है।"आपातकाल की समाप्ति के बाद उन्होंने जनता पार्टी के गठन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाई, परंतु कोई पद स्वीकार नहीं किया। उनके लिए सत्ता का उद्देश्य आत्मसिद्धि नहीं, जनकल्याण था और यही उन्हें गांधी परंपरा के सबसे प्रामाणिक उत्तराधिकारी के रूप में प्रतिष्ठित करता है। लोकनायक का जीवन उनके सिद्धांतों का साक्ष्य था। उन्होंने जीवनभर कोई निजी संपत्ति नहीं जोड़ी। पटना के कदमकुआं स्थित उनके सादे आवास में कुछ पुस्तकें, पत्र और खादी के वस्त्र ही उनकी सम्पत्ति थे। गंभीर रोग से ग्रस्त रहने के बावजूद वे अंतिम समय तक भारत के भविष्य को लेकर चिंतनशील रहे। उन्होंने कहा था- "शरीर थक गया है, पर देश के लिए चिंता अभी बाकी है।" बिहार उनके विचारों की प्रयोगभूमि रहा। यहीं से उन्होंने युवाओं को लोकशक्ति का महत्व सिखाया और लोकतंत्र की चेतना को नया स्वर दिया। बिहार आंदोलन ने यह सिद्ध किया था कि जब जनता नैतिकता की मांग करती है, तो सत्ता को झुकना पड़ता है। उन्होंने लोकतंत्र को जनता की सजगता से जोड़ा था, यह मानते हुए कि शासन की गुणवत्ता नागरिक चेतना पर निर्भर करती है। उनका स्मरण किसी दल की प्रशंसा नहीं, बल्कि मतदाता के विवेक को जगाने का अवसर होना चाहिए। आज जब भारत अपनी लोकतांत्रिक परिपक्वता की परीक्षा से गुजर रहा है, लोकनायक का स्मरण केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। उनकी विरासत हमें यह सिखाती है कि -"महानता सत्ता से नहीं, आचरण से आती है।"और शायद यही कारण है कि जयप्रकाश नारायण आज भी भारतीय लोकतंत्र की अंतरात्मा के सबसे निर्मल स्वर बने हुए हैं ।

(लेखिका शोध छात्रा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

गुजरात से लेकर दिल्ली तक रचा कीर्तिमान

# नरेंद्र मोदी के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के बेमिसाल 24 साल




सुरेश पचौरी
भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने राजनैतिक जीवन में एक और कीर्तिमान रच दिया। वह है मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 24 वर्षों तक देशवासियों की सेवा करने का उन्हें सुअवसर प्राप्त हुआ है। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक का उनका सफर अनगिनत उपलब्धियों से भरपूर है। लोकप्रियता के शिखर पर द्रष्टव्य मोदी का प्रभामंडल आज इतना व्यापक बन चुका है कि वे अब 'वर्ल्ड लीडर' बन चुके हैं। उनके नेतृत्व में भारत चहुंमुखी विकास कर रहा है और हमारी अर्थव्यवस्था कई गुना छलांग लगा चुकी है। देश के चतुर्दिक हिस्से स्वयमेव विकास की गवाही दे रहे हैं। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सड़कों, रेलमार्गों, हवाई अड्डों, औद्योगिक इकाइयों, विद्युत परियोजनाओं, मेडिकल कालेजों आदि का तेजी से विस्तार हो रहा है। देश में आतंकवाद व नक्सलवाद की जड़ें खोखली होती जा रही है, साथ ही आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति से अब संपूर्ण विश्व प्रेरणा ले रहा है। आत्मनिर्भरता और सुरक्षा के मद्देनजर मोदी द्वारा उठाए गए कदमों से जनमानस में निश्चिंतता के भाव जागृत हुए हैं। 'नए भारत' के शिल्पकार नरेंद्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की अवधारणा के साथ विश्व को भारत की शक्ति से परिचित कराया। भारतीय लोकतंत्र में अनुशासन व अन्त्योदय के महत्व को नये सिरे से परिभाषित कर उसे व्यवस्था का मूल आधार बनाया।

साढ़े बारह वर्षों तक गुजरात के सीएम रहे मोदी ने गुजरात राज्य को औद्योगिक क्रांति का केंद्र बनाकर सर्वांगीण विकास का ऐसा सिलसिला शुरू किया, जो कालांतर में 'गुजरात मॉडल' के रूप में जाना गया और देश के विभिन्न प्रदेशों ने उसे अपने-अपने राज्यों में अपनाकर उसे विकास का संप्रेरक माना। गुजरात में हरित क्रांति लाने का श्रेय भी मोदी को ही जाता है। गांव-गांव पानी पहुंचाकर लाखों एकड़ बेकार पड़ी भूमि को खेती योग्य बनाने के परिणाममूलक कार्य मोदी के ही मुख्यमंत्रित्व काल में हुए, जिससे लाखों किसान आज खुशहाली का जीवन जी रहे हैं। गुजरात की तुलना समृद्ध व विकसित राज्य के रूप में होने के पीछे मोदी का कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच व समर्पण अन्तर्निहित है।

पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता से शुरू हुई मोदी की सामाजिक व राजनैतिक यात्रा परिश्रम, त्याग, एकनिष्ठा व राष्ट्रप्रेम का जीता-जागता उदाहरण है। साधारण कार्यकर्ता से लेकर देश के प्रधान सेवक के रूप में उनके कालखंड पर दृष्टिपात करें तो यह अवधि सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रथम के अद्भुत समागम से परिपूर्ण मिलेगी।

## हेमकुंड साहिब के कपाट बंद



चमोली। उत्तराखंड के चमोली स्थित श्री हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए शुक्रवार, 10 अक्टूबर को दोपहर एक बजे के बाद बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने की प्रक्रिया सुबह 10 बजे सुखमणि साहिब के पाठ के बाद से शुरू हुई।

## आज की पाती

### डाक विभाग की कमियों को दूर किया जाए

नौ अक्टूबर को विश्व डाक दिवस मनाया जाता है और इसी उपलक्ष्य पर 9 अक्टूबर से विश्व डाक सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान सरकार और डाक विभाग इससे संबंधित योजनाओं और डाक विभाग के अन्य कार्यों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाते हैं। दुनिया में डाक का विस्तार हो, और यह सुगम हो, इसके लिए दुनिया के लगभग 22 देशों ने एक संधि पर हस्ताक्षर 9 अक्टूबर 1874 को करके जनरल पोस्टल यूनियन का गठन किया था। हमारा देश 1 जुलाई 1876 को यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बना था। हमारा देश गांवों का देश है, यहां आज भी कुछ हद तक डाक प्रणाली की बहुत जरूरत और अहमियत हैं। डाक विभाग ही लोगों के पत्र और दूसरे बहुत से सामान को गंतव्य तक पहुंचाता है। - मुकेश गुप्ता, दुर्ग

## ट्रेंड

### आवंटियों को फ्लैट्स सौंपे



किसी भी परिवार का एक सपना होता है कि उनका अपना घर हो। इस सपने को साकार करते हुए जनपद गोरखपुर में आज आवासीय परियोजना के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस/एलआईजी फ्लैट्स के आवंटियों को चाबी वितरित की।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### पारदर्शी तरीके से नौकरी




असम ने आज एक बार फिर यह साबित किया है कि बिना किसी धांधली या विवाद के भी पारदर्शी तरीके से सरकारी भर्ती परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जा सकते हैं। हमने चुनाव में 1 लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था, लेकिन अब हम लगभग 2 लाख नौकरियां दे रहे हैं।
- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, बिहार

### झूठ बोलती है सरकार



दो महीने से पेंशन नहीं मिली! हम अगर एचआरटीसी के कर्मचारियों की हक़ की बात करें तो सरकार झूठ बोलने पर उतारू हो जाती है। पेंशन समय से जारी करने की बात करें तो मंत्री इस्तीफे की चुनौती देकर सनसनी फैलाते हैं और सुर्खियां बटोरते हैं।
-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल

### शिक्षा व्यवस्था दयनीय



दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज शिक्षा जैसी बुनियादी ज़रूरतों के लिए भी हमारे झारखंड के युवाओं को आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा है। यह स्थिति राज्य की शिक्षा व्यवस्था की संवेदनहीनता को दर्शाती है।
- बाबूलाल मरांडी, भाजपा नेता

करंट अफेयर


## जापान के कोमेइतो पार्टी ने सत्तारूढ़ पार्टी का साथ छोड़ा



जापान की कोमेइतो पार्टी के प्रमुख ने कहा है कि भ्रष्टाचार से जुड़ी चिंताओं के कारण वह लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग हो रहे हैं। कोमेइतो नेता तेत्सुओ सेइतो द्वारा शुक्रवार को घोषित निर्णय लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों के लिए एक बड़ा झटका है, जिन्होंने पिछले सप्ताहांत धुर-रूढ़िवादी सांसद साने ताकाइची को अपना नेता चुना था। ताकाइची अभी भी जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बन सकती हैं, लेकिन बौद्ध समर्थित कोमेइतो के साथ छोड़ देने से लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी को सत्ता में बने रहने के लिए कम से कम एक अन्य गठबंधन सहयोगी खोजने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। साने ताकाइची ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सेइतो ने 'गठबंधन छोड़ने के निर्णय की एकतरफा घोषणा की है', जबकि उन्होंने और एलडीपी महासचिव शुनिची सुजुकी ने कहा था कि लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करेगी और तुरंत जवाब देगी। ताकाइची ने कहा, 'हम 26 वर्षों से एकसाथ थे और यह बेहद निराशाजनक था, लेकिन अंत में हम ऐसे अलग हुए।' सत्तारूढ़ गठबंधन पहले ही संसद के दोनों सदनों में अपना बहुमत खो चुका है। निचले सदन में इस महीने के अंत में नये प्रधानमंत्री के लिए मतदान होना है।

ऑफ बीट

## पेयजल से माइक्रोप्लास्टिक हटाने में मिली सफलता



माइक्रोप्लास्टिक हमारी प्लास्टिक की दुनिया के अंश हैं, जो बड़े वस्तुओं के टूटने से या सिंथेटिक कपड़ों और पैकेजिंग जैसे उत्पादों से उत्पन्न होते हैं। अब ये हर जगह मौजूद हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि दुनिया के सतही जल में लगभग 51 खरब कण तैर रहे हैं, और दक्षिण अफ्रीका के नल के पानी में भी इनका निम्न स्तर पाया गया है। यही चिंता का विषय है क्योंकि ये कण रसायन और हानिकारक बैक्टीरिया के वाहक बन सकते हैं, मछलियों और अन्य वन्य जीवों द्वारा खाए जा सकते हैं, और हमारे शरीर में भी पहुंच सकते हैं। हम जल वैज्ञानिक हैं और इस समस्या के समाधान की तलाश में हैं। हाल ही में किए गए एक अध्ययन में, हमने एक व्यावहारिक समाधान का परीक्षण किया – दो ''चुंबकीय सफाई पाउडर'' जो पानी में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक्स पर चिपक सकते हैं। इन गुच्छों को फिर एक चुंबक की मदद से बाहर निकाला जा सकता है। इन पदार्थों को चुंबकीय नैनोकंपोजिट कहा जाता है (इनकी कल्पना विशेष सतहों वाले बहुत महीन पाउडर के तौर पर की जा सकती है)। इसके पीछे का विचार बहुत सरल है। पानी में पाउडर की थोड़ी मात्रा मिलाएं, इसे माइक्रोप्लास्टिक्स को आकर्षित करने और उनसे जुड़ने दें, और फिर पाउडर-प्लास्टिक समूहों को हटाने के लिए एक शक्तिशाली चुंबक का उपयोग करें, जिससे स्वच्छ पानी बचेगा।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।






# विधानसभा चुनावों से पहले एनडीए-महागठबंधन में मशक्कत बढ़ी, प्रत्याशियों की घोषणा की चुनौती 'बड़ी'

**चिराग ने एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर दिया खुलकर बयान**

## सभी चीजों पर विस्तार से बात कर रहे ताकि दिक्कत न हो प्रधानमंत्री के रहते हमें सम्मान पर सोचने की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ पटना

*बिहार विधानसभा चुनावों से पहले एनडीए गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर एक सकारात्मक खबर सामने आई है। लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के नेता चिराग पासवान ने पहली बार खुलकर कहा है कि उनकी भाजपा के साथ बातचीत बहुत सकारात्मक रही है। जल्द फैसला हो जाएगा*

बिहार विधानसभा चुनावों से पहले एनडीए गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर एक सकारात्मक खबर सामने आई है। लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के नेता चिराग पासवान ने पहली बार खुलकर कहा है कि उनकी भाजपा के साथ बातचीत बहुत सकारात्मक रही है। उन्होंने सीटों के अलावा गठबंधन की हर छोटी-बड़ी बात पर विस्तार से चर्चा जारी रहने की बात कही है। चिराग ने कहा कि बहुत ही सकारात्मक बात हुई है। बात हो रही है। इंतजार बहुत जल्द खत्म होगा। हमलोग सीट के अलावा सभी चीजों पर विस्तार से बात कर रहे हैं, जिससे गठबंधन में कोई दिक्कत कभी न आए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए जोड़ा कि जहां हमारे पीएम हैं, वहां मुझे अपने सम्मान के बारे में सोचने की जरूरत नहीं है। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान ने स्पष्ट शब्दों में कहा है।

केंद्रीय मंत्री राय ने साफ शब्दों में यह बात बताई

**बातचीत इसलिए कि कोई संशय न रहे**



बिहार चुनाव को लेकर भाजपा के साथ सीट बंटवारे की बातचीत पर चिराग ने कहा कि बातचीत सकारात्मक ढंग से चल रही है और अब अपने अंतिम चरण में है। जिस घोषणा का इंतजार आपलोग कर रहे हैं, वह भी जल्द होने वाली है। हम लोग हर एक चीजों पर विस्तार से चर्चा कर रहे हैं। ताकि बाद में गठबंधन के अंदर किसी भी चीजों को लेकर कोई संशय नहीं हो।

**सीट शेयरिंग में देरी को लेकर कांग्रेस ने राजद को दिया अल्टीमेटम**

## इन 13 सीटों पर भी नाम किए फाइनल

बिहार चुनाव के लिए पहले चरण के नामांकन आज से शुरु हो गए है। गठबंधन के अहम सहयोगी दल कांग्रेस की पहली लिस्ट तैयार हो गई है। बताया जा रहा 13 उम्मीदवारों के नाम फाइनल है, बस ऐलान बाकी है। इस बीच कांग्रेस ने राजद को अल्टीमेटम दे दिया है कि सीटों का बंटवारा जल्द करें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस पहले चरण वाले इलाकों में अपने दावों वाली सीटों पर नामांकन शुरू कर देगी। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पार्टी ने अपने हिस्से की संभावित सीटों के प्रत्याशियों के नाम तय कर दिए हैं। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम अपनी मौजूदा सीट कुटुंबा से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान भी अपनी मौजूदा सीट कदवा से फिर से चुनावी मैदान में उतरने वाले हैं। किशनगंज से इजहारुल हुसैन, मनिहारी से मनोहर प्रसाद सिंह, मुजफ्फरपुर से विजेंद्र चौधरी, करहगर से संतोष मिश्रा, औरंगाबाद से आनंद शंकर सिंह को पार्टी टिकट देगी। ये सभी अभी मौजूदा विधायक हैं। इसके अलावा बेगूसराय से अमिता भूषण, बछवाड़ा से बिहार यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शि वप्रकाश गरीब दास, रीगा से अमित कुमार टुन्ना, रोसड़ा से बीके रवि, वारिसलीगंज से सतीश कुमार और चेनारी से मंगल राम को टिकट मिलेगी। हम अपने कोटे की सीटों पर काम कर रहे हैं।

**अपने हिस्से की सभी सीटों पर तय किए उम्मीदवार**



कांग्रेस ने अपने हिस्से की सभी सीटों पर उम्मीदवार के नाम फाइनल कर दिए हैं। इस बात के संकेत बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने भी दिए है। राजेश का कहना है कि हमने अपने उम्मीदवारों के सभी विधानसभा क्षेत्र तय कर लिए है। 11 अक्टूबर को कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति इस पर अंतिम मुहर लगाएगी। 12 अक्टूबर को सीटों के समझौते पर सहमति का इंतजार किया जाएगा। इस बीच कांग्रेस ने राजद को अल्टीमेटम दे दिया है कि सीट बंटवारा जल्द करें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस पहले चरण वाले इलाकों में अपने दावों वाली सीटों पर नामांकन शुरू कर देगी।

### संतोष ने थामा तेजस्वी का हाथ

बिहार की सियासत में एक बड़ा भूचाल आ गया। जदयू को पूर्णिया क्षेत्र में एक तगड़ा झटका देते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व लोकसभा सांसद संतोष कुमार कुशवाहा राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गए हैं।

**पहले चरण की सीटों के लिए नोटिफिकेशन जारी**

## 17 अक्टूबर तक भरे जाएंगे नामांकन पत्र



भारतीय निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। शुक्रवार से पहले चरण के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नोटिफिकेशन राज्यपाल की ओर से जारी किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने पहले चरण के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की है। 18 अक्टूबर को नामांकन की जांच होगी। अभ्यर्थियों के नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर रखी गई है।

**नामांकन केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा के निर्देश दिए**

आयोग ने नामांकन केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के विशेष निर्देश दिए हैं। नामांकन के समय प्रत्याशी के साथ सिर्फ 3वाहन और प्रस्तावक समेत अधिकतम 5 व्यक्ति ही जा सकेंगे। पूरी नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। इस संबंध में आयोग ने बताया कि प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए राज्यभर में लगभग 8.50 लाख अधिकारियों की तैनाती की है।

**पहली लिस्ट आते ही जन सुराज में बगावत**

## 200 कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा



हाल ही में प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की है। इसके बाद नालंदा जिले में पार्टी के अंदर बगावत शुरू हो गई है। इसका विरोध स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है। नालंदा विधानसभा के करीब 200 कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देने की पेशकश कर दी है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी के लिए प्रियदर्शी अशोक कुमार शुरुआती दौर से ही काम कर रहे थे, लेकिन पार्टी ने छलावा करते हुए टिकट किसी और को दे दिया।

## पीके से मिलीं पवन की पत्नी ज्योति चुनाव में टिकट की अटकलें शुरू



पवन सिंह की पत्नी ज्योति को लेकर बड़ी खबर है। ज्योति सिंह जनसुराज पार्टी के प्रमुख और रणनीतिकार प्रशांत किशोर से मिली हैं। पीके से मिलने के बाद ज्योति ने कहा कि मैं यहां चुनाव लड़ने या टिकट मांगने नहीं आई हूं, मैं यह सुनिश्चित करने आई हूं कि किसी और महिला को मेरे जैसा अन्याय न सहना पड़े।

**खबर संक्षेप**

### एक्टर शेट्टी पहुंचे हाईकोर्ट मांगी कानूनी सुरक्षा



**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता सुनील शेट्टी ने हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, क्योंकि सोशल मीडिया और कुछ वेबसाइट्स पर उनकी तस्वीरों का अनाधिकृत इस्तेमाल किया जा रहा है। बिना अनुमति उनकी छवि और फोटोज का इस्तेमाल व्यावसायिक हो रहा है, जिससे नुकसान हो रहा है।

### बीफ बिरयानी विवाद हाईकोर्ट पहुंचे मेकर्स



**चेन्नई।** मलयालम अभिनेता शेन निगम की अपकमिंग फिल्म 'हाल' पर विवाद शुरू हो गया है। सेंसर बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने फिल्म में 15 बदलाव करने का सुझाव दिया था। इसमें फिल्म के किरदार बीफ बिरयानी खाते हैं। इस मामले में अब निर्माताओं ने केरल हाई कोर्ट का रुख किया है और सवाल उठाए हैं।

### ओबीसी आरक्षण पर पाटिल का शरद पर तंज



**मुंबई।** मराठा आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र भर में सियासी गरम है। राज्य के मंत्री और राज्य मंत्रिमंडल की मराठा आरक्षण पर बनी उप-समिति के प्रमुख राधाकृष्ण विखे पाटिल ने एनसीपी प्रमुख शरद पवार पर तीखा हमला बोला है। पवार ने अगर मराठा समुदाय को ओबीसी में शामिल किया होता, तो आज यह विवाद नहीं होता। लेकिन, तब ध्यान नहीं दिया गया।

### कलेक्टर के सामने सिंहासन पर बैठे 'सिया-राम'



**दौसा।** ग्राम गादरवाडा ब्राह्मणान में मंदिर माफी की जमीन का रास्ता बंद करने के विरोध में पुजारी और ग्रामीण ठाकुरजी को कलेक्ट्रेट लेकर पहुंच गए। ग्रामीणों ने ज्ञापन भी सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि गादरवाड़ा ब्राह्मणान से बास-गुढ़लिया सड़क को जोड़ते हुए कच्चा आम रास्ता मालियों की ढाणी के लोगों ने अवरुद्ध कर दिया है।

**दो अलग-अलग मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में ईडी ने की कार्रवाई**

नौकरी के बदले नकद घोटाला मामला

# बंगाल में सुजीत बोस के कार्यालय समेत 10 ठिकानों पर की छापेमारी

ये छापे कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में मारे गए हैं। ईडी की कार्रवाई जिन दो मामलों में की जा रही है, उनमें से एक नगरपालिकाओं में नौकरी के बदले नकद घोटाले से संबंधित है, जबकि दूसरा बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से जुड़ा है। इसके तार अन्य राज्यों से भी जुड़ते दिखाई दे रहे हैं।



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में दो अलग-अलग मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस के कार्यालय सहित 10 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। ये छापे कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में मारे गए हैं। ईडी की कार्रवाई जिन दो मामलों में की जा रही है, उनमें से एक नगरपालिकाओं में नौकरी के बदले नकद घोटाले से संबंधित है, जबकि दूसरा बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से जुड़ा है। एजेंसी ने उत्तर कोलकाता के साल्ट लेक स्थित मंत्री सुजीत बोस के कार्यालय में भी छापेमारी की, जो नगरपालिकाओं में भर्ती अनियमितता मामले से जुड़ा बताया जा रहा है। दक्षिण कोलकाता के न्यू अलीपुर, सरत बोस रोड के साथ ही राजधानी के उत्तरी हिस्से नागेरबाजार में भी ईडी की टीमें तलाशी अभियान चला रही हैं। न्यू अलीपुर में कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक प्रख्यात अधिवक्ता के आवास पर भी छापा मारा गया है।

**कई घोटाले आए सामने, दूसरा घोटाला बैंक ऋण धोखाधड़ी से संबंधित**

पश्चिम बंगाल के अग्निशमन मंत्री पर नकेल

20 ठिकानों पर छापे की खबर आ रही



**नगर पालिका के उपाध्यक्ष निताई पर भी कसा शिकंजा**

ईडी तृणमूल कांग्रेस नेता और बंगाल के मंत्री बोस के कोलकाता स्थित साल्ट लेक कार्यालय और दक्षिण दंडम नगर पालिका के उपाध्यक्ष निताई दत्ता के आवास पर छापेमारी कर रहा है। ये छापेमारी एक कथित नगर निकाय भर्ती घोटाले के सिलसिले में हो रही है। बताया जा रहा है कि सुजीत बोस 2010 से 2021 तक दक्षिण दंडम नगर पालिका के उपाध्यक्ष थे। यह कथित तौर पर दूसरी बार है जब ईडी ने इस जांच के सिलसिले में मंत्री के कार्यालय पर छापा मारा है।

### पहले भी आपत्तिजनक दस्तावेज़ और मोबाइल किया था जब्त

यह पहला मौका नहीं है जब मंत्री सुजीत बोस के परिसरों पर ईडी ने छापा मारा हो। इससे पहले जनवरी, 2024 में भी ईडी ने उनके घर और कार्यालय पर एक साथ छापेमारी की थी, जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज़ और उनका मोबाइल फ़ोन जब्त किया गया था।

### नया आरोप पत्र दाखिल करने की तैयारी

नगरपालिका भर्ती घोटाले से जुड़े इन छापों के बीच सीबीआई भी इसी मामले में अपनी समानांतर जांच के तहत नया आरोप पत्र दाखिल करने की तैयारी कर रहा है। इस मामले में एक राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्ति के पुत्र से पूछताछ की गई है।

### भर्ती घोटाला प्रदेशभर में फैला

सीबीआई की जांच उसी प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई थी, जिसे कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया गया था। भर्ती घोटाला नगरपालिकाओं में भर्ती तक फैला हुआ है।

### हैदराबाद और अहमदाबाद में भी की जा रही तलाशी

यह कार्रवाई मुख्य रूप से गणेश ज्वेलरी से जुड़े बैंक धोखाधड़ी के एक मामले के संबंध में की जा रही है। इस मामले की जांच का दायरा केवल पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है। ईडी की टीम ने इस घोटाले से जुड़े लिंक की तलाश में हैदराबाद और अहमदाबाद में भी एक-एक जगह पर छापेमारी की कार्रवाई को आगे बढ़ाया है। इन सभी स्थानों पर प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी डिजिटल सबूतों और दस्तावेजों को खंगाल रहे हैं।

### कार्रवाई में विभिन्न दस्तावेज एकत्र किए जा रहे

ईडी ने बताया कि यह छापेमारी का उद्देश्य भ्रष्टाचार से जुड़े दस्तावेज एकत्र करना है। मंत्री का कार्यालय मूल रूप से हमारी सूची में नहीं था। केंद्रीय एजेंसी ने इससे पहले जनवरी 2024 में इसी मामले के सिलसिले में बोस के आवास पर छापेमारी की थी और उनसे 12 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी।

**एसआईआर को लेकर वार-पलटवार**

## आयोग आग से खेल रहा 'सर' से होंगे दंगे: ममता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी की टिप्पणी की आलोचना की और उन पर दंगे भड़काने की धमकी देने का आरोप लगाया। बेनर्जी ने तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया था कि निर्वाचन आयोग के अधिकारी उनकी सरकार के अधिकारियों को 'धमका'रहे हैं और विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही 'राजनीतिक प्रभाव में काम' कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा मतदाता सूची के एसआईआर के नाम पर 'आग से खेल रही है' और चेताया कि मतदाता सूची के साथ छेड़छाड़ करने का कोई भी प्रयास 'लोकतंत्र के साथ विश्वासघात' के समान होगा। पात्रा ने आरोप लगाया कि बेनर्जी ने आदिवासी सांसद खगेन मुर्मू समेत भाजपा नेताओं पर हाल में हमले कराके बंगाल में दंगा शुरू कर दिया है। हम इसे लोकतांत्रिक तरीके से रोकेंगे। तृणमूल कांग्रेस हारेगी और भाजपा (आगामी चुनावों में) जीतेगी।

**अमित शाह बोले एसआईआर में हस्तक्षेप अस्वीकार्य**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एसआईआर का जिक्र करते हुए कहा, चुनाव आयोग की प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। एसआईआर चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है। सरकार घुसपैठ की समस्या से निपटने के लिए डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट यानी निर्वासित करने की प्रक्रिया का पालन करेगी। मतदान का अधिकार केवल उन लोगों को मिलना चाहिए जो इस देश के नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि हम घुसपैठियों की पहचान भी करेंगे, मतदाता सूची से भी हटाएंगे और देश से भी उन्हें वापस भेजेंगे।

### बेनर्जी खुद को संविधान के ऊपर न मानें

पात्रा ने बेनर्जी की टिप्पणी को 'गैरजिम्मेदाराना' करार दिया और उनसे पूछा कि क्या वह खुद को संविधान से ऊपर मानती हैं। पात्रा ने सवाल किया कि क्या वह अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के वोटों के लिए राज्य में 'दंगे और खून-खराबा कराने' की हद तक कानून को अपने हाथ में ले सकती हैं, जो भारत में चुनाव में भाग लेने के हकदार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ममता यह आपका अहंकार है कि आप खुद को भारत के संविधान और देश की न्यायिक व्यवस्था से ऊपर समझती हैं। यदि बंगाल में संवैधानिक प्रक्रिया शुरू हुई तो ममता दंगे करवाएंगी और इसके भयावह परिणाम होंगे।

**आईपीएस पूरन आत्महत्या मामला**

## आईजी की अध्यक्षता वाली कमेटी करेगी केस की जांच

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



हरियाणा के आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या मामले की जांच अब चंडीगढ़ पुलिस करेगी। जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। चंडीगढ़ के आईजी पुष्पेंद्र कुमार की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय टीम जांच करेगी। पूरण की पत्नी आईएएस अधिकारी अमनीत पी कुमार ने दर्ज एफआईआर पर सवाल उठाए हैं। महिला एसएसपी कंवरदीप कौर को पत्र लिख एफआईआर को अधूरा बताया है।

### अभी भी पोस्टमार्टम को तैयार नहीं

आईएएस डी सुरेश और मृतक पूरण के भाई जो विदेश से आए हैं, उन्होंने सेक्टर 9 पुलिस मुख्यालय में चंडीगढ़ के डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हुड्डा से मुलाकात की है। उन्होंने डीजीपी को बताया कि जब तक डीजीपी और एसपी रोहतक गिरफ्तार नहीं हो जाते तब तक वह एडीजीपी पूरण कुमार का पोस्टमार्टम नहीं करवाएंगे।

**कांग्रेस के दावे निराधार और फर्जी, उसने विश्वसनीयता खो दी**

## भाजपा ने जयराम रमेश को घेरा, गलत सूचना फैलाने का लगाया आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा ने कांग्रेस कांग्रेस पार्टी के संचार प्रमुख जयराम रमेश को घेरा। भाजपा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने पार्टी के संचार प्रमुख जयराम रमेश पर 'सूचना युद्ध में पाकिस्तान को ऑक्सीजन देने' के लिए गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया।

पात्रा ने आरोप लगाया कि कथित रूस-पाकिस्तान रक्षा सौदे पर रमेश का ट्वीट प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलनों से पहले भारत की छवि खराब करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि रमेश के 4 अक्टूबर के एक ट्वीट का हवाला दिया, जिसमें दावा किया गया था कि रूस और पाकिस्तान चीन निर्मित जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के लिए आरडी-93एमए इंजन की आपूर्ति पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि 4 अक्टूबर को रमेश ने एक ट्वीट किया। इस ट्वीट के ज़रिए कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी को घेरने की कोशिश की और कहा कि रूस और पाकिस्तान के बीच एक समझौता हुआ है, जिसके तहत रूस, पाकिस्तान को मिलने वाले जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के लिए आरडी-93एमए इंजन देगा, जो पहले चीन में बनते थे। कांग्रेस ने देश के प्रधानमंत्री, उनकी कूटनीति और रणनीतिक नीति पर सवाल उठाए... बाद में कांग्रेस की असलियत सामने आ गई। कांग्रेस अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है।

### पाक को ऑक्सीजन देना बंद करें

भाजपा नेता ने जोर देकर कहा कि रूस ने पाकिस्तान के साथ ऐसे किसी भी समझौते से साफ़ इनकार किया है और इस दावे को 'निराधार और फ़र्जी' बताया है। पात्रा ने आगे कहा कि रूस ने यह दावा किया है कि रूस और पाकिस्तान के बीच ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ है, यह निराधार और फ़र्जी है और रूस और पाकिस्तान के बीच ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई है। जी-20 या देश में होने वाले किसी भी बड़े शिखर सम्मेलन से पहले, कांग्रेस ऐसी हरकतें जरूर करती है। वह ऐसे काम करती है जिससे भारत की छवि धूमिल होती है। पात्रा ने सीधे तौर पर रमेश को संबोधित करते हुए कहा कि मैं जयराम रमेश से कहना चाहूंगा कि आप कोई छोटे नेता नहीं हैं, आप कांग्रेस के संचार प्रमुख हैं। आपने राहुल गांधी से मंजूरी मिलने के बाद ही यह ट्वीट किया होगा। राहुल विदेश जाते हैं, वापस आकर ऐसे ट्वीट पोस्ट करवाते हैं और पूरा इकोसिस्टम सक्रिय हो जाता है। आप सूचना युद्ध में पाकिस्तान को ऑक्सीजन देते हैं।

### रमेश का कथन- रूस ने पाक को इंजन क्यों दिए?

इससे पहले जयराम रमेश ने ट्वीट किया था कि मोदी सरकार को यह बताना चाहिए कि रूस - जो कभी भारत का सबसे विश्वसनीय रणनीतिक सहयोगी था ने नई दिल्ली की अपील को नजरअंदाज करके पाकिस्तान के चीन निर्मित जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के बेड़े को उन्नत आरडी-93एमए इंजन की आपूर्ति क्यों की है? इस विमान के नवीनतम ब्लॉक 3 संस्करण में उन्नत इंजन और वही पीएल-15 मिसाइलें होंगी, जिनके बारे में माना जाता है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे देश के खिलाफ इस्तेमाल की गई थीं। भारतीय वायुसेना प्रमुख ने यह भी कहा है कि जेएफ-17 उन पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों में शामिल हो सकता है, जिनका इस्तेमाल हमारे खिलाफ किया गया था।

# आसमान में गरजेगा स्वदेशी लड़ाकू विमान

# नासिक में 17 अक्टूबर को 'तेजस एमके1ए' की पहली उड़ान का रक्षा मंत्री करेंगे शुभारंभ

*रक्षा मंत्री तेजस एमके1ए की तीसरी उत्पादन लाइन और हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर (एचटीटी-40) की दूसरी उत्पादन लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये का एक बड़ा करार किया था*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 17 अक्टूबर को नासिक में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की सुविधा से स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए की पहली उड़ान का शुभारंभ करेंगे। इस खास मौके पर वह तेजस एमके1ए की तीसरी उत्पादन लाइन और हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर (एचटीटी-40) की दूसरी उत्पादन लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। बता दें कि हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये का एक बड़ा करार किया था।

वायुसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए खास तौर पर डिजाइन किया

यह विमान ऐरे रडार, स्वयं रक्षा कवच और कई उन्नत प्रणालियों से सुसज्जित है



फाइल फोटो

### वायुसेना की बढ़ेगी ताकत


तेजस एमके1ए स्वदेशी तकनीक से बना एक अत्याधुनिक लड़ाकू विमान है, जो भारतीय वायुसेना की ताकत को और बढ़ाएगा। यह विमान इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे (एईएसए) रडार, स्वयं रक्षा कवच, और कंट्रोल सरफेस एक्ट्यूएटर्स जैसी उन्नत प्रणालियों से लैस है। यह विमान न केवल तेज और भरोसेमंद है, बल्कि भारतीय वायुसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है।

## रक्षा मंत्री ने सिडनी में कुट्टाबुल नेवल बेस का किया दौरा, समुद्री सहयोग को मजबूत करने पर जोर



**सिडनी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने ऑस्ट्रेलियाई दौरे के दूसरे दिन सिडनी में एचएमएएस कुट्टाबुल का दौरा किया, जो रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना का एक प्रमुख बेस है। उन्होंने सिडनी हार्बर में एडमिरल हडसन जहाज पर जाकर वहां की आधुनिक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने फ्लीट बेस ईस्ट का जल दौरा किया। ऑस्ट्रेलिया के सहायक रक्षा मंत्री पीटर खलील ने उनका स्वागत किया। इस यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री को रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना की परिचालन क्षमताओं और बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी दी गई। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि सिडनी में ऐतिहासिक और रणनीतिक नेवल बेस एचएमएएस कुट्टाबुल का दौरा किया। एडमिरल हडसन जहाज पर सिडनी हार्बर की शानदार सुविधाओं से परिचित हुआ। भारत-ऑस्ट्रेलिया नौसैनिक सहयोग को गहरा करने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समन्वित समुद्री क्षेत्र जागरूकता से दोनों देशों को लाभ होगा। एचएमएएस कुट्टाबुल नेवल बेस समुद्री क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत उपस्थिति, सक्रियता और रणनीतिक दृष्टिकोण का अहम हिस्सा है। यह ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के लिए प्रशासनिक, प्रशिक्षण, लॉजिस्टिक्स और आवास केंद्र के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह फ्लीट बेस ईस्ट का मुख्य संचालन केंद्र है, जो रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना का ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर प्रमुख आधार है।

**62,370 करोड़ का हुआ ऐतिहासिक करार**



*बता दें, हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपए का एक बड़ा करार किया है, जिसके तहत भारतीय वायुसेना को 97 तेजस एमके1ए विमान मिलेंगे। इन 97 विमानों में 68 सिंगल-सीटर लड़ाकू विमान और 29 ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान शामिल हैं। इस करार में संबंधित उपकरण और सपोर्ट सिस्टम भी शामिल हैं। यह करार 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान का एक मजबूत कदम है, जो भारत को रक्षा उत्पादन में वैश्विक स्तर पर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा।*

**पुराने विमानों की जगह लेगा तेजस एमके1ए**

*तेजस एमके1ए के शामिल होने से भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन ताकत में काफी इजाफा होगा। यह विमान पुराने पड़ चुके मिग-21 जैसे विमानों की जगह लेगा और वायुसेना की परिचालन क्षमता को मजबूती देगा। तेजस एमके1ए की उन्नत तकनीक और स्वदेशी डिजाइन इसे भारतीय वायुसेना के लिए एक बढ़िया विकल्प बनाती है। 17 अक्टूबर को नासिक में तेजस एमके1ए की पहली उड़ान भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए एक गर्व का पल होगा।*

## खबर संक्षेप

### जुबिन के 2 निजी सुरक्षा अधिकारी गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** गायक जुबिन गर्ग की मौत के सिलसिले में शुक्रवार को उनके दो निजी सुरक्षा अधिकारियों (पीएसओ) को गिरफ्तार किया गया। सरकार की ओर से जुबिन की सुरक्षा में तैनात नंदेश्वर बोरा और परेश बैश्य को असम पुलिस ने कई दौर की पूछताछ के बाद मंगलवार को निलंबित कर दिया। नंदेश्वर और परेश के बैंक खातों के माध्यम से 1.1 करोड़ रुपये से अधिक राशि का लेनदेन किया गया, जिससे संदेह पैदा हुआ। दोनों को गुवाहाटी की एक अदालत के समक्ष पेश किया गया।

### भारत दौरे पर रहेंगे यूएस राजदूत सर्जियो गोर



**नई दिल्ली।** भारत में नवनियुक्त अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर एक सप्ताह की भारत यात्रा पर आ रहे हैं। यह यात्रा 14 अक्टूबर तक रहेगी। गोर के साथ प्रबंधन एवं संसाधन उप-सचिव माइकल जे रिगास भी यहां आ रहे हैं। अमेरिकी दूतावास ने बताया कि दोनों 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक (यूएस लोकल टाइम) भारत की यात्रा पर रहेंगे। भारत में अगले राजदूत के रूप में नियुक्त होने के बाद अमेरिकी राजदूत की यह पहली भारत यात्रा है। गोर भारत में सबसे कम उम्र के अमेरिकी राजदूत हैं।

## जयशंकर से मुलाकात के बाद अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने दिया भरोसा

# भारत करीबी दोस्त, इसके खिलाफ अपनी जमीन का इस्तेमाल कभी नहीं होने देंगे

*अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने कहा कि अफगानिस्तान भारत को एक करीबी मित्र राष्ट्र के तौर पर देखता है। अफगानिस्तान भारत के साथ आपसी सम्मान पर आधारित रिश्तें चाहता है, जिसमें व्यापारिक और लोगों के लोगों से संबंध रहें। हम एक ऐसी व्यवस्था बनाने के लिए तैयार हैं*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत दौरे पर आए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने भारत को अफगानिस्तान का करीबी दोस्त देश बताया और दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने की मांग की। मुत्तकी ने कहा कि दिल्ली आकर अच्छा लग रहा है और यह दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को और बेहतर करेगा।

भारत और अफगानिस्तान को संपर्क बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी अन्य देश के खिलाफ नहीं होने देगा। मुत्तकी ने कहा कि जब अफगानिस्तान में हाल ही में भूकंप आया तो सबसे पहले मदद भेजने वाला देश भारत ही था। अफगानिस्तान भारत को एक करीबी मित्र राष्ट्र के तौर पर देखता है। अफगानिस्तान भारत के साथ आपसी सम्मान पर आधारित रिश्तें चाहता है, जिसमें व्यापारिक और लोगों के लोगों से संबंध रहें। हम एक ऐसी व्यवस्था बनाने के लिए तैयार हैं, जिससे दोनों देशों के रिश्तें मजबूत हो सकें।

**काबुल और नई दिल्ली के बीच उड़ान सेवाएं बढ़ाने किया ऐलान**

**काबुल में भारतीय तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा मिला**



### अफगानिस्तान में खनन करेगा भारत

जयशंकर ने कहा कि अफगानिस्तान सरकार द्वारा भारतीय कंपनियों को अफगानिस्तान में खनन के लिए आमंत्रित करने का हम स्वागत करते हैं। इस बार आगे चर्चा की जाएगी। व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के हमारे साझे हित हैं। काबुल और नई दिल्ली के बीच उड़ान सेवाएं बढ़ाने का ऐलान करते हुए हमें खुशी हो रही है।

### हवाई संपर्क मजबूत करने पर बनी सहमति

मुत्ताकी ने कहा कि भारत सरकार ने काबुल में अपने दूतावास की तकनीकी उपस्थिति को और मजबूत करने का फैसला लिया है। जल्द ही इस्लामिक अमीरात (अफगानिस्तान) का राजनयिक प्रतिनिधिमंडल भी दिल्ली पहुंचेगा। दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने के लिए हवाई संपर्क (एयर कॉरिडोर) को भी मजबूत करने पर सहमति बनी है।

### राजनयिक संबंध स्थापित करने का ऐलान

*भारत ने अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करते हुए काबुल स्थित भारतीय तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा दे दिया। इसके साथ ही भारत ने आधिकारिक रूप से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने का ऐलान किया। जयशंकर ने कहा कि भारत अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।*

### भारतीय विवि में पढ़ेंगे अफगानी छात्र

*डॉ. जयशंकर ने कहा, हमारे शिक्षा-क्षमता विकास कार्यक्रमों से अफगानी युवाओं को लंबे समय से लाभ मिलता रहा है। अब हम भारतीय विश्वविद्यालयों में अफगानिस्तान के छात्रों की भागीदारी बढ़ाने के अवसरों में इजाफा करने में लगे हुए हैं। भारत ने इसी साल अप्रैल से अफगानी लोगों के लिए वीजा की नई प्रक्रिया की शुरुआत की है। जिसकी वजह से हम बड़े पैमाने पर वीजा जारी कर रहे हैं।*

### 20 एंबुलेंस उपहार में दीं



भारत ने सद्भावना के तौर पर अफगानिस्तान को 20 एम्बुलेंस उपहार में दीं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने प्रतीकात्मक कदम के तौर पर 20 एम्बुलेंस में से पांच व्यक्तिगत रूप से अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी को सौंपीं। इसके साथ ही भारत और अफगानिस्तान ने मिलकर एक 'व्यापार समिति' बनाने का भी निर्णय लिया है।



**गाजा में युद्धविराम समझौता लागू**

## मोर्चे पर तैनात इजराइली सैनिक निर्धारित जगहों पर लौट रहे

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

पश्चिम एशिया में इजराइल और हमास के बीच बीते दो साल से जारी हिंसक संघर्ष थम गया है। गाजा में ट्रंप की शांति योजना के तहत युद्धविराम समझौता लागू हो गया है। इजराइली सेना ने ट्रंप की शांति योजना पर कहा कि हमास के साथ युद्धविराम समझौत दोपहर 12 बजे से युद्धविराम लागू हो गया है। सैनिक वापस लौट रहे हैं। युद्धविराम समझौता लागू करने के फैसले को इजराइली कैबिनेट में मंजूरी दी गई। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि मंत्रिमंडल ने बंधकों की रिहाई के लिए समझौते की रूपरेखा को मंजूरी दे दी है।

**समझौते को इजराइली कैबिनेट ने मंजूरी दी**

### 2000 फिलिस्तीनी कैदी होंगे रिहा

*हमास के वरिष्ठ अधिकारी खलील अल-हय्या ने बताया कि समझौते के तहत इजराइल लगभग 2000 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। मिस्र से लगी सीमा को खोला जाएगा। गाजा में संकटग्रस्त लोगों तक मानवीय मदद पहुंचाने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही इजराइली सेना को वापस बुलाया जाएगा। इजराइली जेलों में बंद सभी महिलाओं और बच्चों को भी रिहा किया जाएगा। अमेरिकी अधिकारी 200 सदस्यीय सैनिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम इजराइल भेजेंगे। अल-हय्या ने कहा कि हम अपने लोगों के खिलाफ युद्ध और आक्रामकता को समाप्त करने के लिए समझौते पर पहुंच गए हैं। ट्रंप प्रशासन और मध्यस्थों ने आश्वासन दिया है कि युद्ध समाप्त हो गया है।*

### नेतन्याहू ने पीएम मोदी को दिया धन्यवाद

*पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को फोन किया और उन्हें बधाई दी। इस पर इजराइली पीएम ने भी पीएम मोदी का धन्यवाद किया। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायल के प्रति उनके समर्थन के लिए भारतीय पीएम का धन्यवाद किया और दोनों ने घनिष्ठ सहयोग जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।*

**लोकसभा अध्यक्ष ने बारबाडोस की नेशनल असेंबली का दौरा किया, कहा**

## दोनों देशों के बीच स्नेह, सहयोग और मैत्री की चिरस्थायी भावना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिजटाउन, बारबाडोस में आयोजित 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के अवसर पर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल (आईपीडी) ने बारबाडोस की नेशनल असेंबली का औपचारिक दौरा किया। बिरला और आईपीडी के सदस्यों का बारबाडोस की नेशनल असेंबली के स्पीकर आर्थर होल्डर ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस यात्रा के दौरान, आईपीडी के सदस्यों और बारबाडोस के सांसदों ने आपसी सहयोग को मजबूत करने, लोकतांत्रिक मूल्यों के आदान-प्रदान और वैश्विक मंचों पर साझेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से चर्चा की।

बिरला को बारबाडोस की पार्लियामेंट में ऐतिहासिक स्पीकर की कुर्सी देखने का भी अवसर मिला, जो 1966 में बारबाडोस की स्वतंत्रता के उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा उपहार स्वरूप दी गई थी। यह कुर्सी भारत और बारबाडोस के बीच गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक है। भारतीय सागौन की लकड़ी से निर्मित, इसे बारह भारतीय कारीगरों द्वारा लगभग एक वर्ष की अवधि में हाथ से सावधानीपूर्वक तराशा गया था। कुर्सी पर 'भारत की जनता की ओर से बारबाडोस की जनता के लिए' लिखा है, जो दोनों देशों के बीच स्नेह, सहयोग और मैत्री की चिरस्थायी भावना को दर्शाता है।

बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और बारबाडोस की लोकतांत्रिक परंपराएं, संसदीय प्रणालियां और साझा मूल्य दोनों देशों को और भी अधिक निकट लाते हैं। उन्होंने इस ऐतिहासिक धरोहर को भारत-बारबाडोस मैत्री का जीवंत उदाहरण बताया। दोनों पक्ष शिक्षा, संस्कृति, अक्षय ऊर्जा और संसदीय सहयोग के क्षेत्र में नए अवसरों की खोज पर सहमत हुए। बारबाडोस की अपनी यात्रा के दौरान, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रवासी भारतीयों से बातचीत की।



### बिरला ने भाग लेने वाले विधायी सदनों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं

ऑस्ट्रेलियाई सीनेट की प्रेसीडेंट सू लाइन्स के साथ बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ते सहयोग पर प्रकाश डाला, जो 2020 से एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रूप में विकसित हुआ है। बिरला ने जोर देकर कहा कि जी20 और राष्ट्रमंडल जैसे मंचों के माध्यम से और पोषित यह साझेदारी, रक्षा, व्यापार, अक्षय ऊर्जा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित प्रमुख क्षेत्रों में फैली हुई है, जो वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और बारबाडोस हाउस ऑफ असेंबली के स्पीकर आर्थर होल्डर के बीच एक द्विपक्षीय बैठक में, संयुक्त राष्ट्र, जी-77 और कैरिकॉम जैसे बहुपक्षीय मंचों पर चल रहे सहयोग पर चर्चा हुई।

**भारत-यूके ने रक्षा सहयोग को नई दिशा दी**

## इंडो-पैसिफिक साझेदारी पर जोर समुद्री सहयोग को मजबूत करेंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को मुंबई में ब्रिटेन के रक्षा राज्य मंत्री वर्नन कोकर के साथ द्विपक्षीय बैठक की। यह बैठक भारत में ब्रिटेन के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीएसजी) की यात्रा के दौरान आयोजित की गई।

बैठक में दोनों देशों ने मौजूदा रक्षा सहयोग की समीक्षा और भविष्य में रक्षा संबंधों को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की गई। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की और भारत की स्वदेशी रक्षा विनिर्माण क्षमताओं तथा 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत विकसित हो रही प्रणालियों पर चर्चा की।



## भारत और यूके की नौसेनाओं ने किया 'कोंकण-25' युद्धाभ्यास



*नई दिल्ली। भारत और यूनाइटेड किंगडम की नौसेनाओं ने द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'कोंकण-25' को अंजाम दिया है। यह एक समुद्री चरण वाला महत्वपूर्ण अभ्यास था जिसमें उच्च तीव्रता वाले नौसैनिक अभियान शामिल थे। इनमें एंटी-एयर, एंटी-सर्फेस और एंटी-सबमरीन युद्धाभ्यास, फ्लाइंग ऑपरेशन्स और अन्य सीमैनशिप इवोल्यूशन्स शामिल रहे। दोनों देशों की नौसेनाओं ने समुद्र में अपने फ्रंटलाइन प्लेटफॉर्म्स तैनात किए, जिनमें विमानवाहक पोत, विध्वंसक, फ्रिगेट्स, पनडुब्बियां तथा हवाई साधन शामिल रहे। दोनों देशों की नौसेना ने यहां अत्याधुनिक सैन्य अभियानों और समुद्री सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया। इसका उद्देश्य अंतर-संचालन क्षमता, ऑपरेशनल तत्परता और समुद्री सहयोग को सुदृढ़ बनाना था।*

**विपक्षी दलों ने तीन विधेयकों पर विचार करने समिति सदस्य नामित नहीं किए**

**कई बार याद दिलाया नहीं बनी बात**

## विपक्षी 'रस्साकशी' से परेशान केंद्र सरकार, सांसदों के बिना संयुक्त संसदीय समिति बनाने पर कर रही विचार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विपक्ष की ओर से अब तक उन तीन विधेयकों पर विचार करने के लिए संयुक्त संसदीय समिति में सदस्य नामित नहीं किए गए हैं, जिनमें जेल में बंद मंत्रियों की स्वचालित बर्खास्तगी का प्रावधान है। संसद के पिछले सत्र में ये बिल पेश किए गए थे। ऐसे में झल्ला कर केंद्र सरकार विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रही है, जिनमें केवल एनडीए, छोटे दलों और निर्दलीय सांसदों को लेकर समिति बनाना भी शामिल है। विपक्षी सांसदों की नुमाइंदगी गौण हो जाएगी! सरकारी सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी दलों को कई बार याद दिलाया गया, लेकिन उन्होंने अभी तक लोकसभा अध्यक्ष को यह नहीं बताया कि वे समिति में नाम भेजेंगे या उसका बहिष्कार करेंगे !



### विधेयकों को असंवैधानिक बताया था

20 अगस्त को गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान (126वां संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेश संशोधन विधेयक, 2025, और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक, 2025 संसद में पेश किए थे। इन बिलों में प्रावधान है कि यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री या राज्य मंत्री किसी अपराध में 30 दिन से अधिक हिरासत में रहते हैं और अपराध के लिए कम से कम 5 साल की सजा का प्रावधान है, तो उनकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी। विपक्ष ने इन विधेयकों को "असंवैधानिक" करार दिया है। विधेयक पर विमर्श के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग विपक्ष ने की थी।

### इंडिया गठबंधन में मतभेद

*लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने संयुक्त संसदीय समिति बनाने की घोषणा की है, लेकिन इंडिया गठबंधन इस पर बंटा हुआ है। वामपंथी दल और कांग्रेस इसमें शामिल होने के पक्ष में बताए जाते हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियाँ इसका बहिष्कार करने के मूड में हैं। तृणमूल ने साफ कहा कि वह समिति में कोई नाम नहीं भेजेगी और इसे "तमाशा" करार दिया। कांग्रेस, सपा और तृणमूल संसदीय दल को लोकसभा सचिवालय से हाल ही में एक और रिमाइंडर भेजा गया था।*

### विशेषज्ञों की राय

*लोकसभा के पूर्व महासचिव पी.डी.टी. आचार्य ने कहा कि बिना विपक्ष के समिति बनाना अभूतपूर्व होगा ।*

# जीत की हैट्रिक पूरी करने उतरेगा इंग्लैंड, घरेलू मैदान का फायदा उठाने की कोशिश करेगी श्रीलंकाई टीम

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

चार बार की चैंपियन इंग्लैंड की टीम अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखकर शनिवार को महिला एक दिवसीय विश्व कप के मैच में जीत की हैट्रिक पूरी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी जबकि मेजबान श्रीलंका की नजरें परिस्थितियों से परिचित होने पर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने पर लगी होंगी।

इंग्लैंड ने अपने पहले दो मैच में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश को हराया। बांग्लादेश के खिलाफ वह एक समय वह मुश्किल स्थिति में दिख रहा था लेकिन 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 78 रन पर आधी टीम गंवाने के बावजूद हीथर नाइट के नाबाद 79 रन की बदौलत उसकी टीम जीत दर्ज करने में सफल रही।

## हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते थेः नैट



इंग्लैंड की बल्लेबाजी की गहराई और अनुभव एक बार फिर चार विकेट की जीत में निर्णायक साबित हुए, हालांकि कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने स्वीकार किया कि टीम मुश्किल परिस्थितियों में पड़े बिना जीत हासिल करना चाहती थी। उन्होंने कहा, 'हम जीत हासिल करने में सफल रहे लेकिन हम इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। हमें कम विकेट गंवाकर जीत हासिल करनी चाहिए थी।' इंग्लैंड की स्पिन तिकड़ी एलिस कैप्सी, सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन ने बांग्लादेश के खिलाफ सात विकेट लिए, जबकि बाएं हाथ की स्पिनर लिंसे स्मिथ और तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने भी उपयोगी योगदान दिया। इंग्लैंड की टीम ने अभी तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसके लिए चिंता का एकमात्र विषय सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट की फॉर्म है, जो अभी तक रन बनाने में संघर्ष कर रही हैं।

## पहली जीत की तलाश में श्रीलंका



जहां तक श्रीलंका का सवाल है तो उसकी टीम घरेलू परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी। वह अपने पहले मैच में भारत से हार गया था जबकि उसका दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। भारत के खिलाफ अपने पहले मैच में श्रीलंका की टीम को अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में संघर्ष करना पड़ा, जिसमें नौ बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंचे, लेकिन कोई भी बड़ा स्कोर नहीं बना पाया और पूरी टीम 211 रन पर ढेर हो गई थी। वहीं श्रीलंका की टीम घरेलू मैदान में मौजूदा विश्वकप में अपनी पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। प्रेमदासा स्टेडियम में पिछले मैच में बारिश के कारण खेल में खलल पड़ा था, इसलिए दोनों टीमें मौसम के पूर्वानुमान पर भी कड़ी नजर रखेंगी।

### टीम इस प्रकार हैं

**इंग्लैंड :** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी जोन्स, हीथर नाइट, एम्मा लैम्ब, लिन्सी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज।

**श्रीलंका :** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विश्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी. सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणावीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।

## खबर संक्षेप



### शंघाई टूर्नामेंट में 31वें स्थान पर अदिति


**शंघाई।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ब्यूक एलपीजीए शंघाई टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद संयुक्त 31वें स्थान पर हैं। अदिति ने इस टूर्नामेंट के पहले दो दिन अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने दोनों दिन दो अंडर 70 का कार्ड खेला। इस तरह से उनका कुल स्कोर अब चार अंडर हो गया है। इस बीच जापान की मिनामी कात्सु ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। दूसरे दौर के बाद वह दो स्ट्रोक से आगे चल रही थीं। उन्होंने दूसरे दौर में 11 अंडर 61 के स्कोर के साथ एकल बढ़त बना ली। दूसरे राउंड में कात्सु ने 12 बर्डी और एक बोगी लगाई। अब उनका कुल स्कोर 13 अंडर पार है। दक्षिण कोरिया की इना यून 11 अंडर पार के कुल स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### स्पेन ओपनः शुभंकर की निराशाजनक शुरुआत



**मैड्रिड।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 'ओपन डी एस्पाना' के पहले दिन दो ओवर 73 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 81वें स्थान पर खिसक गए। शुभंकर ने तीन बोगी के मुकाबले एक बर्डी लगाई। उन्हें कट में प्रवेश पाने के लिए दूसरे दिन अपने खेल का स्तर ऊपर करना होगा। सैम बेयरस्टो ने अपने आखिरी पांच होल में से चार में बर्डी लगाई और उगो कुसौड के साथ पहले दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। इंग्लैंड के बेयरस्टो और फ्रांस के कुसौड का स्कोर छह अंडर 65 हैं।

### हमेशा शीर्ष क्रम पर दोष नहीं मढ़ सकतेः रिचा



**विशाखापत्तनम।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर रिचा घोष ने वनडे विश्व कप में टीम के शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का बचाव करते हुए कहा कि एक मैच से उनका आकलन नहीं किया जा सकता। बल्लेबाजों के लिए आसान पिच पर खेलने के बावजूद भारत के शीर्ष बल्लेबाज विश्व कप में लगातार तीसरी बार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे और टीम गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका से तीन विकेट से हार गई। प्रतीका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देओल, कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के जल्दी-जल्दी आउट होने के बाद भारत का स्कोर एक समय छह विकेट पर 102 रन था। इसके बाद घोष (94) ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ मिलकर पारी को संभाला और भारत को 251 के स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने मुश्किल चुनौती का सामना करते हुए यह लक्ष्य हासिल कर लिया। घोष ने कहा, 'हमारे शीर्ष क्रम के सभी खिलाड़ी अच्छे बल्लेबाज हैं। एक मैच से उनका आकलन नहीं किया जा सकता।

# भारत के नाम रहा दिल्ली टेस्ट का पहला दिन, जायसवाल 173 रन बनाकर नाबाद

### टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले दिन 2 विकेट पर बनाए 318 रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने टेस्ट करियर का सातवां शतक जड़ा जबकि साई सुदर्शन ने भी अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश करके टीम में अपनी उपयोगिता साबित की, जिससे भारत ने वेस्टइंडीज के आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए दूसरे एवं अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुक्रवार को दो विकेट पर 318 रन बनाए। शुभमन गिल ने कप्तान के रूप में पहली बार टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जिसका जायसवाल ने पूरा फायदा उठाया। पहले टेस्ट में बड़ा स्कोर बनाने से चूकने वाले जायसवाल दूसरे मौके को हाथ से जाने देने के मूड में नहीं थे और उन्होंने कुछ आकर्षक शॉट लगाए। वह 253 गेंदों पर 22 चौकों की मदद से 173 रन बनाकर खेल रहे हैं।



### तेज 3 हजार रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बने

| | |
|---|---|
| सुनील गावस्कर | 69 पारी |
| यशस्वी जायसवाल | 71 पारी |
| सौरव गांगुली | 74 पारी |
| शुभमन गिल | 77 पारी |
| राहुल द्रविड़ | 78 पारी |
| पॉली उमरीगर | 79 पारी |
| विराट कोहली | 80 पारी |

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा बार 150 प्लस रनों की पारी खेलने वाले खिलाड़ी

| | |
|---|---|
| जो रूट | - 8 बार |
| यशस्वी जायसवाल | - 5 बार |
| केन विलियमसन | - 5 बार |
| मार्नश लाबुशेन | - 5 बार |

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल नाटआउट | 173 | 253 | 22 | 0 |
| राहुल स्टं. मलाचा बो वारिकन | 38 | 54 | 5 | 1 |
| सुदर्शन पगबाधा वारिकन | 87 | 165 | 12 | 0 |
| शुभमन गिल नाटआउट | 20 | 68 | 3 | 0 |

अतिरिक्त : 00, कुल योग: 90 ओवर में 318/2 रन

**गेंदबाजी**

सील्स 16-1-59-0, फिलिप 13-2-44-0, ग्रीव्स 8-1-26-0, पियरे 20-1-74-0, वारिकन 20-3-60-2, चेज 13-0-55-0

### जायसवाल ने की विलियमसन और लाबुशेन की बराबरी

यशस्वी जायसवाल ने दिल्ली टेस्ट में अपना 7वां शतक लगाया तो वहीं जब उन्होंने अपनी पारी में 150 रनों का आंकड़ा पूरा किया तो उसी के साथ वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे ज्यादा बार एक पारी में 150 या उससे अधिक रन बनाने के मामले में केन विलियमसन और मार्नश लाबुशेन के बराबर संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। जायसवाल की ये डब्ल्यूटीसी के इतिहास में 5वीं 150 या उससे अधिक रनों की पारी थी। इस मामले में पहले नंबर पर जो रूट काबिज है, जिन्होंने अब तक वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 8 बार एक पारी में 150 प्लस रनों की पारी खेली है।

### शतक से चूके सुदर्शन, खेली 87 रन की पारी



सुदर्शन हालांकि अपना पहला टेस्ट शतक पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने 165 गेंद का सामना करके 87 रन बनाए जिसमें 12 चौके शामिल हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का यह सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। सुदर्शन और जायसवाल ने दूसरे विकेट के लिए 193 रन जोड़कर वेस्टइंडीज के कमजोर आक्रमण की कलई खोलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिन का खेल समाप्त होने के समय जायसवाल के साथ कप्तान शुभमन गिल 20 रन बनाकर खेल रहे थे।

### शुभमन ने टेस्ट में जीता पहला टॉस

राहित शर्मा के बाद शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया था। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों में कप्तानी की, जिसमें हर बार गिल टॉस हारे। फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में भी उन्हें टॉस हारना पड़ा। लेकिन अब जाकर उनकी टेस्ट कप्तानी में शुभ दिन आया, जहां दूसरे टेस्ट में वह टॉस जीतने में सफल हो पाए हैं। गिल टेस्ट में टॉस जीतने से पहले सबसे ज्यादा मैच खेलने के मामले में संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं। गिल और न्यूजीलैंड के टॉम लैथम ने टेस्ट में पहला टॉस जीतने से पहले 6-6 मुकाबले खेले हैं। वहीं न्यूजीलैंड के बेवन कॉन्गडन ने टेस्ट में पहला टॉस जीतने से पहले कुल 7 मुकाबले खेले थे। अगर गिल दूसरे टेस्ट में टॉस हार जाते, तो वह बेवन की बराबरी कर लेते।

## क्लच शतरंज

### घड़ी पर नजर रखना भूले आनंद, गैरी बढ़त की ओर




**सेंट लुई।** भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी गैरी कास्पारोव के खिलाफ कुछ महत्वपूर्ण मौके गंवाए, जिससे रूसी दिग्गज ने क्लच शतरंज लीजेंड्स में अपने बहुचर्चित मुकाबले के अंतिम दिन से पहले दो जीत और इतने ही ड्रॉ के साथ अपनी बढ़त पांच अंक तक पहुंचा दी। कास्पारोव भाग्यशाली रहे जो वह पहली बाजी जीतने में सफल रहे क्योंकि तब आनंद जीत की स्थिति में थे लेकिन वह घड़ी पर नजर रखना भूल गए, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। दिन के दो ब्लिट्ज गेम में कास्पारोव ने फिर से पहला गेम जीत लिया और 144,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली प्रतियोगिता के अंतिम दिन से पहले 8.5-3.5 से आगे हो गए। यह मुकाबला 12 बाजियों का है और इसमें अभी चार बाजियां खेली जानी बाकी हैं। आनंद के पास अब भी चैंपियन बनने का मौका है क्योंकि अंतिम दिन प्रत्येक बाजी में जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी को तीन अंक मिलेंगे जबकि बाजी ड्रॉ होने पर अंक बंट जाएंगे।

#### दूसरा गेम संघर्ष के बाद रहा ड्रॉ

आनंद ने मैच के बाद कहा, 'पहले गेम में एक समय मेरे पास एक मिनट 26 सेकंड थे और फिर मुझे नहीं पता। मुझे दोबारा घड़ी देखनी चाहिए थी। मैं पूरी तरह से भूल गया।' दूसरा गेम कड़े संघर्ष के बाद ड्रॉ रहा, लेकिन आनंद तीसरा गेम भी हार गए। इस दिन प्रत्येक जीत दो अंकों के बराबर थी, जिससे कास्पारोव को पांच अंकों की बढ़त मिल गई। यह मैच का सबसे छोटा गेम था और केवल 18 चाल में समाप्त हो गया, क्योंकि आनंद से एक गलती हो गई और उन्होंने तुरंत ही हार मान ली।

# रोहित ने शिवाजी पार्क में की नेट प्रैक्टिस, 2 घंटे बहाया पसीना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले मुंबई रणजी टीम के अपने पूर्व साथी अभिषेक नायर के साथ शिवाजी पार्क में लगभग दो घंटे तक अभ्यास किया। नायर कुछ समय पहले तक भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच भी थे। रोहित की जगह हाल ही में शुभमन गिल को भारतीय एकदिवसीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।

रोहित 19 अक्टूबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के दौरान वापसी करेंगे। ऑल हार्ट क्रिकेट अकादमी में इस अभ्यास सत्र के दौरान मुंबई के क्रिकेटर अंगकृष रघुवंशी और कुछ अन्य स्थानीय खिलाड़ी मौजूद थे। 38 साल के रोहित ने इस साल फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत के लिए अपना पिछला मैच खेला था। भारत ने



उनकी कप्तानी में 2024 में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप जीत के बाद चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में लगातार दूसरा आईसीसी खिताब जीता था।

# न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 100 रन से हराया:डिवाइन और हालिडे की फिफ्टी, ताहुहु और जेस केर ने 3-3 विकेट लिए

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी



विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 में न्यूजीलैंड को 2 हार के बाद पहली जीत मिली है। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में टीम ने बांग्लादेश को 100 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। शुक्रवार को न्यूजीलैंड ने 227 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश टीम 127 रन बनाकर सिमट गई। न्यूजीलैंड के लिए कप्तान सोफी डिवाइन ने 63 और ब्रूक हालिडे ने 69 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में ली ताहुहु और जेस केर ने 3-3 विकेट लिए। बांग्लादेश से राबेया खान ने 3 विकेट लिए। न्यूजीलैंड की खराब शुरुआत टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 38 रन पर ही 3 विकेट गंवा दिए। जॉर्जिया प्लिमर 4 और अमीलिया केर 1 रन बनाकर आउट हुईं। दोनों को राबेया खान ने पवेलियन भेजा। सूजी बैट्स 29 रन बनाने के बाद रन आउट हुईं। 11वें ओवर में 3 विकेट गिर जाने के बाद कप्तान सोफी डिवाइन और ब्रूक हालिडे ने टीम को संभाल लिया। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम को 100 रन के पार पहुंचा दिया। हालिडे ने हाफ सेंचुरी भी लगा दी।

### राबेया के आउट होते ही बिखरी पारी

*राबेया और फहीमा ने 44 रन की पार्टनरशिप कर टीम को 100 रन के पार पहुंचा दिया। राबेया 25 रन बनाकर आउट हुईं, उनके बाद निशिता अख्तर निशी 5 और फहीमा 34 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। इसी के साथ बांग्लादेश 39.5 ओवर में 127 रन पर सिमट गईं। न्यूजीलैंड के लिए तेज गेंदबाज ली तहुहु और जेस केर ने 3-3 विकेट लिए। रोजमैरी मेयर को 2 विकेट मिले। लेग स्पिनर अमीलिया केर और ईडन कार्सन ने 1-1 विकेट लिया। सोफी डिवाइन, मैडी ग्रीन और ब्रूक हालिडे कोई विकेट नहीं ले सकीं।*

## आज से जोहोर कप

### भारत और ब्रिटेन में पहला मुकाबला

**जोहोर बाहरु।** भारतीय जूनियर हॉकी टीम शनिवार से शुरू होने वाले सुल्तान जोहोर कप में दमदार प्रदर्शन करके आगामी जूनियर विश्व कप के लिए अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेगी।



जोहोर कप में भारत का पहला मुकाबला शनिवार को ग्रेट ब्रिटेन से होगा। कोच श्रीजेश का मानना है कि सुल्तान जोहोर कप, 28 नवंबर से चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप से पहले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ अपने कौशल को परखने के लिए युवा खिलाड़ियों को शानदार मंच प्रदान करेगा। भारत के दिग्गज गोलकीपर ने कहा, 'सुल्तान जोहोर कप हमारे लिए हमेशा से एक विशेष टूर्नामेंट रहा है।

### 15 अक्टूबर से शुरू होगी रणजी ट्रॉफी, दिल्ली ने किया टीम का ऐलान

# बडोनी को दिल्ली की कमान,नीतीश की टीम में वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली ने हैदराबाद के खिलाफ 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मैच के लिए शुक्रवार को 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें आयुष बडोनी को कप्तान और यश ढुल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की चयन समिति ने नीतीश राणा को भी टीम में शामिल किया है। राणा उत्तर प्रदेश के साथ कुछ समय तक खेलने के बाद दिल्ली की टीम में वापस आ गए हैं।

डीडीसीए सचिव अशोक शर्मा ने बताया, 'चयनकर्ताओं ने 24 खिलाड़ियों को इसलिए चुना है क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे प्रत्येक मैच में चयन के लिए एक बड़ा पूल हमेशा उपलब्ध रहता है। जब हम दिल्ली में घरेलू मैच खेलेंगे, तो हम इसे घटाकर 15 कर देंगे।'



राणा की वापसी पर शर्मा ने कहा, 'वह एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और चयनकर्ता उन्हें परखना चाहते थे। अगले मैच में हम ऋषभ पंत के खेलने की उम्मीद कर रहे हैं।

### लाल गेंद से खेलने के लिए पूरी तरह फिट नहीं राणा

*'डीडीसीए के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि राणा लाल गेंद के प्रारुप में खेलने के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। अधिकारी ने कहा, 'नीतीश राणा लाल गेंद से खेलने के लिए भी पूरी तरह फिट नहीं हैं, फिर भी उन्हें टीम में शामिल किया गया है।' भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) केवल 15 खिलाड़ियों को ड्रेसिंग रूम में जाने की अनुमति देता है। इस बारे में पूछे जाने पर डीडीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'मैच के लिए चुने गए 15 खिलाड़ियों के अलावा अन्य नौ खिलाड़ी चार दिन टीम होटल में बिताएंगे।' यह भी पता चला है कि कोचिंग स्टाफ या चयन समिति में से किसी को भी अनुबंध नहीं दिया गया है।*

### मुंबई के कप्तान बने शार्दुल ठाकुर

**मुंबई।** शार्दुल ठाकुर को मुंबई का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि सरफराज खान और अजिंक्य रहाणे को भी जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2025-26 सत्र के पहले मैच के लिए 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। ठाकुर को रहाणे की जगह मुंबई का कप्तान बनाया गया है, जिन्होंने नया सत्र शुरू होने से पहले अपना पद छोड़ दिया था। रणजी ट्रॉफी में 42 बार की चैंपियन मुंबई की टीम सत्र के अपने पहले मैच में 15 से 18 अक्टूबर तक श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगी। मुंबई को हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हैदराबाद, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पांडिचेरी के साथ एलीट ग्रुप डी में रखा गया है।

# एसीसी ऑफिस में बंद एशिया कप ट्रॉफी पीसीबी चीफ नकवी ने दिए सख्त निर्देश



एजेंसी ▶▶| लाहौर

एशिया कप ट्रॉफी को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब कहा जा रहा है कि एशिया कप ट्रॉफी को एशियाई क्रिकेट परिषद के दुबई स्थित मुख्यालय में बंद कर दिया गया है। एसीसी प्रमुख मोहसिन नकवी ने निर्देश दिया है कि उनकी मंजूरी के बिना इसे स्थानंतरित या भारत को नहीं सौंपा जाना चाहिए। बता दें कि भारतीय टीम ने एशिया कप जीतने के बाद नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। इसके बाद नकवी इसे अपने साथ ले गए थे और तभी से ये ट्रॉफी एसीसी कार्यालय में है। भारत ने 28 सितंबर को दुबई में एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को हराया था।

मोहसिन नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष और अपने देश के गृह मंत्री भी हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। वहीं नकवी के एक करीबी सूत्र ने बताया कि आज की स्थिति में ट्रॉफी दुबई में एसीसी कार्यालय में है और नकवी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि उनकी मंजूरी और व्यक्तिगत उपस्थिति के बिना इसे किसी को नहीं सौंपा जाना चाहिए।

निगम आयुक्त ने संस्कृति ने शहर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए दिए निर्देश

# शहर में वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए असरदार कार्रवाई तय करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए असरदार कार्रवाई तय होना चाहिए। सड़कों से धूल-मिट्टी पूरी तरह से साफ कराने, गड्ढामुक्त सड़क बनाने के लिए सड़कों का सर्वे कराने, रोड चौड़ीकरण प्राथमिकता के आधार पर कराने, फुटपाथों, चौराहों, रोटरियों के आसपास बेहतर ढंग से सफाई व आवश्यकतानुसार मरम्मत कराने, निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट लगवाने की व्यवस्था सख्ती से करें।

यह बात निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने शुक्रवार को नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत शहर में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए किए जा रहे कामों की समीक्षा के दौरान कही।

## सड़कों का सर्वे कराने, चौराहों के आसपास बेहतर सफाई हों



जैन ने मेकेनाईज्ड रोड स्वीपिंग मशीनों की बेहतर ढंग से मॉनीटरिंग व प्रभावी संचालन तय करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी ब्रिजेश शर्मा व जैनेन्द्र चंदेल, निगम के अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान, प्रभारी मुख्य अभियंता उदित गर्ग, कार्यपालन यंत्री आरके त्रिवेदी, बीसीएलएल के प्रभारी प्रबंधक रोहित यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सी-एंड-डी वेस्ट सड़कों पर फेंकने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें: आयुक्त

शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाएं और सड़कों पर सी-एंड-डी वेस्ट व कचर-गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाई की जाए। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने यह निर्देश शुक्रवार को शहर की साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। उन्होंने रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराने, सफाई मित्रों की कार्यस्थल पर पूरे गणवेश में उपस्थिति सुनिश्चित कराने, कचरा वाहनों का अधिक से अधिक उपयोग करने, निर्धारित रूट व समय का पालन न करने वाले कचरा वाहनों एवं अनुपयोगी वाहनों, वाहन चालकों एवं हेल्परों की पृथक-पृथक जोन एवं वार्डवार सूची बनाने, लिटरबिन की सफाई रात्रि में ही कराने, रोड स्वीपिंग की प्रभावी मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम आयुक्त जैन ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का अवलोकन किया।

### 15 दिन में शहरभर से सी-एंड-डी वेस्ट उठवाने के निर्देश

निगम आयुक्त जैन ने आगामी 15 दिवस में पूरे शहर से सी-एंड-डी वेस्ट उठवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त जैन ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का अवलोकन किया और स्क्रीन पर कचरा वाहनों की मॉनीटरिंग की प्रक्रिया को देखा एवं इसके संबंध में जानकारी प्राप्त की।

## लोक निर्माण विभाग को जारी किया नोटिस

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के गत दिवस भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देश पर गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के कार्यपालन यंत्री ने लोक निर्माण विभाग को तत्काल नोटिस जारी कर दिया। दरअसल आयुक्त को जेके रोड के भ्रमण के दौरान रोड किनारे जगह-जगह निर्माण सामग्री के ढेर मिले थे, जिस पर उन्होंने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे। नगर निगम में गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के कार्यपालन यंत्री बृजेश कौशल ने बताया कि गुरुवार को ही लोक निर्माण विभाग को नोटिस जारी कर दिया था। नोटिस में दो नए बिंदु भी बढ़ा दिए हैं, जिनमें ड्रेनेज सिस्टम और रोड किनारे ग्रीन बैल्ट को भी ठीक करने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि जेके रोड पर इन दिनों फुटपाथ निर्माण और ग्रीन बेल्ट को दुरुस्त करने का काम चल रहा है। यह काम लोनिवि द्वारा करवाया जा रहा है।

राज्य में नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध ड्रग व्यापार और मादक फसलों की खेती पर रोक लगाने के लिए समन्वित कार्य करेगी

# छिंदवाड़ा और बैतूल में बच्चों की मौत का मामलाः ड्रग कानून एंफोर्समेंट नशीली दवा का दुरुपयोग रोकने कमेटी बनी, चीफ सेक्रेट्री होंगे अध्यक्ष

- केंद्रीय एजेंसियों के प्रतिनिधि और राज्य सरकार के अफसर सदस्य बने और तस्करी पर भी रखेंगे नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




छिंदवाड़ा और बैतूल में कफ सिरप से हुई बच्चों की मौत के मामलों के बाद राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति राज्य में नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध ड्रग व्यापार और मादक फसलों की खेती पर रोक लगाने के लिए समन्वित कार्य करेगी। सरकार के आदेश के अनुसार, यह समिति ड्रग कानूनों के प्रभावी प्रवर्तन और नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए प्रदेश के विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगी। राज्य सरकार का मानना है कि इस समिति के गठन से ड्रग्स नियंत्रण व्यवस्था और एंटी-नार्कोटिक्स एक्शन को मजबूत आधार मिलेगा। साथ ही प्रदेश में हाल में बढ़े कफ सिरप और नशीली दवाओं से जुड़ी घटनाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा सकेगी।

### यह समिति इन प्रमुख कार्यों पर ध्यान देगी

- प्रदेश में नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों की स्थापना को प्रोत्साहन देना।
- नशीली दवाओं का दुरुपयोग रोकने के लिए रणनीति तैयार करना।
- मादक फसलों की अवैध खेती से प्रभावित इलाकों में वैकल्पिक विकास कार्यक्रम तैयार करना।
- भारत सरकार से जुड़ी नीतिगत और क्षेत्रीय समस्याओं का समन्वयपूर्ण समाधान करना।

### समिति में शामिल प्रमुख अधिकारी

- अपर मुख्य सचिव
- प्रमुख सचिव (गृह, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, वन, किसान कल्याण एवं कृषि विकास, वाणिज्यिक कर, शिक्षा विभाग)
- पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, भोपाल
- अतिरिक्त महानिदेशक , इंदौर
- डिप्टी नारकोटिक्स कमिश्नर (उइठ), ग्वालियर
- उप पुलिस महानिरीक्षक, रेल, भोपाल
- पोस्ट मास्टर जनरल
- स्टेट ड्रग कंट्रोलर

### ये भी रहेंगे कमेटी में शामिल

समिति में निदेशक एसएफएसएल, क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा कंपनी, गृह मंत्रालय (खुफिया ब्यूरो) के प्रतिनिधि, क्षेत्रीय प्रमुख प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के प्रतिनिधि, राज्य एड्स नियंत्रण समिति (एसएससीएस) के प्रतिनिधि और सक्षम प्राधिकारी और प्रशासक भी सदस्य होंगे। समिति में क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार डीडीजी कार्यकारी सदस्य और निदेशक नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को सह-सदस्य बनाया गया है।

## निर्माता और सरकारी नुमाइंदों के दोष के आक्रोश का शिकार बन रहे दवा व्यापारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

अगर मध्यप्रदेश सहित देशभर के दवा बाजार में अमानक दवाएं उपलब्ध होती है तो उसका का दोषी प्रशासन और निर्माता है, क्योंकिमैन्युफैक्चरिंग इकाई को सरकार का संबंधित विभाग यानी खाद्य एवं औषधि सुरक्षा प्रशासन के उच्च अधिकारियों द्वारा परिक्षण किया जाता है और फिर बाजार में सप्लाई की अनुमति दी जाती है।

अतः विभागीय अधिकारियों के निगरानी के पश्चात दवाओं को कंपनी दवा बाजार के थोक व्यापारी और फिर थोक व्यापारी मेडिकल दुकानों तक पहुंचाता है। अतःनिर्माता और सरकारी नुमाइंदों के दोष के आक्रोश का शिकार दवा व्यापारियों को बनना और उनकी दुकानों को बंद करने का दबाब डालना न्यायोचित नहीं हैं। यह कहना कि मध्यप्रदेश केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन अध्यक्ष गौतम चंद थींग, महासचिव राजीव सिंघल का।

पदाधकारियों ने कहा कि एफडीए दवाओं की गुणवत्ता पर नियंत्रण को सुनिश्चित करने के लिए मानकों को लागू करता है कि हर बैच में गुणवत्ता और शुद्धता के उच्च मानकों को पूरा किया जाए। इसके साथ एफडीए दवा कंपनियों द्वारा पालन किए जाने वाले वर्तमान अच्छे विनिर्माण अभ्यासों को नियंत्रित करता है।

### दुकानदारों को कोप का भाजन बनाने उचित नहीं

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि छिंदवाड़ा में घटित कप सिरप घटनाक्रम के बाद यह बात स्पष्ट हो गई है कि अमानक दवाओं के दोष निर्माता और खाद्य एवं औषधि सुरक्षा प्रशासन के अधिकारी हैं। इसके बावजूद दवा विक्रेताओं की दुकानों को सील करना उचित नहीं हैं। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और प्रदेश की औषधि आपूर्ति व्यवस्था को बाधित करने वाली स्थिति उत्पन्न कर रही है।

### निर्दोष दवा विक्रेताओं पर दमनात्मक कार्रवाई बर्दाश्त नहीं होगी

पदाधिकारियों ने कहा कि तमिलनाडु शासन की जांच में भी स्पष्ट हुआ है कि विवादित औषधि के निर्माण में गंभीर त्रुटियां निर्माता कंपनी की थीं, जिनका दवा विक्रेताओं से कोई संबंध नहीं। अब निर्दोष दवा विक्रेताओं पर दमनात्मक कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्थिति जारी रही तो संगठन को विरोध करने के लिए बाध्य होगा।

## छिंदवाड़ा कफ सिरप कांडः डॉक्टरों ने कहा डॉक्टर उपचार करता है, दवा नहीं बनाता




### डॉ. प्रवीण सोनी की गिरफ्तारी के विरोध में उतरे प्रदेश के डॉक्टर्स

छिंदवाड़ा में मिलावटी कफ सिरप से मासूम बच्चों की मौत के मामले में डॉ. प्रवीण सोनी की गिरफ्तारी के खिलाफ शुक्रवार को हमीदिया अस्पताल में प्रदेशभर के चिकित्सकों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। हमीदिया अस्पताल परिसर में आयोजित विरोध प्रदर्शन में डॉक्टरों ने कहा कि डॉक्टर को बलि का बकरा बनाया जा रहा है, जबकि दवाओं की गुणवत्ता और उत्पादन की जिम्मेदारी एफडीए (फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) की है। चिकित्सा महासंघ, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, यूनाइटेड डॉक्टर्स फेडरेशन, नर्सिंग होम एसोसिएशन और अन्य संगठनों ने डॉ. प्रवीण सोनी की गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट की जैकब मैथ्यू केस में दी गई गाइडलाइंस का उल्लंघन बताया। प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीया, डॉ. अशोक ठाकुर, डॉ. रितेश तंवर, डॉ. राजेश टिक्कस सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों ने कहा कि डॉक्टर का कार्य केवल इलाज करना होता है, न कि दवा बनाना या उसकी गुणवत्ता जांचना।

### डॉक्टरों की मांगें

- डॉ. प्रवीण सोनी की गिरफ्तारी अवैध है, उन्हें अविलंब रिहा किया जाए।
- एफडीए म.प्र. के जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।
- सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के अनुसार चिकित्सकीय मामलों में गिरफ्तारी से पहले तकनीकी अभिमत अनिवार्य हो।

जीएमसी में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

## यह गलत धारणा, भूत-प्रेत की वजह से नहीं होता मानसिक रोगः डॉ. जीपी अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में 13.9 प्रतिशत आबादी मानसिक रोग से ग्रस्त है, पर जागरुकता के अभाव में ट्रीटमेंट गैप 90 प्रतिशत से भी अधिक है। यह जानकारी गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के मानसिक रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जेपी अग्रवाल ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी। डॉ अग्रवाल ने मानसिक रोगों से बचाव एवं उपचार के तरीके बताए।

जीएमसी की सह-प्राध्यापक डॉ. रुचि सोनी ने कार्यक्रम में गंभीर एवं सामान्य मानसिक रोगों की जानकारी दी। वहीं विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. समीक्षा साहू ने बच्चों से संबंधित मानसिक रोगों के लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए डिजिटल एडिक्शन के बढ़ते खतरे से सावधान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनीत अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि जिला विधिक अधिकारी बीएम सिंह एवं गेस्ट ऑफ



ऑनर जीएमसी डीन डॉ. कविता एन सिंह एवं विभागाध्यक्ष, मनोचिकित्सा विभाग डॉ. जेपी अग्रवाल ने संबोधित किया। जीएमसी डीन डॉ. कविता एन सिंह ने मानसिक स्वास्थ्य का महत्व समझाते हुए सभी को धर्म एवं आध्यात्म के माध्यम से प्रसन्न रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अगर हम प्रत्येक दिन सुबह एवं रात में सोने से पहले ईश्वर के प्रति धन्यवाद प्रकट करेंगे तो ये हमें मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करेगा। मानसिक रोग विभाग में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 कि थीम आपदाओं एवं आकस्मिकता के समय मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

## वीआईपी रोड से युवक ने तालाब में लगाई छलांग

**भोपाल।** तलैया थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड पर गुरुवार रात एक युवक ने तालाब में छलांग लगा दी। उसे तालाब में छलांग लगाते हुए कुछ लोगों ने पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब एक घंटे बाद ही युवक को बाहर निकाल लिया। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या से जुड़ा नजर आ रहा है। हालांकि परिजन से पूछताछ में आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार रात करीब 11 बजे सूचना मिली थी कि राजा भोज की प्रतिमा के पास एक युवक ने बड़े तालाब में छलांग लगा दी है। पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से तालाब में सर्चिंग कराई। करीब तीस मिनट बाद ही गोताखोरों ने युवक का शव बाहर निकाल लिया। उसकी पहचान ताज अली पिता अय्युब अली (19) बाग उमराव दुल्हा ऐशबाग में रहता था और प्राइवेट काम करता था। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन से पूछताछ में भी आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है।

## छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले दोषी को 2 वर्ष की सजा

**भोपाल।** ट्यूशन पढने आई जूनियर छात्रा के साथ सीनियर छात्र करन यादव द्वारा अश्लील छेड़छाड़ किए जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश श्रीमती नीलू संजीव श्रंगीऋषि ने भादंसं की धारा-354 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष के सश्रम कारावास कारावास और 3000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन अनुसार एक निजी कॉलेज से फिजियोथेरेपी की पढ़ाई कर रही छात्रा के साथ आरोपी ने ट्यूशन पढ़ाने के बहाने 16 जुलाई 2022 को थाना कोलार रोड अंतर्गत बी ब्लॉक सागर प्रीमियम टॉवर कोलार रोड स्थित फ्लैट पर अश्लील छेड़छाड़ की थी। घटना से डरी-सहमी छात्रा ने घटना के 5 दिन के बाद आरोपी छात्र के विरूद्ध थाना कोलार रोड में शिकायत की थी । पुलिस थाना कोलार रोड ने फरियादी छात्रा की शिकायत पर आरोपी छात्र के विरुद्ध अश्लील छेड़छाड़ और दुष्कर्म का प्रयास करने के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विशेष न्यायालय में आरोपी के विरुद्ध अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

## ट्रेन की पेंट्रीकार में बिक रही थी अनअप्रूव पानी की बोतल, तत्काल डिस्पोजल कराई

*रानी कमलापति-इटारसी सेक्शन का डीआरएम ने किया निरीक्षण*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डीआरएम पंकज त्यागी द्वारा शुक्रवार को रानी कमलापति से इटारसी रेल खंड का निरीक्षण किया गया। डीआरएम ने गाड़ी संख्या 19483 अहमदाबाद- सहरसा एक्सप्रेस के पेंट्रीकार की जांच की। इस दौरान अनअप्रूव पानी की बोतल की बिक रही थी। उन्होंने तत्काल डिस्पोजल कराई, तो वहीं ट्रेन में गंदगी देखकर स्टाफ को फटकार लगाई। साथ ही आन बोर्ड सफाई कमचारियों के पहचान पत्र की भी जांच की एवं साफ-सफाई की सुनिश्चिति के निर्देश दिए।

### अमृत भारत स्टेशन योजना की गुणवक्ता की जांच की

डीआरएम ने इटारसी ने विशेष रूप से इटारसी रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निमार्णाधीन कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण, खानपान स्टालों की जांच, साफ-सफाई, त्योहारों के मद्देनजर यात्री सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि की गहन जांच की। संबंधित अधिकारियों को विशेष रूप से त्योहारी सीजन को देखते हुए इटारसी स्टेशन पर समुचित यात्री सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त डीआरएम ने इटारसी एसी शेड एवं डीजल शेड का भी निरीक्षण किया। डीआरएम ने इटारसी में स्थित रनिंग रूम में लोको पायलटो को मुहैया की जाने वाली सुविधाओं की भी जांच की, जिससे रनिंग स्टाफ को ट्रेन संचालन के पश्चात रनिंग रूम में बेहतर आराम मिल सके एवं ट्रेनों का सुरक्षित रूप से संचालन सुनिश्चित हो सके।

कठपुतली कला से दर्शकों का किया मनोरंजन

## भक्त केवट ने धोए प्रभु श्रीराम के चरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जनजातीय लोक कला अकादमी ने जनजातीय संग्रहालय के मुक्ताकाश मंच पर पांच दिवसीय पुतुल समारोह का आयोजन किया गया। जहां विभिन्न राज्यों से आए कठपुतली कलाकारों ने रामायण के प्रसंग पेश किए, जिसको देखकर यहां बैठे दर्शन भाव-विभोर हो गए। इसमें भक्त केवट द्वारा भगवान राम के चरण धोने प्रसंग को कठपुतली के माध्यम से दिखाया गया।

कार्यक्रम में शाहजहांपुर से आए कप्तान सिंह की टीम ने रामायण के प्रसंग पर आधारित प्रस्तुति दी। मंच पर कैकई-मंथरा संवाद, श्रीराम-वनवास प्रसंग, केवट संवाद, सूर्पणखा-लक्ष्मण संवाद और सीता हरण जैसे प्रसंग कठपुतली कला के माध्यम से जीवंत हुए।

संवादों के साथ कठपुतलियों की अभिव्यक्ति, प्रकाश व्यवस्था और पार्श्व संगीत का ऐसा संगम देखने को मिला मानो रामायण के पात्र स्वयं मंच पर उतर आए हों। कैकई-मंथरा संवाद में मंथरा के कुचक्र का चित्रण दर्शकों को स्तब्ध कर गया, वहीं राम-वनवास और केवट संवाद ने भावनाओं की गहरी छाप छोड़ी। सीता हरण का दृश्य प्रकाश और ध्वनि प्रभावों के साथ प्रभावशाली साबित हुआ।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930